# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 26 अगस्त 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 290 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ चुनाव तक हमें चांद चाहिए!
■ कृषि नीति के बुने जाल... 04
■ ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं...
■ चीन बांग्लादेश में बाहरी हस्तक्षेप का करता... 09
■ एनएमसी का बदला फैसला, अब जेनेरिक...
■ शेयर बाजार में तगड़ी गिरावट 11
■ पेरिस ओलंपिक में पहुंचे...
■ आईसीसी विश्वकप... 10



## प्रधानमंत्री को ग्रीस ने अपने दूसरे सबसे बड़े सम्मान से नवाजा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद एक दिन के ग्रीस दौरे पर हैं। वहीं ग्रीस ने श्री मोदी को अपने दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार से नवाजा है। ग्रीस की राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'ग्रैंडक्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया है। श्री मोदी ने सम्मान पाने के बाद ट्वीट कर कहा- ये ग्रीस के लोगों का भारत के प्रति सम्मान दर्शाता है।

# वायु सेना को मिलेंगे नए वर्जन के 100 तेजस विमान

**नई दिल्ली।** बदलती तकनीक से साथ भारतीय वायु सेना भी अब बदलाव से गुजर रही है। छह दशक पुराने रूसी फाइटर जेट मिग-21 की जगह लेने के लिए सरकरा फाइटर जेट तेजस के नए वर्जन का चयन करने की तैयारी कर रही है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, 100 तेजस मार्क-1ए की आपूर्ति पहले ही भारतीय वायु सेना की तरफ से राज्य के स्वामित्व वाली विनिर्माण कंपनी बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को प्रदान की जा चुकी है। लंबी परीक्षण अवधि के बाद, केंद्रीय कैबिनेट सुरक्षा समिति ने 2021 की शुरुआत में 83 स्वदेशी रूप से विकसित हल्के लड़ाकू जेट मार्क-1ए की खरीद को मंजूरी दे दी। इसके बाद एचएएल ने व्यावसायिक आधार पर इसका प्रोडक्शन शुरू किया। वायुसेना सूत्रों के मुताबिक, स्वदेशी तकनीक वाले हल्के लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल मुख्य रूप से 60 के दशक के रूसी मिग-21 के रिप्लेसमेंट के रूप में किया जाएगा। वायु सेना के एक अधिकारी ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में 300 से अधिक तेजस लड़ाकू विमानों को लड़ाकू स्क्वाड्रन में शामिल किया जाएगा। चौथी पीढ़ी के लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट क्लास का >>शेष पृष्ठ 2 पर





## मुख्यमंत्री के जबलपुर में जनदर्शन कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**जबलपुर, देशबन्धु।** अपने जबलपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनदर्शन कार्यक्रम किया। यह जनदर्शन यात्रा शीतलामाई मंदिर से शुरू हुई और नगर के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में पहुंची। इस दौरान कदम-कदम पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का उत्साह के साथ भीड़ भरा स्वागत हुआ। अनेक स्थानों पर लाडली बहनाओं ने उन्हें राखी भेंट की और उत्साही कार्यकर्ताओं-नागरिकों ने पुष्प वर्षा करते हुए समर्थन में नारे बुलंद किये। इसके बाद मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए।

### सार संक्षेप

## हिमाचल के मंडी में बादल फटा, बद्दी में पुल दो हिस्सों में बंटा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बीते 48 घंटों में बारिश के चलते काफी नुकसान हुआ। मंडी में बादल फटने से 51 लोग फंस गए। एडीआरएफ की टीम ने सभी को सुरक्षित बचा लिया। दूर-दराज इलाकों में भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर से खाने-पीने का सामान और जरूरी दवाएं पहुंचाई जा रही हैं। उधर बद्दी जिले में बारिश के चलते बालद नदी में उफान आ गया और पुल दो हिस्सों में टूट गया। मौसम विभाग ने हिमाचल में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। सिक्किम और पश्चिम बंगाल में रेड और असम, बिहार और अरुणाचल प्रदेश में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## चांद पर लैंडर ने रोवर प्रज्ञान के साथ ली सेल्फी



**बेंगलुरु, एजेंसी।** चंद्रयान 3 की चांद पर सफल लैंडिंग के बाद लैंडर कई फोटो जारी कर चुका है। लैंडर के लैंडिंग की फोटो के बाद अब प्रज्ञान रोवर के उससे बाहर निकलते हुए सेल्फी सामने आई है। इसरो ने शुक्रवार को चंद्रयान-3 मिशन के रोवर प्रज्ञान का लैंडर विक्रम से चंद्रमा की सतह तक निकलने का एक मनमोहक वीडियो जारी किया, जिसे लैंडर इमेजर कैमरे द्वारा लिया गया।

### चंद्रयान-2 ऑर्बिटर ने कहा- मैं आपकी जासूसी कर रहा हूं...

**इसरो ने जारी किया वीडियो**-अंतरिक्ष एजेंसी इसरो द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो के साथ संदेश में कहा गया है, चंद्रयान -3 रोवर लैंडर से चंद्रमा की सतह तक कैसे पहुंचा, इसे देखें। इसरो ने चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के बाद चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर द्वारा हाई रेजोल्यूशन कैमरा (ओएचआरसी) द्वारा ली गई लैंडर की तस्वीर भी जारी की।

इसरो ने इसके साथ ही चंद्रयान-2 ऑर्बिटर द्वारा चंद्रयान-3 लैंडर की फोटो >>शेष पृष्ठ 2 पर

## 'इण्डिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट-2022' में मध्यप्रदेश को मिले 13 अवार्ड

### बेस्ट स्टेट अवार्ड भी मध्यप्रदेश को ही मिला

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई

### जबलपुर को 2 अवार्ड

**भोपाल, देशबन्धु।** इण्डिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट-2022 में उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर मध्यप्रदेश की 5 स्मार्ट सिटी को विभिन्न श्रेणी में 13 अवार्ड मिले हैं। मध्यप्रदेश को बेस्ट स्टेट का अवार्ड मिला है। इंदौर नेशनल स्मार्ट सिटी अवार्ड में प्रथम स्थान पर है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस उपलब्धि के लिये स्मार्ट सिटी के नागरिकों और विभागीय अधिकारियों को बधाई दी है।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा है कि यह अवार्ड्स मुख्यमंत्री श्री चौहान के कुशल मार्गदर्शन में किये गये कार्यों के कारण मिले हैं। संयुक्त सचिव एवं मिशन डायरेक्टर स्मार्ट सिटीज मिशन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार श्री कुणाल द्वारा 25 अगस्त को अवार्ड्स के परिणाम घोषित किये गये हैं। प्रोजेक्ट अवार्ड्स में स्मार्ट सिटी इंदौर को 5, >>शेष पृष्ठ 2 पर

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर
epaper.deshbandhump.com
वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा-सुनती हो**-वीडियो वायरल होने के बाद डबरा विधायक कह रहे हैं उनके साथ साजिश हुई, पहले से फोन आ रहें थे।

**चुहिया- हां प्रिये**- जांच से ही पता चलेगा सच क्या है? लेकिन जब फोन आ रहे थे तभी शिकायत की जा सकती थी।

## मणिपुर हिंसा : सीबीआई से जुड़े मामलों का ट्रायल असम में करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा को लेकर सर्वोच्च अदालत ने दिशा निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने सीबीआई से जुड़े मामलों का ट्रायल असम में करने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने पीड़ितों की सुविधा को देखते हुए कहा कि वो अपने बयान ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। हालांकि कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई पीड़ित असम जाकर अपना बयान दर्ज कराने का इच्छुक है तो वो ऐसा कर सकता है।



सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने ये आदेश जारी किया। सॉलीसिटर जनरल ने इससे पहले उनको आश्वस्त किया था कि असम में इंटरनेट सुविधाओं को चाकचौबंद हैं। किसी भी पीड़ित को ऑनलाइन बयान दर्ज कराने में परेशानी नहीं आएगी। सीनियर एडवोकेट कॉलिन गोंजाल्विस और वृंदा ग्रोवर ने सुप्रीम कोर्ट से दरख्वास्त की थी कि पीड़ितों को बार बार असम न जाना पड़े, ये चीज उच्चतम न्यायालय सुनिश्चित करे।

### मणिपुर में भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में एक बार फिर सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए हैं। सुरक्षा बलों को तलाशी अभियान के दौरान इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों से चार आग्नेयास्त्र, 38 गोला-बारूद और आठ बम मिले हैं। मणिपुर पुलिस नियंत्रण कक्ष द्वारा गुरुवार रात जारी एक बयान में कहा गया कि इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, काकचिंग, कांगपोकपी और थौबल जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके दौरान सुरक्षा बलों ने आग्नेयास्त्र, गोला-बारूद और बम बरामद किए।

## केरल और बिहार के सड़क हादसों में 14 की मौत

### वायनाड में जीप खाई में गिरी, नौ मृत

**वायनाड।** केरल के वायनाड में शुक्रवार को एक जीप पलटकर खाई में जा गिरी। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई और ड्राइवर सहित 4 लोग गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना शाम करीब साढ़े चार बजे थलप्पुझा में कन्नोथमाला के पास हुई। जीप में मजदूर सवार थे जिस खाई में जीप गिरी वह करीब 25 मीटर गहरी है। हादसे में जीप के दो टुकड़े हो गए।

### सारण में नहर में गिरी स्कार्पियो 5 की जान गई

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में शुक्रवार को स्कार्पियो के नहर में गिर जाने से पांच लोगों की डूबकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्कार्पियो पर सवार लोग एक श्राद्ध कर्म से भाग लेकर वापस लौट रहे थे। इस दौरान कर्ण कुदरियां गांव के समीप स्कार्पियो अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई इस घटना में गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र निवासी सूरज प्रसाद, दिनेश सिंह, सुधीर कुमार, लालबाबू साह तथा मशरक थाना क्षेत्र के पदमौल गांव निवासी रामचंद्र साह की डूबकर मौत हो गई।

## अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद डबरा विधायक राजे का पुतला जला, भाजपा बोली कांग्रेस कार्रवाई करे



**ग्वालियर।** डबरा से कांग्रेस विधायक सुरेश राजे का युवक के साथ आपत्तिजनक हालत में वीडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक पारा चढ़ गया है। जहां विद्यार्थी परिषद ने राजे का विरोध करते हुए पुतला जलाया और उनकी सदस्यता खत्म करने की मांग की वहीं भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी व अन्य भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कार्रवाई की मांग की है।

इसी कड़ी में डबरा में छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विधायक सुरेश राजे का पुतला दहन किया। कांग्रेस विधायक सुरेश राजे का युवक के साथ अश्लीलता भरा वीडियो वायरल हुआ था। मामला तूल पकड़ लिया और तमाम तरीके की चर्चाएं आमजनों के बीच हो रही थी। इसके बाद विधायक मीडिया के सामने आए और कहा कि वायरल वीडियो एडिटेड है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो मेरा नहीं है। कुछ लोग मेरी राजनीतिक हत्या करने के इरादे से इस तरीके की हरकत कर रहे हैं। वीडियो वायरल करने वालों ने 50 लाख की मांग की है।

### भारत-चीन सीमा गतिरोध पर बोले राहुल-

## चीन ने हजारों किमी जमीन छीनी



**लद्दाख,(एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को लद्दाख दौरे के आखिरी दिन कारगिल में एक रैली को संबोधित किया। राहुल ने भारत-चीन बॉर्डर पर चल रहे गतिरोध को लेकर कहा कि चीन ने हजारों किमी जमीन हमसे छीनी है। उन्होंने कहा कि दुख की बात है कि मोदी ने विपक्ष की बैठक में कहा कि हिंदुस्तान की एक इंच जमीन नहीं ली गई। लद्दाख के लोग जानते हैं कि चीन ने भारत की जमीन ली है और मोदी सच नहीं बोल रहे हैं। राहुल गांधी ने इस दौरान भाजपा व आरएसएस पर जमकर हमला बोला।

राहुल गांधी ने कहा है कि लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया है, लेकिन वहां लोगों का हक छीनकर उनकी आवाज दबाई जा रही है। मोबाइल नेटवर्क और हवाई सुविधा की कमी। लोगों की राजनीतिक आवाज को नहीं सुना जाता है और राजनेताओं की आवाज को दबाया जा रहा है। लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया, लेकिन लोगों को उनके अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। सेल फोन है, लेकिन नेटवर्क नहीं होता। एयर पोर्ट है, लेकिन हवाई उड़ान नहीं है।

### कारगिल पहुंचकर शहीदों को किया नमन

लद्दाख की यात्रा कर रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी में कारगिल जाकर शहीदों को शुक्रवार को नमन किया और कहा कि कारगिल सिर्फ एक जगह नहीं बल्कि साहस और बलिदान की वीरगाथा है। हमारे अनेक जवान की कर्मभूमि, उनके साहस और बलिदान की सरजमीं है। यह भारत का गौरव है और हर भारतीय की देश के प्रति जिम्मेदारी का एहसास है। कारगिल युद्ध के सभी वीर सेनानियों और शहीदों को मेरा शत-शत नमन।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

### तैयारी — दो सितंबर को भारत का पहला सूर्य मिशन

## 110 दिन में 15 लाख किमी की दूरी तय का सूर्य तक पहुचेगा आदित्य एल-1

**नई दिल्ली।** चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग करने के बाद इसरो सूर्य पर जाने की तैयारी कर रहा है। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद इसरो के वैज्ञानिक सूर्ययान लॉन्च करने की तैयारी में है।

इसरो के स्पेस एप्लीकेशन डायरेक्टर एम.देसाई ने मीडिया को बताया कि- 2 सितंबर को भारत का पहला सूर्य मिशन श्री हरिकोटा स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। इसरो अपने इस मिशन में सूर्य से निकलने वाली किरणों का अध्ययन करेगा। इसरो ने अपने पहले सूर्य मिशन का नाम आदित्य-एल 1 रखा है।

चंद्रयान-3 को लॉन्च होने के बाद उसकी सफल लैंडिंग में 40 दिन का समय लगा था। आदित्य एल-1 को 2 सितंबर को लॉन्च किया जाएगा। इसरो के मुताबिक इसे सूरज की कक्षा में एल-1 प्वाइंट तक पहुंचने में 110 दिन का समय लगेगा। पृथ्वी के इसकी दूरी करीब 15 लाख किमी है। आदित्य एल-1 को पीएसएलवी रॉकेट से लॉन्च किया जाएगा।



**सूर्य मिशन का नाम आदित्य-एल1 क्यों रखा गया**-इसरो ने चांद पर जाने वाले मिशन का नाम चंद्रयान रखा था। लेकिन इस बार सूर्य पर जाने वाले मिशन का नाम सूरज या सन जैसे शब्दों पर नहीं रखा गया है। इसरो ने बताया कि भारत का यह मिशन सूरज पर उतरने नहीं जा रहा है इसलिए इसके नाम में सूरज या सौर्य शब्द को नहीं जोड़ा गया है। आदित्य-एल 1 सिर्फ सूरज की कक्षा लैग्रेंज बिंदु-1 पर सैटेलाइट के रूप में सूरज के चारों तरफ चक्कर लगाएगा। इसी कारण इसके नाम में एल-1 शब्द को जोड़ा गया है।

**क्या है आदित्य-एल 1 मिशन**-आदित्य-एल-1 मिशन सूरज से निकलने वाले किरणों का अध्ययन करेगा। इस मिशन के तहत इसरो यह पता लगाने की कोशिश करेगा कि सूरज की किरणें अंतरिक्ष में होने वाली गतिविधियों को कैसे प्रभावित करती हैं। आदित्य एल-1 सूरज के फोटोस्फीयर,क्रोमोस्फीयर, बाहरी सतह यानि कोरोना पर नजर रखेगा। सूर्ययान आसपास मौजूद कणों का अध्ययन भी करेगा। सूरज से निकलने वाले इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कणों और चुंबकीय क्षेत्र का भी अध्ययन किया जाएगा।

**मिशन कितने समय तक करेगा काम**-इसरो ने बताया है कि आदित्य-एल1 मिशन करीब 5 साल तक सूरज से निकलने वाली किरणों का अध्ययन करेगा। आदित्य-एल 1 में 7 पेलोड्स लगे हुए हैं जो सूरज से निकलने वाली किरणों का गहन अध्ययन करेंगे। आदित्य-एल 1 मिशन को बनाने में कुल 378 करोड़ रुपये की लागत आई है।

# देश-विदेश

## महबूबा की बेटी को दस साल वेलिडिटी वाला पासपोर्ट मिला

**श्रीनगर ( एजेंसियां )।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री व पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा को 10 साल की वैलिडिटी वाला रेगुलर पासपोर्ट जारी कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने इल्तिजा को अपने ऑफिस में बुलाया और उसे 10 साल की वैलिडिटी वाला रेगुलर पासपोर्ट सौंप दिया। इसके पहले 5 अप्रैल को इल्तिजा को संयुक्त अरब अमीरात में पढ़ाई के लिए दो साल के लिए 'कंट्री स्पेसिफिक पासपोर्ट' जारी किया गया था। पासपोर्ट 5 अप्रैल, 2023 से 4 अप्रैल, 2025 तक वैध था पासपोर्ट पर इस बारे में स्टैंप लगा था। इसके खिलाफ इल्तिजा ने करीब एक महीने पहले हाईकोर्ट में अर्जी लगाई थी।

# ग्रीस व भारत दुनिया की दो प्राचीन सभ्यताएं : मोदी

## कृषि क्षेत्र में सहयोग पर हुए समझौते, -2030 तक द्विपक्षीय व्यापार करेंगे दोगुना

**एथेंस ( एजेंसियां )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोटाकिस के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने के बाद प्रेस को संबोधित किया।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ग्रीस और भारत दुनिया की दो पुरातन सभ्यताओं, दो पुरातन लोकतांत्रिक विचारधाराओं और दो पुरातन व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों के बीच एक स्वाभाविक मेल है। हमारे रिश्ते की बुनियाद प्राचीन और मजबूत है। संयुक्त बयान में मोदी ने कहा हम पुराने दोस्तों की तरह एक-दूसरे को समझते हैं। हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करेंगे। मोदी ने ग्रीस के जंगलों में लगी आग में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी।

ग्रीक के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस ने सबसे पहले पीएम मोदी के भारत आने के निमंत्रण का स्वागत किया और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम अपने समय की चुनौतियों से निपटने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं, खासकर यूक्रेन में उथल-पुथल और युद्ध के दौर में, ऐसे तथ्य जो संयुक्त राष्ट्र से मुद्दों पर आवश्यक बनाते हैं।



## आतंकवाद-साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग पर हुई चर्चा

मोदी ने कहा कि आज कृषि क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में, दोनों देश सैन्य संबंधों के साथ-साथ रक्षा उद्योग को सशक्त बनाने पर सहमत हुए हैं। आगे पीएम मोदी ने बताया कि आज हमने आतंकवाद और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग पर चर्चा की। हमने तय किया है कि एनएसए स्तर का एक संवाद मंच भी होना चाहिए। ग्रीस के प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी मेरे दोस्त हैं। कहा जाता है कि 1+1 = 11 भी होते हैं। यहां हम दोनों देशों के बीच दोस्ती की मिसाल कायम करना चाहते हैं। एक देश अगर दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी है तो दूसरा दुनिया का पहला लोकतंत्र।

चंद्रयान-3 मिशन की कामयाबी के लिए भारत को बधाई। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक रिश्ते हैं। आज वक्त की जरूरत के मुताबिक हम डिफेंस, सिक्योरिटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट जैसे अहम सेक्टर्स में साथ काम कर सकते हैं। दोनों देशों के बीच एनएसए लेवल की बातचीत भी शुरू होगी।

# जी-20 समिट में शामिल नहीं होंगे पुतिन

**मॉस्को, ( एजेंसियां )।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन अगले महीने भारत में होने वाली जी-20 समिट में हिस्सा नहीं लेंगे। क्रेमलिन के स्पोक्सपर्सन दिमित्री पेस्कोव ने इसकी पुष्टि कर दी है। पुतिन ने 2019 में आखिरी बार जापान में हुई जी-20 समिट में इन पर्सन शिरकत की थी। 2020 में रियाद और 2021 में रोम में हुई समिट में भी पुतिन वर्चुअली शामिल हुए थे। 2022 में बाली में हुई समिट में भी रूसी राष्ट्रपति मौजूद नहीं थे। पुतिन की जगह फॉरेन मिनिस्टर सर्गेई लावरोव नई दिल्ली आएंगे। समिट 9 और 10 सितंबर को होगी।

## -रूसी प्रेसिडेंट की जगह विदेश मंत्री कर सकते हैं शिरकत

**ब्रिक्स समिट में भी शामिल नहीं हुए थे**-साउथ अफ्रीका में 22 से 24 अगस्त तक ब्रिक्स समिट हुई। इसमें भी व्लादिमिर पुतिन शामिल नहीं हुए। उनकी जगह फॉरेन मिनिस्टर लावरोव ने ही शिरकत की थी। इस समिट में भी पुतिन के शामिल होने पर आखिरी वक्त तक सस्पेंस था। बाद में होस्ट कंट्री साउथ अफ्रीका ने खुद ही साफ कर दिया था कि रूस के राष्ट्रपति जोहान्सबर्ग नहीं आएंगे। दरअसल, ब्रिक्स समिट में पुतिन के शामिल होने को लेकर होस्ट साउथ अफ्रीका पशोपेश में था। इसकी वजह यह है कि यूक्रेन पर हमले और वॉर क्राइम्स को लेकर रूसी राष्ट्रपति के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट वॉरंट जारी कर चुका है। पुतिन अगर जोहान्सबर्ग आते तो उनकी गिरफ्तारी का खतरा था। लिहाजा, साउथ अफ्रीकी और रूसी सरकार के बीच एग्रीमेंट हुआ और इसके बाद पुतिन की गैरमौजूदगी के बारे में जानकारी दी गई।

# जून में एनपीएस में जुड़े 54 हजार से अधिक कर्मी

**नई दिल्ली।** मौजूदा वर्ष के जून में राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) में 54 हजार से अधिक, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में 10 लाख से अधिक और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में 15 लाख से अधिक कर्मी शामिल किए गए हैं। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां जारी आंकड़ों में बताया कि जून 2023 में एनपीएस में कुल 54 हजार 715 कर्मचारी शामिल हुए हैं। इनमें केंद्र सरकार में 8398, राज्य सरकारों में 18 हजार 661 और गैर सरकारी संस्थानों में 14 हजार 395 कर्मचारी जोड़े गए हैं। आलोच्य माह में ईपीएफओ में 10 लाख 14 हजार 229 कर्मचारी जोड़े गये हैं।

# तेलंगाना में भूकंप के झटके महसूस किए गए

**हैदराबाद।** तेलंगाना के वारंगल से 127 किमी पूर्व में शुक्रवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.6 तीव्रता मापी गयी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार भूकंप आज सुबह लगभग 04:43 बजे राज्य के वारंगल से 127 किलोमीटर पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए।


# मिजोरम पुल हादसे की जांच को चार सदस्यीय कमेटी गठित

- रेलवे को एक महीने के भीतर रिपोर्ट देगी कमेटी
- हादसे में अब तक 22 लोगों की जा चुकी है जान

**आइजोल, ( एजेंसियां )।** रेल मंत्रालय ने मिजोरम के आइजोल जिले में एक निर्माणाधीन रेलवे पुल के ढहने के कारणों के जांच के लिए चार सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है। इस हादसे में अब तक 22 लोगों की मौत हो चुकी है। कमेटी को एक महीने के भीतर जांच की रिपोर्ट देने को कहा गया है। इन चार सदस्यी कमेटी में आरडीएसओ के बीपी अवस्थी, आईआईटी दिल्ली के डॉ. दिप्ती रंजन साहू, आईआरआईसीएन के शरद कुमार अग्रवाल और एनएफ रेलवे के मुख्य ब्रिज इंजीनियर संदीप शर्मा का नाम शामिल हैं। रेलवे बोर्ड की वर्क्स-एक शाखा समिति के कामकाज और रेलवे बोर्ड द्वारा विचार के रिपोर्ट प्रस्तुत करने, समिति की सिफारिश के कार्यान्वयन और सभी संबंधित मुद्दों के लिए मोडल शाखा होगी। आइजोल के करीब बैराबी-सैरांग में बुधवार को निर्माणाधीन रेलवे पुल के गिरने से 22 लोगों की मौत तो वहीं तीन अन्य घायल हो गए थे। गुरुवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत मलवे से चार मृत शरीर बाहर निकाला गया। हालांकि, अभी भी एक मजदूर के गायब होने की आशंका जताई जा रही है। सभी पीड़ित पश्चिम बंगाल के मालदा के रहने वाले थे। इस घटना के दौरान 26 मजदूर घटनास्थल पर मौजूद थे।

रेलवे ने बताया कि निर्माणाधीन पुल पर गैलेंट्री के गिरने के कारण पुल ढह गया था। प्रधानमंत्री ने इस हादसे में मरने वालों के परिजनों को दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की है। वहीं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुआवजे के तौर पर मरने वालो को 10 लाख और घायलों को पचास हजार रुपये देने का वादा किया है।

# बाल-बाल बचा अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन , टुकड़े-टुकड़े होकर धरती पर गिरने वाला था



**वाशिंगटन।** 24 अगस्त 2023 को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन बाल-बाल बचा है. उसकी तरफ भारी मात्रा में अंतरिक्ष का कचरा आ रहा था. वह भी तेज गति से. इससे बचने के लिए स्पेस स्टेशन में लगे रूसी मॉड्यूल के इंजन और थ्रस्टर्स को 21.5 सेकेंड के लिए ऑन किया गया. नासा ने इसकी पुष्टि भी की है.

नासा ने अपने ईमेल में लिखा है कि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन सर्विस मॉड्यूल के इंजन को 21.5 सेकेंड्स के लिए ऑन किया गया था. ताकि पूरे स्पेस स्टेशन को उसकी ऑर्बिट में आ रहे कचरे से बचाया जा सके. स्पेस स्टेशन को करीब 1640 फीट नीचे गिराया गया. आमतौर पर यह 400 किलोमीटर की ऑर्बिट में चक्कर लगाता है.

1999 के बाद से अब तक स्पेस स्टेशन की दिशा और ऊंचाई में 30 बार से ज्यादा करेक्शन किए गए हैं. यानी उसे ऊपर या नीचे किया गया है. ताकि अंतरिक्ष के कचरों से बचाया जा सके. वैसे 24 साल से अंतरिक्ष में वैज्ञानिकों की प्रयोगशाला बना हुआ स्पेस स्टेशन साल 2030 में काम करना बंद कर देगा. एक साल के अंदर ही उसे प्रशांत महासागर में गिरा दिया जाएगा.

स्पेस स्टेशन की जिंदगी अब सिर्फ 7 साल बची है. बची क्या है... बस उसे चलाया जा रहा है. नासा ने पिछले साल घोषणा की थी कि यह स्पेस स्टेशन 8 साल बाद काम करना बंद कर देगा. 2030 में यहां से एस्ट्रोनॉट्स चले आएंगे. साल 2031 तक यह प्रशांत महासागर के किसी सुदूर निर्जन इलाके में गिरा दिया जाएगा. साल 1998 में इसे लॉन्च किया गया था. तब से लेकर यह हर दिन धरती के 16 चक्कर लगाता है. दिसंबर 2020 तक यह कुल मिलाकर 131, 440 चक्कर लगा चुका है. चक्कर लगाने की गति भी बहुत भयानक है. यह एक सेकेंड में 7.66 किलोमीटर की दूरी तय करता है. यानी 27,600 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार. 4.44 लाख किलोग्राम वजनी स्पेस स्टेशन की चौड़ाई 357.5 फीट और लंबाई 239.4 फीट है.

नासा का प्लान है कि वह इसे जनवरी 2031 में इसे प्रशांत महासागर के प्वाइंट निमो में गिराएंगे. ताकि यह जमीन से करीब 2700 किलोमीटर समुद्र में गिरे. यहीं पर उसकी कब्र बनेगी. यह जगह पुरानी स्पेस स्टेशन, पुरानी सैटेलाइट्स और अन्य अंतरिक्षीय कचरे के लिए ही निर्धारित की गई है. प्वाइंट निमो के आसपास किसी जहाज का आना-जाना वर्जित है. न हवा में न पानी में. आसपास कोई रहने लायक स्थान नहीं है. यहां पर किसी तरह की इंसानी गतिविधि नहीं होती. यहां से कोई भी इंसानी सभ्यता कम से कम 2700 किलोमीटर की दूरी पर ही मिलती है. गिराने से पहले ढ्रुस्स से सारी काम की चीजों को हटाया जाएगा. उन्हें प्राइवेट सेक्टर के स्पेस स्टेशन पर ले जाया जाएगा. यह काम स्पेस स्टेशन के गिरने तक जारी रहेगा. इस काम में करीब 1.3 बिलियन डॉलर्स यानी 97,116,630,000 करोड़ रुपये का खर्च आएगा.

## पार्टी में टूट की आशंकाओं के बीच बोले शरद पवार

# 'एनसीपी में नहीं कोई विभाजन, अजित हमारे नेता'



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने एक बार पार्टी में विभाजन से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनके और भतीजे अजित पवार के बीच कोई लड़ाई या मतभेद नहीं है। वह पार्टी का ही हिस्सा हैं। दरअसल, शरद पवार की बेटी और पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने एक दिन पहले कहा था कि अजित पवार पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक हैं।

सुले के बयान के एक दिन बाद शुक्रवार को पवार ने पुणे जिले में अपने गृहनगर बारामती में पत्रकारों से बात की। पत्रकारों ने शरद पवार से सुले के बयान के बारे में पूछा तो एनसीपी प्रमुख ने कहा कि हां, इसमें कोई सवाल ही नहीं है। कोई कैसे कह सकता है कि एनसीपी में विभाजन हो गया है? अजित पवार हमारी पार्टी के ही नेता हैं।

शरद पवार ने कहा कि इस बात पर कोई मतभेद नहीं है कि अजित पवार हमारे नेता हैं। एनसीपी में कोई विभाजन नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि किसी राजनीतिक दल में फूट का मतलब क्या है? फूट तब होती है जब किसी पार्टी का एक बड़ा समूह राष्ट्रीय स्तर पर अलग हो जाता है। लेकिन यहां ऐसा कुछ नहीं हुआ है। कुछ लोगों ने पार्टी छोड़ दी, कुछ ने अलग रुख अपना लिया है। लोकतंत्र में निर्णय लेना उनका अधिकार है।

## शीर्ष अदालत ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को राहत मिली। शीर्ष अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत एक सितंबर तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश की पीठ ने जैन की चिकित्सीय रिपोर्ट का संज्ञान लेने के बाद उन्हें राहत प्रदान कर दी।

# प्रथम पृष्ठ का शेष

## वायुसेना को मिलेंगे....

तेजस पूरी तरह से स्वदेशी रूप से विकसित है। इसके 65 प्रतिशत से अधिक घटक और उपकरण भी भारतीय कंपनियों की तरफ से बनाए गए हैं। कई अंतरराष्ट्रीय रक्षा रिपोर्टों के मुताबिक, चीन के जेएफ-17 फाइटर जेट की तुलना में तेजस का नया वर्जन तकनीकी रूप से बेहतर है। संयोग से, हल्के लड़ाकू विमानों की उत्कृष्टता के मामले में चीन के जेएफ-17 की तुलना अंतरराष्ट्रीय मंच पर तेजस के प्रतिद्वंद्वी के रूप में की जाती है। एचएएल ने तेजस को एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड एयरो रडार% (एएसईए), मिड-एयर रिफ्यूलिंग और एस्ट्रा मिसाइलों से लैस करने का काम भी पूरा कर लिया है। तेजस का भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर सफल उड़ान और लैंडिंग परीक्षण पहले ही हो चुका है। नतीजतन, निकट भविष्य में यह लड़ाकू विमान भारतीय नौसेना के साथ-साथ वायुसेना में भी देखा जा सकता है। भारत के अलावा मलेशियाई वायुसेना ने भी हाल ही में तेजस मार्क-1 खरीदने का फैसला किया है।

## चांद पर लेंडर ने....

जारी की और ऑर्बिटर की तरफ से कहा- मैं आपकी जासूसी कर रहा हूं। चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर हाई-रिज़ॉल्यूशन कैमरा वर्तमान में चंद्रमा के चारों ओर घूम रहा है और सबसे अच्छे रिजॉल्यूशन वाले कैमरे के साथ फोटो ले रहा है। वर्ष 2019 में लॉन्च किया गया चंद्रयान-2 ऑर्बिटर चंद्रमा की कक्षा में आज भी चक्कर लगा रहा है। इसरो ने शुक्रवार को बहुप्रतीक्षित वीडियो जारी किया। लैंडर पर लगे कैमरे द्वारा लिए गए वीडियो में फैले हुए सौर पैनल के साथ रोवर को धीरे-धीरे रैंप से नीचे जाते, चंद्रमा की मिट्टी को छूते और आगे बढ़ते देखा जा सकता है। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि रोवर अब अच्छी तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि रोवर में दो उपकरण और लैंडर पर तीन उपकरण लगे हैं और उन सभी को एक-एक करके रूप से चालू किया गया है। उन्होंने कहा, वे मूल रूप से चंद्रमा की खनिज संरचना, साथ ही चंद्रमा के वातावरण और वहां की भूकंपीय गतिविधियों का अध्ययन करेंगे। कुल 1,752 किलोग्राम वजनी लैंडर और रोवर चंद्रमा के वातावरण का अध्ययन करने के लिए एक चंद्र दिन के प्रकाश में परिचालन करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। हालांकि, इसरो के अधिकारी इनके एक और चंद्र दिवस के लिए सक्रिय होने की संभावना को खारिज नहीं कर रहे। चंद्रमा की धरती पर रोवर के पहिए के निशान के साथ-साथ सौर पैनल के साथ रोवर की छाया भी देखी जा सकती है। इसरो ने पोस्ट किया लैंडर मॉड्यूल पेलोड आईएलएसए, रंभा और चाएसटीई आज (गुरुवार) चालू हो गए हैं। रोवर गतिशीलता संचालन शुरू हो गया है। सभी गतिविधियां निर्धारित समय पर हैं। सभी प्रणालियां सामान्य हैं। अगले दो सप्ताह तक रोवर चंद्रमा की घरती पर घूमकर पूर्व निर्धारित प्रयोगों को अंजाम देगा। इसरो के अनुसार, चंद्रमा रोवर में लैंडिंग स्थल के आसपास मौलिक संरचना प्राप्त करने के लिए अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) और लेजर प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआईबीएस) है। अपनी ओर से, लैंडर भी अपने पेलोड के साथ उसे सौंपे गए कार्यों को पूरा करेगा। वह चंद्रमा की सतह का विश्लेषण, लैंडिंग स्थल के आसपास भूकंपीय तरंगों का मापन, प्लाज्मा घनत्व और इसकी विविधताओं का अनुमान लगाने जैसे प्रयोगों को अंजाम देगा।

इसरो वैज्ञानिकों को बधाई देने बेंगलुरु जाएंगे मोदी

बेंगलुरु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद वैज्ञानिकों को बधाई देने के लिए आज भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का दौरा करेंगे। इस मौके पर भाजपा एक मेगा रोड शो भी करेगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा विधायक आर.अशोक ने कहा कि रोड शो बेंगलुरु में जलाहल्ली सर्कल से इसरो मुख्यालय के बीच आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से वैज्ञानिकों और पीएम मोदी को बधाई देने के लिए रोड शो में शामिल होने का अनुरोध करता हूं।

## इंडिया स्मार्ट सिटी.....

भोपाल को एक, जबलपुर को 2, ग्वालियर को एक और सागर को एक अवार्ड मिला है। स्वच्छता थीम में गोबरधन बॉयो सीएनजी प्लांट, शहरी पर्यावरण थीम में एयर क्वालिटी इम्प्रूवमेंट और अहिल्या वन विथ वर्टिकल गॉर्डन और जल थीम में सरस्वती और कान्ह लाइफ लाइन, रेनवाटर हॉर्वेस्टिंग एवं झीलों, कुओं और बावड़ियों के कायाकल्प के लिये इंदौर को प्रथम स्थान मिला है। बिल्ट इन्वायरमेंट थीम में रिवर फ्रंट डेव्हलपमेंट के लिये इंदौर को द्वितीय स्थान मिला है। भोपाल को सदर मंजिल रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट के लिये द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। इकोनॉमी थीम में जबलपुर को स्टार्ट-अप इंक्यूबेशन सेंटर के लिये प्रथम एवं इंदौर को वेल्यू केप्चर फायनेंसिंग के लिये द्वितीय स्थान मिला है। गवर्नेंस थीम में जबलपुर को इम्पलीमेंटेशन ऑफ 311 एप्लीकेशन के लिये तृतीय स्थान मिला है। आईसीसीसी बिजनेस मॉडल थीम में ग्वालियर को इंटेलीजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम के लिये तृतीय स्थान और मोबेलिटी थीम पर सागर को इंटेलीजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम इम्प्रूविंग रोड सेफ्टी के लिये तृतीय स्थान मिला है। इनोवेशन अवार्ड श्रेणी में कोविड इनोवेटिव थीम पर इंदौर को कोविड-19 रिस्पांसेस-मल्टीपल इनिशिएटिव्स के लिये द्वितीय स्थान मिला है।


कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग दमोह

E-Mail ID- eedmohb@mp.gov.in
Phone No.- 07812-223809

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मंडल कालोनी श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर दमोह स्थित भवन क्रमांक एच.आई.जी. 24 श्रीमति स्नेहलता लखनपाल पति श्री वीरेन्द्र कुमार लखनपाल को नामांतरित है । श्रीमति स्नेहलता लखनपाल पति श्री वीरेन्द्र कुमार लखनपाल के द्वारा मण्डल से विक्रय विलेख उपपंजीयक कार्यालय दमोह से दिनांक 18.08.2004 को करा लिया। श्रीमति स्नेहलता लखनपाल पति श्री वीरेन्द्र कुमार लखनपाल का स्वर्गवास दिनांक 01.12.2014 को हो गया जिस कारण उनके पुत्र 1. श्री अभिताभ लखनपाल पिता श्री स्व. वीरेन्द्र कुमार लखनपाल 2. श्री अतुल लखनपाल पिता श्री स्व. वीरेन्द्र कुमार लखनपाल ने अपने नाम से नामांतरण हेतु प्रकरण शपथ पत्र के आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से प्रस्तुत किया है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था या हित रखने वाले वैध उत्तराधिकारी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशित होने के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण / नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेंगी। जिस पर किसी व्यक्ति/ संस्था का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(एम.के. खरे) संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल संभाग दमोह



कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल जिला शहडोल (म.प्र.)

D.D. Complex, Near Tagor Park Shahdol, Distt. Shahdol
Email :emoshahdol@mpurban.com Ph.No. 07652-245175 (0)
क्र./4340/न.पा.श./2023 शहडोल, दिनांक 25/08/2023

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेन्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | GEM 2023/B/3803749 दिनांक- 08.08. 2023 | फेरिक एलम Grade I | समयाविधि - 6 माह लागत- 20.00 लाख | EMD 20000.00 | 11.09.2023 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेंगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद शहडोल (म.प्र.)



शुभम् शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय - 425, उद्योग विहार फेज- IV, गुडगांव -122015 (हरियाणा)
फोन- 0124-4212530/31/32, ईमेल: customercare@shubham.co, बेवसाईट - www.shubham.co

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (इसमें आगे 'अधिनियम' कहा गया है) की धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

यह आपको सूचित किया जाता है कि धरोहर ऋणकर्ता शुभम हाउसिंग डेवलपमें ट फायनेंस कंपनी लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय 608, 609, छठवी मंजिल, ब्लॉक-सी अंसल एम्पेरियल टॉवर, कम्युनिटी सेन्टर, नारायणा विहार, न्यू दिल्ली-110028 (इसके पश्चात 'एसएचडीएफसीएल' के रुप में संबोधित) द्वारा आपके ऋण खाते को एनपीए के तौर पर घोषित कर चुका है एवं एसएचडीएफसीएल के आपके ऋण खाते के विरुद्ध संपूर्ण ऋण का भुगतान करने के उत्तरदायी है। आपको उपरोक्त राशि पर अनुबंध दर पर लागू भविष्य ब्याज के साथ प्रासंगिक व्यय, मूल्य, शुल्क आदि का भुगतान करने के उत्तरदायी है। इसलिए इस सूचना के दिनांक से 60 दिवस में एसएचडीएफसीएल को आपके संपूर्ण दायित्व का भुगतान करने के लिए आपको बुलाया जाता है असफल रहने पर एसएचडीएफसीएल को कानून की धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करने में सक्षम होगी। ऋणकर्ताओं एवं धरोहर संपत्ति का विवरण नीचे दिया गया है

| स. क्र. | ऋण खाता क्रं., ऋणकर्ता (ओं ) का नाम | ऋणी का पता | मांग सूचना दिनांक एव राशि | सुरक्षित संपत्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लोन नं. 0JBL2012000005032476, दिलशाद अली, साजिदा बेगम | रद्दी चौकी गंजी नगर नेशनल स्कूल सरदार के पास एमपी ऑनलाइन, जबलपुर, मध्य प्रदेश -482002 | 18/08/2023 & ₹ 7,44,394/- | प्लॉट नं.42, एनबी 503, हल्का नं.24 न्यू 80, आरएनएम महाराजपुर, विकास खंड पनागर खसरा नं. 118 का हिस्सा, वार्ड नं.74, तहसील पनागर जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश -482001 |
| 2 | लोन नं. JBL_1505_038734, शेख रियाज, बुशरा फरहत | मकान नं.1190/ए लाल बीटीओ पारस मार्बल जबलपुर मध्य प्रदेश - 482001 | 18/08/2023 & ₹ 9,60,063/- | खसरा नं.230 के भाग पर प्लॉट भूमि एनबी नं.601 पर स्थित भूमि पीसी नं.24/2 आरएनएम जबलपुर तहसील और जिला जबलपुर मध्य प्रदेश -482002 |

स्थान : गुड़गांव प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 25-08-2023 शुभम हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

# मेरा शहर

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## खितौला और चरगवां में पुलिस ने दबोचे शराब तस्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण इलाकों में शराब तस्करी तेजी से की जा रही है। नशे के कारोबारी रोजाना ही पुलिस द्वारा पकड़े जा रहे हैं। लेकिन मादक पदार्थों की तस्करी में कमी नहीं आयी है।

इसी कड़ी में पुलिस ने खितौला व चरगवां थाना क्षेत्र में शराब तस्करों को पकड़ा है। जिनसे बड़ी मात्रा में देशी व कच्ची शराब बरामद की गई है। इस संबंध में खितौला थाना प्रभारी संगीता सिंह ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कुर्रे पिपरिया निवासी सुंदर सिंह ठाकुर सिहोरा कलारी से भारी मात्रा में शराब लेकर अपने घर में छिपाकर बेचने के लिये रखा है। सूचना के



आधार पर पुलिस ने ग्राम कुर्रे पिपरिया में दबिश दी। जहां संदेही सुंदर सिंह ठाकुर के घर की तलाशी लेने पर घर के सामने आंगन में बोरी के नीचे 6 कार्टून रखे मिले। जिसमें 300 पाव रखे मिले। पुलिस ने शराब जप्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

**कच्ची शराब रखे युवक गिरफ्तार**

इसी प्रकार चरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम भौतिया निवासी ब्रजेश ठाकुर अपने मकान के सामने रोड किनारे अवैध शराब बेच रहा था। सूचना पर पुलिस ने उसके घर ग्राम भौतिया में छापामार दिया। जहां ब्रजेश प्लास्टिक की कुप्पी लिये खड़ा था। कुप्पी को चैक करने पर उसमें 10 लीटर कच्ची शराब भरी मिली। आरोपी को गिरफ्तार कर शराब जप्त कर ली गई है। इसी प्रकार ग्राम कुलौन में दबिश देते हुये आरोपी सागर श्रीपाल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बिजना को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया।

## पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गये कुख्यात बदमाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में आदतन अपराधियों की धरपकड़ पुलिस ने तेज कर दी है। जिससे अपराधी तत्वों में खलबली मच हुई है। इसके साथ ही कॉम्बिग गश्त भी पुलिस ने शुरू कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस ने पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत तथा वाद विवाद करने वाले 78 आरोपियों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 8 आरोपियों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है। इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 3 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 9 युवकों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 103 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 14 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 4 युवकों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 4 चाकू जप्त किये गये एवं 12 जुआडियों को जुआ खेलते हुये एवं 23 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया है।



## अनुविभागीय दंडाधिकारी के निवेदन पर वेदिका के परिजनों एवं शहर के कई संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के जबलपुर आगमन पर वेदिका ठाकुर की मां, उनके परिजनों के साथ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा विधि प्रकोष्ठ के एवं शहर के अन्य संगठनों ने इंकम टैक्स चौराहे पर एसडीम को ज्ञापन दिया। जबलपुर के बहुचर्चित गोलीकांड वेदिका ठाकुर हत्याकांड में लगातार परिजनों अन्य संगठनों के द्वारा प्रशासनिक कार्यवाही को संदेहास्पद माना जा रहा है। कांग्रेस नेता प्रवेंद्र चौहान नें जानकारी दी। कि पुलिस की जांच के साथ-साथ स्टार हॉस्पिटल एवं मेट्रो हॉस्पिटल द्वारा लापरवाही के विरोध में काले झंडे दिखाने को तैयार प्रदर्शनकारी को एसडीम ने निवेदन कर ज्ञापन देने के लिए इंकम टैक्स चौराहे पर रोका एवं आश्वस्थ्स किया कि आपकी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी। हत्यारे के मकान पर कार्यवाही एवं दोनों हॉस्पिटलों के साथ-साथ धनवंतरी नगर टीआई के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन्हीं सब बातों को लेकर मौजूद वेदिका की मां ज्योति ठाकुर, छोटी बहन साक्षी ठाकुर, छोटा भाई शिवा ठाकुर, कैलाश ठाकुर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. विनोद सिसोदिया, प्रांताध्यक्ष रणजीत सिंह परिहार, जितेन्द्र सिंह, गोपाल सिंह बघेल, अनुभव कुशवाहा, शिवेंद्र सिंह सिसौदिया, प्रेमा सिंह चौहान, सुरेन्द्र यादव, रितेश नोटनानी, विष्णु विनोदिया, राकेश चक्रवर्ती, कोमल रैकवार आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस ने किया जन आक्रोश आन्दोलन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर शुक्रवार को दोपहर रामलीला रंगमंच पर विशाल आम सभा ब्लाक कांग्रेस द्वारा आयोजित की गई। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया गया।

आन्दोलन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन बरेला ब्लॉक की समस्या, स्टेडियम की मांग, गौमुख को टूरिस्ट प्लेस बनाने की मांग, नगर परिषद में भ्रष्टाचार के विरोध, अवैध टैक्स वसूली के विरोध में बात रखी।

संगठन मंत्री राजकिशोर पटेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र गर्ग , सम्मति सैनी, डॉ. सत्येंद्र यादव, राधेश्याम चौबे, विवेक



पटेल, मुकेश पटेल, वीरेंद्र चौबे, विनोद श्रीवास्तव, तविदंर गुजराल, प्रभा यादव, रिंकू तिवारी, संजय श्रीवास्तव, मनोज पटेल, सुकीर्त त्रिपाठी ने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन की यह सरकार और विधायक को हटाना कार्यक्रम का संचालन अरविंद तिवारी ने किया।

हजारों कांग्रेस जनो ने सभा स्थल से नगर परिषद के लिए नारा लगाते हुए रवाना हुए। इस अवसर पर नरेश पटेल, विजय जैन, रामजी रैकवार, विपिन झरिया, नीरज गर्ग, सत्येंद्र पटेल, गोपाल झरिया, सुरेंद्र चौकसे, शेख सलीम, रोहित पटेल, कपिल पटेल, सागर सिंह और पार्षद भूपेंद्र यादव, रामकुमार नामदेव, नीलकमल झरिया, योगेश पटेल, देवीदीन पटेल, रामानुज पटेल, प्रकाश पाठक, सिल्लू पटेल, संजू पटेल, किट्टू पटेल, मुकुल गर्ग, रामगोपाल पटेल आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री अनुराग पटेल ने किया।

## जुआफड़ पर पुलिस का छापा, 8 जुआरी पकड़े गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में अभी भी जुआफड़ संचालित किये जा रहे हैं। बीते कुछ माह से इनके संचालन बंद था। लेकिन हालही में जुआरियों द्वारा जुआफड़ बैठाये जाने लगे हैं। शहरी क्षेत्र में पुलिस की दहशत से फिलहाल तो ये फड़ बंद हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में ये जुआफड़ चोरी छिपे संचालित किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी पाटन थाना अंतर्गत पाटन कस्बा में पुलिस ने कुछ जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा है। बताया जा रहा है कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि पाटन कस्बा में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने चौधरी मोहल्ला शासकीय स्कूल के पास छापा मारा। जहां सड़क से थोड़ा दूर कुछ लोग बिजली के खंबे की रौशनी में बैठकर जुआ



मन्ना खेल रहे थे। पुलिस को आता देख जुआरी इधर-उधर भागने लगे। कुछ भागने में कामयाब हो गये। पकड़े गये जुआरियों ने अपने नाम क्रमशः इंदकुमार लोधी उम्र 40 वर्ष, अठई बर्मन बर्मन उम्र 35 वर्ष, नयन पटेल पटेल उम्र 25 वर्ष बलराम लोधी उम्र 43 वर्ष चारों निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन बताये। जुआरियों के पास एवं फड़ से 1 हजार 570 रूपये जप्त किये गये।

इसी प्रकार पाटन कस्बा नाका नम्बर 2 पाटन वेयर हाउस के बाजू में दबिश देते हुये पुलिस ने बिजली के खंबे के रौशनी में जुआ खेलते रामेश्वर लोधी उम्र 40 वर्ष प्रशांत बर्मन उम्र 23 वर्ष, पप्पू उर्फ कमलेश राठौर उम्र 40 वर्ष, आनंद पटैल उम्र 19 वर्ष सभी निवासी चौधरी मोहल्ला को पकड़ा है। सभी जुआरियों के खिलाफ पाटन थाने विधिवत कार्रवाई की गई है।

## जिला अदालत में ग्रीन डे का आयोजन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी एवं सचिव राजेश तिवारी ने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ द्वारा प्रति वर्ष सावन माह में महिला अधिवक्ताओं के लिये ग्रीन डे मनाया जाता है, इस वर्ष पुन: जिला अधिवक्ता संघ द्वारा शनिवार न्यायालय परिसर में महिला अधिवक्ताओं के लिए ग्रीन डे मनाया जायेगा। इसमें जो भी महिला अधिवक्ता भाग लेना चाहती हैं, वह जिला अधिवक्ता संघ के कार्यालय में अपना नाम लिखा दें, ताकि क्रमानुसार उनको स्टेज पर बुलाया जा सके और वह अपनी प्रस्तुती कर सकें। इस कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेगें। सभी महिला अधिवक्ताओं से अनुरोध है कि वह उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें।

## रुपया-पैसा नहीं, सैनिक भैया भारत माता की सुरक्षा का उपहार चाहिए

**जबलपुर, देशबन्धु।** रक्षाबंधन के पूर्व शुक्रवार सुबह जब बहनों ने सैनिक भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा तो वातावरण बड़ा ही भावुक हो गया। वीर सैनिक भाईयों ने बहनों के पैर छू कर जब उन्हें उपहार स्वरुप नकद राशि देना चाही तो भाव विह्ल बहनों ने उनसे कहा कि उन्हें उपहार में सिर्फ भारत माता की सुरक्षा चाहिए।

इस अवसर पर बच्चों ने बैंड बजा कर विजयघोष से सैनिकों का स्वागत व सम्मान किया। दरअसल शुक्रवार को विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर गंगानगर एवं क्षेत्र की बहनों ने त्रिपुरी चौक गढ़ा में आठवें वर्ष पर आयोजित समारोह में वीर सैनिक भाईयों को रक्षासूत्र बांधा। बहनों ने सैनिकों की आरती उतारी। अश्रुपूरित सजल नेत्रों से बहनों ने सैनिक भाईयों से कहा कि भारत माता की सुरक्षा ही हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है।

सूबेदार प्रताप सिंह मास राज सिंह भोगेंद्र सिंह सूबेदार सुनील कुमार अनिल कुमार 1999 कारगिल युद्ध में गोली लगी नायक उपस्थित थे विजय कुमार को 11 साल बाद केशव दत्त को 12 साल बाद राखी बांधी गई। कई जवानों को 6 साल 5 साल बाद राखी बांधी गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने संचालन किया। कोषाध्यक्ष लोकराम कोरी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य राजेंद्र मिश्रा सरस्वती शिशु मंदिर, पूर्व छात्र परिषद अध्यक्ष शरद अग्रवाल, राजेश मिश्रा, सुधा सचदेवा, पुष्पलता पांडे, सत्यनारायण, मिथलेश गौतम, सम्पूर्ण आचार्य परिवार उपस्थित रहा। भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ और समापन वंदे मातरम से किया गया।



बहनों ने वीर सैनिकों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र



## यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता अंडर-19 गर्ल्स एवं बॉयज में यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा गोल्ड मैडल के साथ प्रथम स्थान पर रहकर ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा किया। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न स्कूलों ने प्रतिभागिता की, जिसमें अंतिम राउंड में चार स्कूलों के मध्य सेमीफाइनल हुआ। जिसमें यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, स्मॉल वंडर, ग्रीन वैली, आर.के. इंडियन के मध्य मुकाबला हुआ। निर्णायक मुकाबला यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल और ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल के मध्य हुआ, जिसमें यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में स्कूल को गोल्ड प्राप्त हुआ। यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल की ओर से राज राजेश तिवारी ने निर्णायक गोल करके स्कूल की विजयपताका फहराई। इस स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका दीपक नामदेव द्वारा निभाई गई।

## महाराष्ट्र व्यायाम शाला में कार्यक्रम मंथन का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाराष्ट्र व्यायामशाला मढ़ाताल में 6 बजे मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में नगर की सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक सलाहकार एवं लाईफ कोच नीलिमा देशपांडे, मनाच्या श्लोकातून व्यक्तित्व विकास विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करेंगी।

नीलिमा देशपांडे लाडली बसेरा सेवा भारती, सरस्वती शिक्षा मंदिर एवं मातृछाया प्रबंधन समिति की सलाहकार रह चुकी है। तथा कचनार लेडिज क्लब संस्कृति महिला मंडल अध्यात्म ग्रुप वैदिक संस्कार ग्रुप एवं सर्व मंगला ग्रुप की संस्थापित है। समृद्ध मन एवं साफल्य काउन्सेलिंग सेंटर की भी संचालिका है। कार्यक्रम के पश्चात हनुमान जी की विशेष आरती एवं प्रसाद वितरण होगा।

## गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के तत्वाधान में राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह बलिदान दिवस पर कार्यक्रम बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** 18 सितंबर 2023 को आयोजित किये जाने वाले बलिदान दिवस कार्यक्रम की अति महत्वपूर्ण बैठक 27 अगस्त दिन रविवार को सांयकाल 4.00 बजे गोंडवाना चौक, रेल्वे स्टेशन स्थित राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल पर सम्पन्न होगी। बैठक में जबलपुर एवं आसपास के सभी आदिवासी संगठनों जयस महिला आदिवासी संगठनों के उपस्थित होने की अपील किशोरीलाल भलावी, नेम सिंह मरकाम, नन्हेंलाल धुर्वे, बालकिशन चौधरी, अजय झारिया, गया प्रसाद धुर्वे, डीएल कोरचे,एमएस मर्सकोले, दिशा इनवाती, नोखेलाल बरकड़े, बालकिशन तेकाम, अजना इनवाती इत्यादि ने की है।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का स्वदेशी जागरण व रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महानगर इकाई जबलपुर द्वारा शुक्रवार को स्वदेशी जागरण एवं रक्षा सूत्र कार्यक्रम हितकारिणी कन्या शाला में आयोजित था कार्यक्रम महाकौशल प्रांताअध्यक्ष परविंदर जीत सिंह बिंद्रा जी ने कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर प्रांताअध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में स्वदेशी उत्पाद की खरीद पर बल दिया उपरांत प्रांतकोषाध्यक्ष मंजू वैश्य ने अपने उद्बोधन में इसी तारतम्य में बात रखी और स्वदेशी सामान पर चर्चा की। प्रांत संगठन मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में देशी उत्पाद व हस्तशिल्प राखी के त्योहार में खरीद के लिए कहा, महानगर अध्यक्ष पी के अग्रवाल ने स्वदेश में निर्मित पदार्थ खरीद कर देश का आर्थिक विकास संभव हो पर बात रखी। उपाध्यक्ष संतोष पटेल ने विद्यार्थियों को आनुशासन के बारे में समझाइश दी। डॉ. खुरासिया ने बच्चों एवं स्टाफ का आभार प्रकट किया। महानगर सचिव गोवर्धन मल्होत्रा, सहसचिव रामेश्वर अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जनदर्शन यात्रा में जबलपुर पधारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का करमचंद चौक में भव्य मंच लगाकर स्वागत किया गया ।

जिसमें व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, महानगर संयोजक मनीष जैन कल्लू, अखिलेश दीक्षित, राजेंद्र चौधरी, आरपी यादव, अजय तिवारी, अमन बिंद्रा, चंद्रशेखर पटेल, राहुल तिवारी, विवेक शिवहरे, रामलाल कोरी, कैलाश अग्रवाल (बब्बाजी), नितेश सिंह, डॉ. मुकेश पांडे, अन्नू अनवर, रशीद अंसारी, इसरार अंसारी मोटू, चंदू शर्मा, श्यामलाल रजक, संजय गुप्ता, अमित अग्रवाल, मोहम्मद असगर, अनमोल पटेल, श्याम मनोहर पटेल, बृजेश अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा, सुशील जैन, विनय उपाध्याय, रविंद्र दुबे, नितिन



अग्रवाल, निखल अग्रवाल, राकेश चक्रवर्ती, सुशील उपाध्याय, नितिन गुप्ता, सुरेंद्र सिंह पवार, वासुदेव आहूजा, मशीन खान, रमेश यादव, कल्लू विश्वकर्मा, बंटी पालीवाल, श्रीचंद बठेजा, राजेश गुप्ता कल्लू, दीपक सेन, सुरजीत सिंह सरदार, राज भटनागर, राजू केसरवानी, हिमांशु गुप्ता, जयकुमार गुप्ता, राजू खजांची, गौरव अग्रवाल, मेंकल दीक्षित, अनुज जैन मासाब, संजय अग्रवाल, शाहिद अंसारी सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने बड़ी गजमाला पहनाकर, ढोल धमाल, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न व्यापारी संघ के पदाधिकारी उपस्थिति थे ।

## शिव स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं सर्वोच्च सत्ता है : ब्र. चैतन्यानंद

**जबलपुर, देशबन्धु।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में शिव महापुराण के पार्थिव शिवलिंग निर्माण उनका दुग्धाभिषेक तथा आरती हुई कथा में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि सावन में शिव पुराण का पाठ करने से उसका फल बहुत ही



सुखदायी होता है। शिव- जो स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं सर्वोच्च सत्ता है विश्व चेतना हैं और ब्रह्माण्डीय अस्तित्व के आधार हैं सभी पुराणों में शिव पुराण को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होने का दर्जा प्राप्त है इसमें भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों, भक्तों और भक्ति का विशद् वर्णन किया गया है शिव पुराण में शिव- जो स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं, सर्वोच्च सत्ता है, विश्व चेतना हैं और ब्रह्माण्डीय अस्तित्व के आधार हैं। सभी पुराणों में शिव पुराण को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होने का दर्जा प्राप्त है इसमें भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों, भक्तों और भक्ति का विशद् वर्णन किया गया है यह पुराण कलियुग में मनुष्यों के हित का परम साधन है शिव पुराण के पूर्व हिंडोला महापूजा एवं मुद्रा सिक्के से अर्चन किया तत्पश्चात महाआरती हुई आज शिवमहापुराण में मधु यादव ,बीके पटेल, प्रकाश द्विवेदी, अशोक गुप्ता, बृजेश दुबे एवं मनीष पांडे आराधना चौकसे,कीर्ति तिवारी आदि भक्तगण उपस्थित रहे ।

## संपूर्ण ब्राम्हण मंच द्वारा परशुराम धाम गौरीघाट में महा आरती



**जबलपुर, देशबन्धु।** परशुराम धाम महा आरती में संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा भगवान परशुराम के कृपा पात्र भारतीय वैज्ञानिक सफल अनुसंधान, एवं विश्व पटल पर भारत का मान सम्मान प्रतिष्ठा चार चांद लगाने वाले संपूर्ण वैज्ञानिकों को प्रभु कृपा से जो सम्मान मिला है, आज भारत का गर्व से सीना चौड़ा हो गया है। आज संपूर्ण विश्व भारत की ओर देख रहा है, भारत के विकास को देख रहा है भारत के नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है। 140 करोड़ देशवासी करताल धोनी से भारतीय वैज्ञानिकों का हृदय से स्वागत करता है वंदन करता है, अभिनंदन करता है, संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा कर्नाटक से आए दीपक जी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर पर धनंजय बाजपेई प्रकाश साहू, केके नामदेव, अतुल तिवारी, शिवम राव वेंकट, अनु स्वामी राव वेंकट आदि उपस्थित रहे। नर्मदा दर्शन पूजन के साथ प्रार्थना सभा को विराम दिया गया।

## भ्रष्टाचारियो को जेल में बंद करने की बजाय, आवाज उठाने वाला को परेशान कर रही सरकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जबलपुर आगमन हुआ। इसके पहले ही 24 अगस्त को नोटिस थमाकर एनएसओ छात्र संगठन के अध्यक्ष गोपाल पाराशर को पुलिस थाने ले गई और शिवराज सिंह चौहान के जबलपुर से जाने के बाद छोड़ा गया। चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार के कारण विगत 3 वर्षो से नर्सिंग स्टूडेंट्स के एग्जाम नही हुए हैं, पूरे मध्य प्रदेश में एनएसओ छात्र संगठन द्वारा भ्रष्टचार के खिलाफ़ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जबलपुर में गोपाल पाराशर के नेतृत्व में शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन शुक्रवार को शिवराज सिंह चौहान के जबलपुर आगमन से पहले गोपाल पाराशर को पुलिस थाने ले गई। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने की बजाय, भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज उठाने वालों को परेशान किया जा रहा है, लेकिन संगठन द्वारा बिना डरे धरना प्रदर्शन जारी रखें जाएंगे और आगामी विधानसभा चुनावों में सरकार का विरोध किया जायेगा।

# अभिमत

*ग्रीस से लौटने के तुरंत बाद पीएम मोदी 26 अगस्त को बंगलुरु जाएंगे। ऐसा लगता है कि इसरो को चुनावी मंच पर लाने की पूरी तैयारी हो चुकी है। जब वहां हरेक लांच के समय पूजा-पाठ का पाखंड शुरू हुआ, तभी लग गया था कि विज्ञान के इस अधिकेंद्र के बुनियादी स्वरूप को बदलने में मोदी सरकार लग चुकी है। इसरो में जो कुछ अजीबोगरीब घटित हुआ, उसमें शैलेश नायक का क़िस्सा भी दिलचस्प है, जो केवल 11 दिनों के वास्ते इस महकमे के प्रमुख बनाये गये थे।*

## चुनाव तक हमें चांद चाहिए!



पुष्परंजन

**हमारा देश अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर अवश्य गर्व करे, मगर साथ में उन परिस्थितियों की भी पड़ताल करे, जिस वजह से उन्हें आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता है। 2014 से पहले, और बाद में भी इसरो समेत देश के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थानों में ख़ुदकुशी व रहस्यमय हत्याओं की घटनाएं हुई हैं।**

पूरा देश मदमस्त है। होना भी चाहिए। मोदी जी के नेतृत्व में इतनी बड़ी सफलता। रूस कभी साउथ पोल पर रचना चाहता था इतिहास, उसे भारत ने पीछे छोड़ दिया। पाकिस्तान वालों के सीने पर सांप लोट रहा है। वाघा बॉर्डर पार इतना सन्नाटा क्यों है भाई? इत्थे देखो। यहां अब कोई टमाटर का भाव नहीं पूछेगा। यदि किसी करमजलिये ने टमाटर-प्याज़-पेट्रोल का भाव पूछा, भक्तजन चांद दिखा देंगे। वोटरों को जून 2024 तक चांद दिखाते रहेंगे। साथ में दिखायेंगे पीएम मोदी की ऊंगली, जिसके ज़रिये लांचिंग के समय वो छाये रहे। साउथ पोल पर संपूर्ण लैंडिंग क्यों देखे देश? बीच ब्राड कास्टिंग मोदी की इंट्री चाहिए ही।

लेकिन सबसे हरामखोर निकले उनके टुकड़ों पर पलने वाले गोदिये। वर्चुअल स्टूडियो में तूफान लाने और छाते के साथ एंकरनी प्रस्तुत कर सकते हैं, चांद पर पीएम मोदी को लैंडिंग करते दिखा देते, तो तेरा क्या जाता कालिये? लाखों रुपये के वर्चुअल स्टूडियो ऐसे ही चंपक कार्यक्रमों के लिए निर्मित किये जाते हैं। साउथ पोल पर घूमते-टहलते, शोधपूर्ण मुद्रा में देखकर भक्त और विभोर होते। मीडिया के मालिकान नंबर बनाते, मगर मूर्खों ने पानी फेर दिया।

किसी दिलजले ने पूछा, चांद की रेस में भारत रूस से आगे निकल भी गया, तो देश के आम आदमी को क्या मिला? भक्त बता सकते हैं कि यहां का किसान चांद पर टमाटर बोयेगा, होम डिलीवरी वहीं से होगी। केवल पांच रुपये किलो। दिलजलों को इससे मतलब नहीं कि 600 करोड़ के चंद्रयान-3 मिशन से अंतरिक्ष से भारतीय सीमा की निगरानी के अलावा अनुसंधान के क्षेत्र में हमें क्या उपलब्धियां हासिल होनी है। वो तो फूंके पड़े हैं। कोई भूल-चूक हुई, तो मोदी के गुब्बारे में पिन मारने को चौचक बैठे हैं।

चंद्रयान अभियान से नफरतियों को ख़ुराक देने वाले अखबारों-चैनलों ने बताना शुरू किया कि चांद पाकिस्तान के झंडे पर उकेरा हुआ है। बात दूर तलक गई, उसका धार्मिक एंगल भी ढूंढ लिया कि चांद को पवित्र मानते हो, तो वहां हमने झंडे गाड़ दिये मोदी जी के नेतृत्व में। चांद के बहाने नफरत फैलाओ, और वोट का ध्रुवीकरण करो। अब इन अनपढ़ नफ़रतियों को कौन बताये कि अकेले पाकिस्तान नहीं, दुनिया के दस और देश अपने झंडों में चांद का इस्तेमाल करते हैं। उज़्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, तुर्की, ट्यूनिशिया, उत्तर-पश्चिमी अफ्रीक़ी देश मॉरिटेनिया, मालदीव, मलयेशिया, कोमोरोस, अज़रबैजान और अल्जीरिया को भी याद कर लो व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी वालों। चांद तो हिंदू बहुल राष्ट्र नेपाल के झंडे में भी है। उसका क्या करोगे? उनके ध्वज में ऊपर चांद है, और नीचे सूरज।

एक ख़बर यह आई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन और ग्रीस से भारत लौटने के तुरंत बाद 26 अगस्त को बंगलुरु जाएंगे। पीएम मोदी इसरो के प्रमुख एस. सोमनाथ के साथ-साथ वैज्ञानिकों से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री हैं, तो उनका वहां जाना और पूरी टीम को चंद्रयान-3 की सफलता के लिए धन्यवाद देना बनता है। लेकिन इसका राजनीतिकरण डराता है। चुनावी कालखंड है, तो इसरो की उपलब्धियों से राजनीतिक मंच निरापद रहे, वो भी नरेंद्र मोदी के रहते? नेति-नेति।

प्रधानमंत्री मोदी ने चंद्रयान-3 की लैंडिंग के समय कहा था कि यह विकसित भारत का शंखनाद है। भारत की यह उड़ान चंद्रयान से भी आगे जाएगी। पीएम ने इस दौरान सूर्य मिशन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसरो आदित्य एल-1 मिशन भी लॉन्च करेगा, जिससे सूर्य का विस्तृत अध्ययन किया जा सकेगा। इसके बाद शुक्र और सौरमंडल के सामर्थ्य को परखने के लिए दूसरे अभियान भी आरंभ किए जाएंगे। ऐसी घोषणा के हवाले से प्रधानमंत्री मोदी के शैदाई दावा कर सकते हैं कि पूरे ब्रह्मांड में वो अकेले नेता हैं, जो सौर मंडल के हर ग्रह-उपग्रह पर वैज्ञानिक शोध कराने की क्षमता रखता है। अजेय-अभूतपूर्व।

प्रधानमंत्री ने जोहान्सबर्ग में कहा था, 'अब चांद से जुड़े मिथक भी बदल जाएंगे। नई पीढ़ी के लिए कहावतें पुरानी पड़ जाएंगी। पहले कहा जाता था कि चंदा मामा दूर के... लेकिन अब लोग कहेंगे चंदा मामा बस एक टूर के...' मोदी ने अपने भाषण में देश के पहले मानव मिशन गगनयान की भी जानकारी दी। बताया कि इसके लिए तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। मोदी से पहले के प्रधानमंत्री वैज्ञानिक मिशन के मामले में चुप रहा करते थे, यहां मुट्ठी खोलने में देर नहीं लगती।

मगर, सवाल यह है कि जिन वैज्ञानिकों के बूते भारत अपना भाल ऊंचा कर रहा है, क्या उनके काम करने की परिस्थितियां और उनके हालात सही चल रहे हैं? 2022 को ही आधार मान लेते हैं, जब इसरो में 16 हज़ार 786 लोग काम कर रहे थे। इसरो की जय-जय कर रही सरकार से कोई पूछे कि 2023-24 के बजट में इस महकमे के वास्ते आबंटित राशि में आठ प्रतिशत की कटौती क्यों कर दी गई? पहले वाले बजट में 13 हज़ार 700 करोड़ को कम कर 12 हज़ार 542.91 करोड़ कर देने के पीछे की वजहें वित्त मंत्री ने स्पष्ट नहीं किया था।

चन्द्रयान-3 की सफलता के बाद अपनी पीठ ठोकने वाली सरकार ने विगत नौ वर्षों की रिपोर्ट कार्ड जारी कर दी। रिपोर्ट कार्ड का लब्बो-लुआब यह है कि नौ साल की अवधि में इसरो के ज़रिये 389 विदेशी सेटेलाइट लांच किये गये थे, जिससे 3 हज़ार 300 करोड़ की आय हुई थी। सरकार का कहना है कि 2014 से पहले केवल 35 विदेशी उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किये गये थे। मोदी से पहले 2013-14 में अंतरिक्ष कार्यक्रमों का बजट केवल 5 हज़ार 615 करोड़ आबंटित था।

मतलब, भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में पीएम मोदी का महान अवदान रहा है। उनके पहले वाले, जितने महानुभाव प्रधानमंत्री बने, 7 रेसकोर्स रोड पर झाल बजा रहे थे। चैनलों और न्यूज़ एजेंसियों के ज़रिये नौ साल के कालखंड में अपने देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों को जिस तरह से बघारा गया है, ऐसा लगता है कि उससे पहले अक्खा देश आदिम अवस्था में था। पब्लिक तन पर पत्ते ढंक कर काम चला रही थी।

मोदी सरकार की रिपोर्ट कार्ड से इसरो में काम कर चुके वैज्ञानिकों के मनोबल पर क्या असर पड़ेगा, यह भी सोचने की बात होगी। विक्रम साराभाई, एमजीके मेनन, यूआर राव, के. कस्तूरीरंगन, जी. माधवन नायर और के. राधाकृष्णन (जो पीएम मोदी के ज़माने में अपनी सर्विस के बाक़ी आठ माह जैसे-तैसे निकाल पाये थे), जैसे नामचीन वैज्ञानिकों को केवल 35 फॉरेन सेटेलाइट्स लांच करने का श्रेय दिया जाएगा? मोदी सरकार ने विज्ञप्ति के ज़रिये अपना तो बघार लिया, मगर देश के नामी-गिरामी वैज्ञानिकों के परफॉरमेंस पर बड़ा सा प्रश्न चिह्न चिपका दिया।

ऐसा लगता है कि इसरो को चुनावी मंच पर लाने की पूरी तैयारी हो चुकी है। जब वहां हरेक लांच के समय पूजा-पाठ का पाखंड शुरू हुआ, तभी लग गया था कि विज्ञान के इस अधिकेंद्र के बुनियादी स्वरूप को बदलने में मोदी सरकार लग चुकी है। इसरो में जो कुछ अजीबोगरीब घटित हुआ, उसमें शैलेश नायक का क़िस्सा भी दिलचस्प है, जो केवल 11 दिनों के वास्ते इस महकमे के प्रमुख बनाये गये थे। 1 जनवरी 2015 को शैलेश नायक इसरो के प्रमुख बने, 12 जनवरी 2015 को ख़बर आई कि वो इस्तीफा दे चुके हैं। इसरो में सबसे कम अवधि तक कुर्सी पर रहने का इतिहास रच गये शैलेश नायक।

प्रधानमंत्री के अधीनस्थ अंतरिक्ष विभाग देश का अकेला मंत्रालय है, जिसका मुख्यालय दिल्ली नहीं, बंगलुरू है। 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने होमी जे भाभा के ज़िम्मे अंतरिक्ष अनुसंधान व बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग का ज़िम्मा सौंपा। परमाणु ऊर्जा विभाग की स्थापना भी होमी जे भाभा ने की थी। 1962 में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (इन्कोस्पार) की स्थापना हुई थी। उसी वर्ष तिरुवनंतपुरम के पास थुम्बा भूमध्यरेखीय रॉकेट लांचिंग स्टेशन (टर्ल्स) पर भी काम शुरू हुआ। उसके सात साल बाद, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की स्थापना, अगस्त 1969 में की गई। जून 1972 में अंतरिक्ष विभाग अस्तित्व में आया, और सितंबर 1972 में अंतरिक्ष विभाग के तहत 'इसरो' को लाया गया।

अंतरिक्ष विभाग और इसरो मुख्यालय का सचिवालय न्यू बीईएल रोड, बंगलुरु के अंतरिक्ष भवन में स्थित है। इसरो का मुख्य काम उपग्रह संचार, राकेट व उपग्रह प्रक्षेपण, अंतरिक्ष विज्ञान, आपदा प्रबंधन सहायता, प्रायोजित अनुसंधान योजना, अंतरराष्ट्रीय सहयोग व सुरक्षा समन्वय को आगे बढ़ाना है। 2014 से पहले क्या किसी सरकार ने इसरो का इस्तेमाल चुनावी प्रचार या जनमत को प्रभावित करने में लगाया है? यह भी खोज का विषय है।

हमारा देश अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों पर अवश्य गर्व करे, मगर साथ में उन परिस्थितियों की भी पड़ताल करे, जिस वजह से उन्हें आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता है। 2014 से पहले, और बाद में भी इसरो समेत देश के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थानों में ख़ुदकुशी व रहस्यमय हत्याओं की घटनाएं हुई हैं। अपने देश के वैज्ञानिक रहस्यमय परिस्थितियों में मारे गये हैं, उनमें होमी जे भाभा, लोकनाथन महालिंगम, उमा राव, रवि मूले, एम.अय्यर, केके जोशी, अभीष शिवम, उमंग सिंह, पार्थ प्रतिम बग, मुहम्मद मुस्तफा, टाइटस पॉल, दलिया नायक जैसे बहुतेरे नाम हैं।

बहस इस पर भी होनी चाहिए जो वैज्ञानिक रहस्यमय परिस्थितियों में जान गंवा बैठे, उनकी सही दिशा में जांच क्यों नहीं हुई? एक वैज्ञानिक की रहस्यमय मौत का मामला देश की प्रतिरक्षा से भी जुड़ा होता है।

24 जनवरी 1966 को होमी जे भाभा की मौत स्विट्ज़रलैंड में माउंट ब्लांक की वादियों में एयर इंडिया की फ्लाइट 101 के दुर्धटनाग्रस्त होने से हुई थी। इसके पीछे किन शक्तियों का हाथ रहा था? उस रहस्य से आजतक पर्दा नहीं उठ पाया। जनवरी 2023 में ख़बर आई कि इसरो के श्रीहरिकोटा केंद्र में तीन दिनों में तीन लोगों ने ख़ुदकुशी कर ली, जिनमें से दो सीआईएसएफ के जवान थे!

pushpr1@rediffmail.com

### बीता सप्ताह

**19 अगस्त**
- भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरानम संगादुर राष्ट्रपति चुनाव के लिए मात्र तीन उम्मीदवारों में शामिल किए गए।
- कोलंबिया में 6.1 तीव्रता वाले भूकंप आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई।
- मलेशिया में एक निजी जेट दुर्घटनाग्रस्ता हो जाने पर 10 लोगों की मौत हो गई।
- नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सभी के साथ एक जैसा व्यवहार किया जाएगा।

**20 अगस्त**
- महाराष्ट्र सरकार ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को 'उद्योग रत्न' से सम्मानित किया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा-आदित्य एल-1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जाएगा।
- केंद्रीय मंत्री पूर्व राजनयिक हरदीप सिंह पुरी ने कहा- भारत में जी-20 की 60 वीं बार बैठक में शामिल होने का नया कीर्तिमान बनाया।
- राहुल गांधी ने लेह से पेंगांग झील तक बाइक से सफर किया।

**21 अगस्त**
- पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब के हफीजाबाद में एक बस में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई।
- भारत की अनहत सिंह ने 30 वीं एशियाई जूनियर स्क्वैश अंडर-17 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- छत्तीसगढ़ के निर्वाचन कार्यालय के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 करोड़ 96 लाख 40 हजार 430 मतदाता हैं।
- उत्तराखंड गंगोत्री नेशनल हाइवे में एक बस 50 मीटर गहरी खाई में गिर जाने से 8 लोगों की मौत हो गई।

**22 अगस्त**
- सुप्रीम कोर्ट ने एक दुष्कर्म पीड़िता को 28 सप्ताह के भ्रूण को गर्भपात कराने की अनुमति दी।
- केंद्रीय सतर्कता आयोग की जारी रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार की शिकायतों में गृह मंत्रालय पहले नंबर पर रेलवे व बैंक- दूसरे व तीसरे नंबर पर रहे।
- तुर्की में एक बस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई।
- राज्य सभा में नौ नए सदस्यों ने सदस्यता की शपथ ली।

**23 अगस्त**
- ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने प्रधानमंत्री मोदी जोहान्सबर्ग पहुंचे।
- सुप्रीम कोर्ट ने हत्या करने के प्रयास मामले में लक्षद्वीप के लोकसभा सांसद मोहम्मद फैजल दोषसिद्धि और सजा को निलंबित करने वाले केरल उच्च न्यायालय के आदेश को निरस्त कर पुनर्विचार करने का आदेश दिया।
- राष्ट्रीय कांग्रेस नेता राहुल गांधी लेह में सेना के पूर्व अधिकारियों से मुलाकात कर स्थिति का जायजा लिया।
- चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने जोहान्सबर्ग पहुंचे।

**24 अगस्त**
- 23 अघस्त 2023 की शाम 6.04 बजे चंद्रयान-3 चंद्रमा पर उतरा।
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में इंदौर शहर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर तीन साल के लिए चुनाव आयोग के नेशनल आइकन के रूप में कार्य करेंगे।
- मिजोरम के सैरांग में निर्माणाधीन रेलवे पुल गिरने से 26 लोगों की मौत हो गई।

**25 अगस्त**
- छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री मितान योजना को यूपी सरकार ने किया पुरस्कृत।
- ब्रिक्स में 6 नए देश शामिल हुए, अर्जेंटीना, भिति, हथियोपिया, ईरान, सउदी अरब और संयुकत अरब अमीरात (यूएई)।
- 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में अतलू अर्जुन बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी सरदार उधम।
- भारतीय कुश्ती महासंघ को यूनाइटेड एतर्ड रेसलिंग ने समय पर चुनाव नहीं करने के कारण निलंबित कर दिया।

## क्या 'विकास' से बच पाएंगे हिमालयी राज्य?

■ प्रमोद भार्गव

लगता है, 2013 की केदारनाथ त्रासदी से लेकर हिमाचल और उत्तराखंड में हो रही मौजूदा तबाही तक, नीति-नियंताओं ने कोई सबक नहीं लिया है। नतीजतन चार दिन की बारिश, 112 बार हुए भूस्खलन और पांच बार फटे बादलों से जो बर्बादी हुई उसमें 71 लोग मारे गए। इस मानसून में अब तक हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 327 लोगों को आपदाओं ने लील लिया, 1442 घर जलधाराओं में विलीन हो गए और 7170 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां धराशायी हो गईं। हिमाचल में एक साथ करीब 950 सड़कों पर आवाजाही बंद पड़ी है। बद्री-केदारनाथ राजमार्ग भी ठप्प है।

इस तबाही के असली कारण समूचे हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने के परिप्रेक्ष्य में 'जल-विद्युत संयंत्र' और रेल परियोजनाओं की जो बाढ़ आई हुई है, वह है। इन परियोजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र से रेल गुजारने और कई छोटी हिमालयी नदियों को बड़ी नदियों में डालने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए भी जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है। इस आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास का ही परिणाम है कि आज हिमालय ही नहीं, हिमालय के शिखरों पर स्थित पहाड़ दरकने लगे हैं।

**रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि सैनिकों का इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है, लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विचार की जरूरत है।**

हिमाचल प्रदेश के समरहिल स्थित शिवबाड़ी मंदिर में जो तबाही दिखी, वैसी ही पिछले साल उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ में भी दिखाई दी थी। इस शहर ने कई अप्रिय कारणों से नीति-नियंताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा था। 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (इसरो) द्वारा जारी उपग्रह तस्वीरों ने बारह दिनों में जोशीमठ के 5.4 सेंटीमीटर धंस जाने की चिंता जताई थी। इन प्रामाणिक सच्चाईयों को छिपाने के लिए 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' और उत्तराखंड सरकार ने 'इसरो' समेत कई सरकारी संस्थानों को निर्देश दिए थे कि वे मीडिया के साथ जानकारी साझा न करें। नतीजतन 'इसरो' की बेवसाइट से धरती के धंसने के चित्र हटा दिए गए।

सरकार का यह उपाय भूलों से सबक लेने की बजाय उन पर धूल डालने जैसा था। जब धरती को हिलाकर हिमालय का पारिस्थितिकी तंत्र नाजुक बना दिया गया है और घरों में दरारें पड़ने के साथ आधारतल तक धंस रहे हैं, तब लोगों की जीवन-रक्षा से जुड़ी सच्चाईयों को क्यों छुपाया गया? दरअसल भारत सरकार और राज्य सरकार ने स्थानीय लोगों के विरोध के बावजूद हठपूर्वक पर्यावरण के विपरीत जिन विकास परियोजनाओं को चुना है, उनके चलते यदि लोग अपने गांव और आजीविका के संसाधनों को खो रहे हैं, तो ऐसी परियोजनाएं किसलिए और किसके लिए बनाई जा रही हैं?

रेल और बिजली के विकास से जुड़ी कंपनियां दावा कर रही हैं कि धरती निर्माणाधीन परियोजनाओं से नहीं धंस रही है, लेकिन किन कारणों से धंस रही है, इसका उनके पास कोई उत्तर नहीं है। 'केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय' का 'नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन' जो इस क्षेत्र में 'तपोवन-विष्णुगढ़ जल-विद्युत परियोजनाओं' का निर्माण कर रहा है, ने दावा किया है कि इस क्षेत्र की जमीन धंसने में उसकी परियोजनाओं की कोई भूमिका नहीं है।

उत्तराखंड में गंगा और उसकी सहयोगी नदियों पर एक लाख तीस हजार करोड़ रुपयों की 'जल-विद्युत परियोजनाएं' निर्माणाधीन हैं। इन संयंत्रों की स्थापना के लिए लाखों पेड़ों को काटने के बाद पहाड़ों को निर्ममता से छलनी किया जा रहा है और नदियों पर बांध निर्माण के लिए नींव के गहरे गड्ढे खोदकर खंबे व दीवारें खड़े किए जा रहे हैं। अभियंता कंप्यूटरों पर 90 डिग्री पर पहाड़ काटने का नक्शा बना रहे हैं, जबकि मौके पर जाकर पहाड़ की स्थिति को जानने की जरूरत है।

कई जगह सुरंगें बनाकर पानी की धार को संयंत्र के पंखों पर डालने के उपाय किए गए हैं। इन गड्ढों और सुरंगों की खुदाई में ड्रिल मशीनों से जो कंपन होता है, वह पहाड़ की परतों को खोखला कर देता है। पेड़ों की जड़ों से जो पहाड़ गुंथे होते हैं, उनकी पकड़ भी इस कंपन से ढीली पड़ जाती है। नतीजतन तेज बारिश के चलते पहाड़ों के ढहने और हिमखंडों के टूटने की घटनाएं पूरे हिमालय क्षेत्र में लगातार बढ़ जाती हैं। यही नहीं कठोर पत्थरों को तोड़ने के लिए भीषण विस्फोट भी हिमालय को हिला देते हैं।

हिमालय में अनेक रेल परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। सबसे बड़ी रेल परियोजना के कारण उत्तराखंड के चार जिलों (टेहरी, पौड़ी, रुद्रप्रयाग और चमोली) के तीस से ज्यादा गांवों को भी विकास की कीमत चुकानी पड़ रही है। यहां के छह हजार परिवार विस्थापन की चपेट में आ गए हैं। यह तो शुरूआत है, लेकिन यदि विकास इसी तरह जारी रहता है तो बर्बादी का नक्शा बहुत विस्तारित होगा।

ऋषिकेश से कर्णप्रयाग तक की रेल परियोजना 125 किमी लंबी है। इसके लिए सबसे लंबी सुरंग देवप्रयाग से जनासू तक बनाई जा रही है, जो 14.8 किमी लंबी है। केवल इसी सुरंग का निर्माण बोरिंग मशीन से किया जा रहा है। बाकी जो 15 सुरंगे बन रही हैं, उनमें ड्रिल तकनीक से बारूद लगाकर विस्फोट किए जा रहे हैं।

इस परियोजना का दूसरा चरण कर्णप्रयाग से जोशीमठ की बजाय अब पीपलकोठी तक होगा। भू-गर्भीय सर्वेक्षण के बाद 'रेल विकास निगम' ने जोशीमठ क्षेत्र की भौगोलिक संरचना को परियोजना के अनुकूल नहीं पाया था। इसलिए अब इस परियोजना का अंतिम पड़ाव पीपलकोठी कर दिया है। हिमालय की ठोस व कठोर अंदरूनी सतहों में होने वाले विस्फोट दरारें पैदा करके पेड़ों की जड़ें भी हिला रहे हैं। अन्य जिलों के श्रीनगर, मलेथा, गौचर ग्रामों के नीचे से सुरंगें निकाली जा रही हैं। इनमें किए जा रहे धमाकों से घरों में दरारें आ गई हैं।

उत्तराखंड के भूगोल का मानचित्र बीते डेढ़ दशक में तेजी से बदला है। चौबीस हजार करोड़ रुपए की 'ऋषिकेश-कर्णप्रयाग परियोजना' ने जहां विकास और बदलाव की ऊंची छलांग लगाई है, वहीं इन परियोजनाओं ने खतरों की नई सुरंगें भी खोद दी हैं। उत्तराखंड के सबसे बड़े पहाड़ी शहर श्रीनगर के नीचे से भी सुरंग निकल रही है। नतीजतन धमाकों के चलते 150 से ज्यादा घरों में दरारें आ गई हैं। पौड़ी जिले के मलेथा, लक्ष्मोली, स्वोत और डेवली में 771 घरों में दरारें आ चुकी हैं।

रेल परियोजनाओं के अलावा यहां बारह हजार करोड़ रुपये की लागत से बारहमासी मार्ग निर्माणाधीन हैं। इन मार्गों पर पुलों के निर्माण के लिए भी सुरंगें बनाई जा रही हैं, तो कहीं घाटियों के बीच पुल बनाने के लिए मजबूत स्तंभ बनाए जा रहे हैं। हालांकि सैनिकों का इन सड़कों के बन जाने से चीन की सीमा पर पहुंचना आसान हो गया है, लेकिन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिहाज से जो निर्माण किए जा रहे हैं, उन पर पुनर्विचार की जरूरत है।

उत्तराखंड भूकंप के सबसे खतरनाक 'जोन-5' में आता है। कम तीव्रता के भूकंप यहां निरंतर आते रहते हैं। मानसून में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में भू-स्खलन, बादल फटने और बिजली गिरने की घटनाएं निरंतर हो रही हैं। पहाड़ों के दरकने के साथ छोटे-छोटे भूकंप भी देखने में आ रहे हैं। बीते सात सालों में इन राज्यों में 130 बार से ज्यादा छोटे भूकंप आए हैं। यहां 'जल-विद्युत' और रेल परियोजनाओं ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

टिहरी पर बंधे बांध को रोकने के लिए तो लंबा अभियान तक चला था। पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक हिदायतें देते रहे कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरल धारा बाधित हुई तो गंगा तो अस्तित्व खोएगी ही, हिमालय की अन्य नदियां भी अस्तित्व के संकट से जूझेंगी, लेकिन हमेशा की तरह 'विकास-वादियों' ने किसी की नहीं सुनी। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश आज इसी जिद का खामियाजा भुगत रहा है।

*(स्वतंत्र लेखक और पत्रकार हैं।)*

## कृषि नीति के बुने जाल में उलझा है देश

केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि वह इस साल अतिरिक्त दो लाख टन प्याज खरीदेगी। इससे इस साल बफर स्टॉक का लक्ष्य तीन लाख टन से बढ़कर पांच लाख टन हो जाएगा। खास बात यह है कि यह घोषणा 40 फीसदी निर्यात शुल्क लगाए जाने के फैसले के एक दिन बाद आई है। सीधे शब्दों में कहें तो सरकार ने निर्यात को प्रभावी ढंग से घटाकर स्थानीय आपूर्ति में वृद्धि की जिससे कीमतें गिर गईं और फिर वह अपने बफर स्टॉक को बढ़ाने के लिए सस्ते प्याज का भंडारण कर रही है। क्या इससे बाजार तंत्र में दखलदांजी की बू नहीं आती? क्या ऐसा नहीं लगता कि इससे प्याज उत्पादक किसान सरकार को कम कीमत पर प्याज बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं? क्या यह सत्ता का दुरुपयोग नहीं है? एक पूर्व कृषि मंत्री ने यह कहकर निर्यात कर की आलोचना की है कि इससे निश्चित रूप से किसानों को नुकसान पहुंचेगा। ये पूर्व मंत्री एक ऐसे राज्य से आते हैं जो देश के एक तिहाई प्याज की आपूर्ति करता है। किसान पहले से ही निर्यात कर के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं लेकिन इस आंदोलन का फायदा नहीं हुआ।

वैसे कृषि उत्पादों के बाजार तंत्र में इस तरह के मनमाने हस्तक्षेपों की किसानों को आदत है। इस सप्ताह प्याज की महंगाई दर 19 प्रतिशत है। यह दर सरकार के लिए चिंताजनक है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि घरेलू बजट में प्याज का हिस्सा बहुत थोड़ा होता है पर प्याज की कीमतें नेताओं की आंखों में आंसू ला सकती हैं और इतिहास गवाह है कि प्याज की कीमतों की अनियमितता के कारण सरकारें गिरी हैं। मोदी सरकार द्वारा सितंबर 2020 में संसद में प्रस्तावित कृषि कानूनों को याद करें। इन तीन कानूनों में से एक में कीमतों को पूरी तरह से नियंत्रण मुक्त करने और स्टॉकिंग सीमा को हटाने का प्रस्ताव किया गया था। इसके अलावा, निर्यात या आयात पर मनमाने ढंग से प्रतिबंधों को नियंत्रण मुक्त करने की भी पेशकश थी। जब कृषि कानून पेश किए गए थे तो उसी सप्ताह बांग्लादेश में प्याज के निर्यात कार्गो ले जा रहे जाने वाले कई ट्रकों को सीमा पर रोक दिया गया था जिसके कारण किसानों को प्याज की कीमतों में वृद्धि का लाभ नहीं मिल सका। एक तरफ निर्यात रोकने और दूसरी तरफ कृषि बाजारों को नियंत्रण से मुक्त करने की मांग जैसी ये मिश्रित कार्रवाइयां बेईमानी के संकेत देती हैं।

अभी जब हम टमाटर की अत्यधिक बढ़ी हुई कीमतों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं तो उन परिस्थितियों में शायद प्याज पर वर्तमान निर्यात कर एक निरोधक उपाय है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी विपणन संघ (नेफेड) अपने बफर स्टॉक में पहले ही 15 लाख टन से अधिक टमाटर खरीद चुके हैं। टमाटर की कीमत 200 रुपये प्रति किलो तक बढ़ने के कारण वे इन्हें रियायती दरों पर बेच रहे हैं। इस सब्सिडी का भुगतान कहां से किया जाता है? मुद्रास्फीति की भड़की आग को बुझाने के लिए भारत ने नेपाल और शायद अन्य देशों से भी टमाटर का आयात किया है। कितना टमाटर आयात किया है, इसके बारे में जानकारी नहीं है। खुदरा मुद्रास्फीति 7.5 प्रतिशत पर चल रही है जो भारतीय रिजर्व बैंक की उदार सीमा 6 प्रतिशत से काफी ऊपर है। मतलब टमाटर मुद्रास्फीति पैदा करने वाले मुख्य खलनायकों में से है। हालांकि सब्जियों के मूल्यों से उत्पन्न मुद्रास्फीति मौसमी और स्वभावत: चंचल होती है लेकिन यह जबरदस्त तरीके से मीडिया का ध्यान आकर्षित करता है।

एक और कृषि उत्पाद पर चर्चा करते हैं। भारत ने जुलाई में गैर-बासमती सफेद चावल और टूटे हुए चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया था। सभी प्रकार के चावल निर्यात का यह कुल 45 प्रतिशत हिस्सा है। इस फैसले ने हमारे कई व्यापारिक भागीदारों को परेशान कर दिया है जिसके कारण भारत एक गैर भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता की तरह नजर आता है। भारत से चावल के आयात पर निर्भरता अफ्रीका और एशिया में कुछ देशों की खाद्य सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। क्या सरकार खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंतित थी? प्रकट रूप से नहीं। तब निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का क्या कारण हो सकता है? प्रथम दृष्टया यह इथेनॉल निर्माताओं के हितों की रक्षा करने के बारे में लगता है। अनुमानत: 30 लाख टन इथेनॉल बनाने के लिए 50 से 60 लाख टन टूटे हुए चावल का प्रयोग होता है। इसलिए निर्यात प्रतिबंध से कार इंजनों के लिए इथेनॉल की उपलब्धता बढ़ जाती है लेकिन यह उपलब्धता चावल उत्पादक किसान के मुनाफे की कीमत पर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चावल की कीमतें पिछले 10 वर्षों के उच्च स्तर पर हैं और यह किसानों के लिए लाभ कमाने का एक अच्छा अवसर है, परन्तु जब कृषि उत्पादों पर निर्यात प्रतिबंध जैसे लाभ-विरोधी उपायों की बात आती है तो किसान हमेशा निशाने पर रहा है।



डॉ.अजीत रानाडे

**आधे किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती है क्योंकि या तो वे भूमिहीन या पट्टेदार हैं और इस प्रकार उस भूमि से बंधे नहीं हैं जिस पर वे खेती करते हैं। कृषि नीति को लेकर जो जाल हमने बुना है उसने हमें उलझा दिया है जिसे सुलझाना बहुत मुश्किल हो गया है। बाजार बेहतर ढंग से कार्य कर सकें इसके लिए हमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की आवश्यकता है। इसमें राज्य की बहुत कम घुसपैठ और किसान को बाजार प्रक्रिया में भाग लेने और इससे लाभ उठाने के लिए अधिक स्वतंत्रता की आवश्यकता है।**

टमाटर, प्याज या चावल पर नीतिगत कार्रवाई संबंधी हाल की घटनाएं बताती हैं कि कृषि में सुधार बहुत कठिन और अधूरे क्यों हैं। सबसे पहले यह एक अंतर्निहित शहरी पूर्वाग्रह है जिसका मतलब है कि ये नीतियां किसानों के हित के बजाय शहरी उपभोक्ताओं (कम खाद्य मुद्रास्फीति) के कल्याण को उच्च प्राथमिकता देती हैं। इसलिए कृषि नीतियां जिनसे बाजार में सुधार होता हैं और जो किसान के पक्ष में विनियमन करती हैं, उन्हें हमेशा मनमाने ढंग से पलट दिया जाता है या कम किया जाता है। दूसरा, मूल्य नियंत्रण के कारण किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए इनपुट सब्सिडी जारी है- उदाहरण के लिए मुफ्त पानी और बिजली, सस्ती खाद या कृषि आय पर कोई कर नहीं है। ये रियायतें (सब्सीडी) भारी और टाले जा सकने वाले राजकोषीय बोझ के कारण बनते हैं। तीसरा, राज्य के सख्त नियंत्रण को प्रति स्थापित करने के लिए वायदा बाजार जैसे बाजार तंत्र की तलाश नहीं की गई है। वायदा बाजारों को सट्टेबाजी के रूप में देखा जाता है और उन पर कथित तौर पर कीमतों में अस्थिरता पैदा करने का आरोप है। यह एक अप्रमाणित परिकल्पना है इसलिए सरकार कृषि वस्तुओं की खरीद, भंडारण और व्यापार के माध्यम से बाजार में भारी हस्तक्षेप पर निर्भर है। ऐसा करने के लिए वह प्रतिस्पर्धा विरोधी एकाधिकार व्यवहार का उपयोग करने में संकोच नहीं करता है। प्रतिस्पर्धा विरोधी और प्रभुत्व के दुरुपयोग के लिए सरकार को अदालत में कौन घसीटेगा?

इस प्रकार मूल्य नियंत्रण, भंडारण सीमा, मनमाने आयात और निर्यात प्रतिबंध तथा बार-बार बदलती नीतियों से कृषि क्षेत्र को बांधा गया है। यद्यपि तकनीकी रूप से यह राज्य का विषय है फिर भी कृषि में राज्यों के अलावा केन्द्र का भी काफी हस्तक्षेप है। इसके बाद किसान को भारी और विचित्र सब्सिडी देकर फुसलाया जाता है।

इस प्रकार की सब्सिडी न केवल ऋण माफी, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों या राजकोषीय घाटे के माध्यम से राजकोषीय समस्याएं पैदा करती है बल्कि पर्यावरणीय संकट भी पैदा करने का कारण बनती है। पंजाब में रासायनिक उर्वरकों पर भारी सब्सिडी दी जाती है जिसके कारण वहां रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग के कारण मिट्टी का क्षरण और लवणता बढ़ गई है। इन सबसे ऊपर यह बात भी है कि आधे किसानों को सब्सिडी नहीं मिलती है क्योंकि या तो वे भूमिहीन या पट्टेदार हैं और इस प्रकार उस भूमि से बंधे नहीं हैं जिस पर वे खेती करते हैं। कृषि नीति को लेकर जो जाल हमने बुना है उसने हमें उलझा दिया है जिसे सुलझाना बहुत मुश्किल हो गया है। बाजार बेहतर ढंग से कार्य कर सकें इसके लिए हमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की आवश्यकता है। इसमें राज्य की बहुत कम घुसपैठ और किसान को बाजार प्रक्रिया में भाग लेने और इससे लाभ उठाने के लिए अधिक स्वतंत्रता की आवश्यकता है।

*(लेखक वरिष्ठ अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस)*

# ड्यूटी अनुभव हीन कर्मी लगा रहे, टीटीई में रोष

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के उच्च अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के कारण भर्राशाही दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। सबसे ज्यादा भर्राशाही का आलम देखा जा रहा है। इसकी एक मजेदार और दिलचस्प बानगी यह है कि जिस कर्मचारी को टीटीई की कार्य प्रणाली के कार्य का अनुभव नहीं है। ऐसे कर्मचारी को ट्रेन में ड्यूटी करने वाले टीटीई की ड्यूटी लगाने जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिस कर्मचारी को यह जिम्मेदारी दी गई है वह अपने आपको एसीएम टिकट चैंकिंग के रुप में कर्मचारियों को प्रचारित करते हुए धौंस भी दिखा रहा है।

पमरे के मुख्य स्टेशन में यह चर्चा जोरों से है कि इसे जबलपुर मंडल के वाणिज्य विभाग के शीर्ष अधिकारी का बरदहस्त प्राप्त है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई वरिष्ठ टीटीई ऐसे है जो अनुभवी और कार्य संपादन में श्रेष्ठ है ऐसे योग्य कर्मचारियों को जिम्मेदारी वाले कार्य न सौंपकर अक्षय व्यक्ति को यह जिम्मेदारी सौंपे जाने का क्या औचित्य है यह सभी की समझ के परे है। सूत्रों ने बताया कि जिस कर्मचारी को यह जिम्मेदारी दी गई है वह दिमागी रूप से फिट न होने के कारण उसे ट्रेन में लाइन में चलने से अनफिट किया गया है। जिस व्यक्ति को कार्य किये जाने का अनुभव ही नहीं है उसको इस तरह के आवश्यक काम सौंपे जाने का क्या औचित्य है यह बताने के लिए सभी लोग अपना पड़ला झाड़ रहे हैं।

यहों इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि प्रति माह टीटीई सेवा निवृत्त हो रहे है। ऐसी परिस्थिति में जो भी टिकट चैकिंग कर्मचारी हैं उनसे ही अधिकतम कार्य कराया जा रहा है ऐसी स्थिति में जो भी कर्मचारी है उनसे अच्छा व्यवहार कर अच्छे वातावरण देकर काम संपादित कराया जाना चाहिए।

पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक जैसे शीर्ष अधिकारियों की पदस्थापना की गई है वह इस अव्यवस्था की पटरी में लाने का प्रयास करेंगे इसकी सभी को उम्मीद है। स्टेशन परिसर में यह भी चर्चा जोरों से है कि यदि शीर्ष अधिकारियों ने इसमें कार्रवाई नहीं की तो वह महाप्रबंधक से भी मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे।

# रबी सीजन एवं चुनाव के समय ट्रांसमिशन सिस्टम की स्थिरता बनाये रखने को दे सर्वोच्च प्राथमिकता

**जबलपुर, देशबन्धु।** एम.पी ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने आगामी रबी सीजन और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की समीक्षा बैठक ली। बैठक में प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कंपनी के वर्तमान कार्यो की प्रगति की समीक्षा की तथा नवम्बर, दिसम्बर माह एवं आगामी विधानसभा चुनाव के अवसर पर विद्युत की बढ़ने वाली संभावित मांग की चुनौतियों और उससे निपटने के उपायों पर गंभीर विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि एम.पी. ट्रांसको के अधिकारी आगामी रबी सीजन में विद्युत की संभावित 18,000 मेगावाट को हेंडल करने के लिये तैयार रहें। इस समीक्षा बैठक में मुख्यालय जबलपुर स्थित विभागाध्यक्षों के साथ मध्यप्रदेश के फील्ड के सभी अधीक्षण अभियंता स्तर तक के अधिकारी शामिल थे।

इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि एम.पी. ट्रांसको के अधिकारियों द्वारा किये गये परिश्रम से कंपनी देश की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक है, किन्तु भविष्य में यह उत्कृष्टता बनाये रखने के लिये समय के अनुरूप परिवर्तन एवं नई तकनीक से कार्य करने की आवश्यकता है।



प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने निर्देश दिये कि फील्ड के अधिकारी पूरे प्रदेश में एम पी ट्रांसको के सिस्टम की स्थिरता बनाये रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि आने वाला समय एम.पी. ट्रांसको के लिये चुनौतीपूर्ण है इसलिए रबी सीजन के पूर्व मैनटेनेंस के सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लिए जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोग आने वाली सभी सामग्रियां और स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें ताकि जरूरत पड़ने पर मध्यप्रदेश के किसी भी हिस्से में न्यूनतम समय में आवश्यक स्पेयर पार्ट्स और सुधार सामग्री पहुंचायी जा सके।

प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने सभी फील्ड अधिकारियों को प्रशासनिक रूप से कसावट लाने के सख्त निर्देश दिये। उन्होने सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि वर्तमान व्यवस्था संविदा एवं आउटसोर्स कर्मियों के साथ काम करने की है। अतः ऐसा वर्क कल्चर बनाने की आवश्यकता है, जिसमें यह कर्मी एम.पी. ट्रांसको को अपनी कंपनी मानकर कार्यों में अपना सर्वश्रेष्ठ दे सके।



# 34 वी. अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे स्टेडियम में 34 वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल कुश्ती प्रतियोगिता 2023 के समापन के पूर्व मुख्य अतिथि सुधीर गुप्ता, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, विशिष्ट अतिथि संध्या गुप्ता, अपर महाप्रबंधक आर.एस.सक्सेना, महानिरीक्षक, आरपीएफ प्रदीप कुमार गुप्ता, उपमहानिरीक्षक राजेन्द्र रूपनवर, मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त अरूण त्रिपाठी एवं रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिती में 61 किग्रा, 70 किग्रा, 79 किग्रा तथा 86 किग्रा वेट कैटेगरी के फाइनल मैच खेले गये।

जिसमें 61 किग्रा वेट कैटेगरी में पष्चिम मध्य रेलवे के पहलवान षिवमान सिंह ने रेलवे सुरक्षा विषेष बल के पहलवान लोकेष को 10-08 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। 70 किग्रा वेट कैटेगरी में रेलवे सुरक्षा विषेष बल के पहलवान वीरेन्द्र ने पष्चिम रेलवे के पहलवान पवन को 10-0 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। 79 किग्रा वेट कैटेगरी में उत्तर रेलवे के पहलवान प्रवीण ने उत्तर रेलवे के पहलवान रवि को 14-12 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। 86 किग्रा वेट कैटेगरी में पष्चिम रेलवे के पहलवान जतिन ने उत्तर पूर्व रेलवे के पहलवान नहरदेव को 3-1 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। फाइनल मैचों के पश्चात मुख्य अतिथि सुधीर गुप्ता, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमति संध्या गुप्ता द्वारा खिलाडियों को पुरूस्कार वितरित किये गये। समारोह के समापन पर प्रदीप कुमार गुप्ता महानिरीक्षक आरपीएफ द्वारा मुख्य अतिथि सुधीर कुमार गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# डॉ. प्रियंका पाण्डे को मिला राज्य गौरव सम्मान




**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश की राजधानी भोपाल में 24 अगस्त 2023 को आयोजित सम्मेलन में जबलपुर शहर की डॉ. प्रियंका पाण्डे को बेस्ट मेडिकल रिसर्चर ऑफ द ईयर घोषित करते हुये राज्य गौरव सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका पाण्डे द्वारा लिखी गई एक नई किताब लेबेरोटरी मेनुअल ऑफ माइक्रोबायोलॉजी एण्ड इटस् बायोकेमेस्ट्री का विमोचन भी इस कार्यक्रम के माध्यम से सम्पन्न हुआ।



# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के चिकित्सकों ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जन दर्शन यात्रा के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का शुक्रवार को संस्कारधानी जबलपुर में आगमन हुआ। उत्तर विधानसभा में जन दर्शन यात्रा का आगमन के दौरान भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ. अश्विनी कुमार त्रिवेदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री का स्वागत अभिनंदन वंदन किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. विवेक जैन, सहसंयोजक डॉ. शुभम अवस्थी, डॉ सचिन बुधौलिया, डॉ प्रियंक दुबे, वीरेंद्र साहू ,डॉ. श्याम सिद्धे, डॉ. ऋषि उपाध्याय, डॉ. नेहा कुकरेजा, डॉ. सेजल जैन, डॉ. श्रीकांत साहू, डॉ. अरविंद पांडे, डॉ. विपुल भाई, डॉ. अमरेश पांडे, डॉ. मुकेश पांडे, डॉ. आशुतोष त्रिपाठी, वीरू मामा चौकसे, सहयोगी प्रीति बाजपाई उनके महिला साथियों द्वारा सहयोग किया।

# जनेकृविवि को सोयाबिन की 19 किस्मों को विकसित करने का गौरव प्राप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के आईएबीएम के सभागार में 2 दिवसीय क्यू. आर. टी. समीक्षा बैठक आयोजित की गई। पंचवर्षीय सोयाबीन अनुसंधान की समीक्षा बैठक के मुख्यअतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश सोयाबीन राज्य के रूप में ख्याति प्राप्त है एवं विश्वविद्यालय में सोयाबीन के शोध पर विशेष कार्य किये गये हैं। सेन्ट्रल जोन के अंतर्गत यह क्यू. आर. टी. में सोयाबीन के उत्पादकता, नवीनतम किस्मों एवं अन्य नवाचार हेतु भविष्य की कार्ययोजना पर मंथन किया जा रहा है।




समीक्षा बैठक की शुरूआत में संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि पूरे भारत में विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई सोयाबीन की किस्मों ने अपना एक विशेष स्थान प्राप्त किया है। परिणाम स्वरूप मध्य प्रदेश को पूरे भारत में सोयाबीन राज्य के रूप में ख्याति प्राप्त है। क्यू.आर.टी. के चेयरमेन डॉ. एस. राजेन्द्र प्रसाद कुलपति जी.के.वि.के. बैंगलोर ने अपने उद्बोधन में कहा कि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के सोयाबीन वैज्ञानिकों द्वारा बेहतरीन कार्य किया गया है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आपने कहा कि भविष्य में सोयाबीन के क्षेत्र में कीट व्याधियों की जो समस्याएं हैं, इन पर विशेष - रूप से कार्य करने आवश्यकता है।

# रेलवे के समक्ष चेंबर ने रखा रायपुर के साथ वंदे भारत ट्रेन को इंदौर तक बढ़ाने का प्रस्ताव

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर से चलकर रानी कमलापति स्टेशन जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को जबलपुर से इंदौर तक विस्तारित किए जाने तथा जबलपुर से रायपुर के लिए भी एक नई बंदे भारत ट्रेन चलने से इसका लाभ व्यापारिक गतिविधियों को प्राप्त होगा। जिससे कि जबलपुर का संपर्क इंदौर तथा रायपुर से तीव्र गति का हो जाएगा और कम समय में व्यापारियों का उक्त दोनों शहरों में आने जाने का काम आसान हो जाएगा। इस ट्रेन के विस्तारित होने से प्रदेश के दोनों ही महानगरों सहित रायपुर में व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। इस आशय का प्रस्ताव महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी ने रेलवे अधिकारियों के साथ एक भेंट में व्यक्त किया। रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक अखिलेश नायक के नेतृत्व में एक टीम ने महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों से मुलाकात की । इस अवसर पर चेंबर के रवि गुप्ता, अखिल मिश्रा, युवराज गढ़वाल, एस एस ठाकुर, राजेश चंडोक, शंकर नागदेव तथा केपी श्रीवास्तव आदि ने रेलवे अधिकारियों के समक्ष प्रस्ताव रखा।



# जीके टीएमटी की इंजीनियर और आर्किटेक्ट मीट सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** होटल नर्मदा जैक्सन में जीके टीएमटी की इंजीनियर और आर्किटेक्ट मीट सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस मीटिंग में प्रैक्टिस इंजीनियर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष दुबे, उपाध्यक्ष दिनेश और सीएम अयाची, महासचिव आर के श्रीवास्तव, सीनियर आर्किटेक सुजीत कालांतरे समेत लगभग 85 इंजीनियर और आर्किटेक्ट शामिल हुए।



मीटिंग में सबसे पहले जीके टीएमटी के एसिस्टेंस वाइस प्रेसिडेंट श्री भंडारी जी ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि आज जीके टीएमटी 22 साल से आपकी सेवा के सफर में सभी इंजीनियर और आर्किटेक्ट का बहुत बड़ा योगदान है जिन्होंने जीके टीएमटी की क्वालिटी को परखा और सराहा है जीके टीएमटी का अप्रेवल गवर्मेंट के बड़े बड़े प्रोजेक्ट्स जैसे एमईएस, इंडियन रेलवे, नेशनल हाइवे, मेट्रो रेलवे और भी अन्य सभी महत्वपूर्ण जगहों में है जो की आसानी से नहीं मिलता।

इसके बाद जीके टीएमटी के वाइस प्रेसिडेंट ने वीडियो दिखाते हुए बताया कि कैसे जीके टीएमटी सबसे बेहतर क्वालिटी का रॉ मटेरियल का उपयोग करते हुए सबसे बेहतर टीएमटी का उत्पादन करती है। एनएबीएल अपूव लैब जीके टीएमटी के प्लांट में स्थापित है जो कि अपने आप में एक मिल का पत्थर है। जीके टीएमटी छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट, ओडिसा, उत्तरप्रदेश, गुजरात और राजस्थान में उपलब्ध है और धीरे धीरे यह पूरे भारतवर्ष में अपनी पहुंच बना रहा है। जीके टीएमटी के इंजीनियर और आर्किटेक मीट में आए कुछ सीनियर व्यक्तियों का जीके टीएमटी के वाइस प्रेसिडेंट श्री दर्शन और एसिस्टेंस वाइस प्रेसिडेंट श्री भंडारी के द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# दिव्यांगो के लिए रेलवे रियायत कार्ड बनाना हुआ और भी आसान

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में दिव्यांग रेल यात्रियों के लिए कंसेशन यात्रा कार्ड बनाने का कार्य बहुत ही आसान कर दिया गया है, जिसके तहत आवेदक के द्वारा आवेदन प्राप्त होते ही तीव्र गति से कार्ड बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाती है जिससे दिव्यांग यात्री इस सरल व्यवस्था से बहुत प्रसन्न है। इसी कडी में त्रिमूर्ति नगर जबलपुर निवासी एच.एन. गुप्ता ने अपनी पत्नी कांति गुप्ता का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए जाने पर हर्ष के साथ रेलवे विभाग के इस सहयोग पर अधिकारी एवं कर्मचारी को हृदय से लिखित रूप में धन्यवाद दिया एवं इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।



इस सम्बन्ध में सीनियर डीसीएम श्री विश्व रंजन ने बताया कि रेल रियायत का कार्ड बनाने की प्रक्रिया के लिए मंडल कार्यालय पर आवश्यक दस्तावेज जमा करके दिव्यांगो को अपनी दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन्म तिथि का प्रमाण पत्र तथा रेल रियायत का चिकित्सा प्रमाण पत्र एवं दो पास पोर्ट फोटो मंडल के वाणिज्य कार्यालय में प्रस्तुत करना होता है । इस तरह सभी प्रकार के दिव्यांगो के प्रमाण पत्र के लिए वे स्वयं अथवा उनके प्रतिनिधि उक्त पत्रों के साथ आवेदन पत्र भरकर प्रस्तुत कर सकते है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर रेल मंडल द्वारा कटनी, सतना एवं रीवा में गत माह शिविर लगाकर रेल यात्रा के लिये रियायत प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन दिया एवं फार्म जमा कराए गए आगे भी रेलवे विभाग द्वारा इसी तरह मंडल में दिव्यांगजन अपने आवश्यक प्रमाण पत्र देकर इस सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# रेलवे के टिकट जांच अभियान में एक सैकड़ा से अधिक अनियमित यात्री सफर करते मिले



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में वाणिज्य अधिकारियों की टीम द्वारा शुक्रवार को लगभग आधा दर्जन यात्री गाड़ियों में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान लगभग 160 यात्रियों को पड़कर उनसे एक लाख 56 हजार रुपए की राशि बतौर जुर्माना वसूल की गई। इस संबंध में सीनियर डीसीएम विश्व रंजन ने बताया कि त्योहार के अवसर पर यात्री गाड़ियों में अनियमित टिकट लेकर तथा अनाधिकृत रूप से स्लीपर कोच में यात्रा करने वालों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे द्वारा दो टीम बनाकर जांच अभियान शुरू किया गया। जिसके तहत उक्त टीमों का नेतृत्व डीसीएम नितेश कुमार सोने तथा एसीएम पंकज कुमार दुबे द्वारा किया गया। जबलपुर से कटनी की दिशा में राजकोट एक्सप्रेस से चल टिकट निरीक्षकों की टीम ने बड़ी संख्या में अप डाउन करने वाले अनियमित यात्रियों को पकड़ा, इसी तरह जबलपुर से नरसिंहपुर की दिशा में चल टिकट निरीक्षकों के साथ रवाना हुई टीम ने साधारण श्रेणी की टिकिट पर उच्च श्रेणी में बैठकर सफर का मजा लेते हुए लगभग चार दर्जन यात्रियों को पकड़ा।

# पमरे में राजभाषा समीक्षा बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी, रवि शंकर सक्सेना की अध्यक्षता में पश्चिम मध्य रेल, मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत संपर्क राजभाषा अधिकारियों एवं संपर्क राजभाषा कर्मचारियों के साथ जबलपुर मंडल के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा राजभाषा कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें अपर महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेल पर सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के समुचित अनुपालन हेतु निर्देश दिए। इस बैठक में जबलपुर मंडल के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री प्रदीप कुमार, मुख्यालय की अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक, सुश्री सीमा मेहरा, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी, श्री महेश कुमार सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा जबलपुर मंडल के राजभाषा कर्मचारीगण शामिल थे।



# खमरिया में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने वेबीनार

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया में स्वदेशीकरण अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक बेबीनार का आयोजन किया गया जिसमे एम् एसएम् ई, प्राइवेट कंपनी, स्टार्टअप और डिफेंस लेबोटरी की सहभागिता रही। म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड की विभिन इकाई जैसे की आयुध निर्माणी खमरिया , आयुध निर्माणी चांदा, एच ई पी एफ़, आयुध निर्माणी भंडारा और गोला बारूद फैक्ट्री खड़की ने सृजन पोर्टल में अपने उत्पादों को पीपीटी के माध्यम से दिखाते हुए उनके स्वदेशीकरण में सभी एम् एसएम् ई, प्राइवेट कंपनी, स्टार्टअप और डिफेंस लेबोटरी की सहभागिता के लिए आमंत्रित किया ।

आयुध निर्माणी खमरिया के महाप्रबंधक एम् एन हालदार ने विशेष व्याख्यान में भारत सरकार द्वारा इंडियन विजन को बढ़ावा देने के पहल पर जोर देने के साथ साथ भारत सरकार के द्वारा डिफेंस सेक्टर की आत्मनिर्भर अभियान को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला। इस अवसर महाप्रबंधक एम् एन हालदार पुणे से जुड़े रहे साथ ही निर्माणी में उपस्थित विकास पुरवार, अपर महाप्रबंधक, आर के गुप्ता, अपर महाप्रबंधक, मनीष चव्हाण्के, सयुंक्त महाप्रबंधक ने इस बेबीनार को निर्माणी के तरफ से अपना समापन ज्ञापित किया।

# मेडिकल कॉलेज में विभागाध्यक्षों की बड़ी सर्जरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल अस्पताल-कॉलेज में अधिष्ठाता द्वारा विभागाध्यक्षों की बड़ी सर्जरी की है। पूर्व डीन डॉ. नवनीत सक्सेना,डॉक्टर संजय तोतड़े, डॉक्टर धनंजय शर्मा, डॉक्टर लक्ष्मी सिंगोतिया और डॉक्टर रितु गुप्ता को एचओडी के पद से हटा दिया गया है। जबकि डॉक्टर विजय श्रीवास्तव- पैथालॉजी, डॉक्टर एसएस नेल्सन- मेडिसिन,डॉक्टर पवन अग्रवाल- जनरल सर्जरी, डॉक्टर पीए सिद्दकी- नेत्ररोग और डॉक्टर श्याम जी रावत को रेडियोथैरेपी का विभागायध्यक्ष बनाया गया है।

# मो.ह.गृ. विज्ञान में कार्यशाला सम्पन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** शा मो ह महिला गृह विज्ञान एवं विज्ञान स्वशासी महाविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ कार्यशाला का विषय नवाधार एवं उद्यमिता के प्रति जागरुकता स्टार्टअप कैसे शुरु करे कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.नंदिता सरकार के संरक्षण में आयोजित हुआ कार्यक्रम में मुख्य वक्ता में अंकित रजक मैनेजर जबलपुर इनक्यूवेशन सेंटर द्वारा स्टार्टअप के बारे में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दी कार्यशाला के द्वितीय सत्र में कुछ नए स्टार्टअप जैसे फैमिली वाला डायरेक्टर पंकज सेन स्टालिन स्पार्क सिक्योरिटी सिस्टम आदि नए नए तरह के स्टार्टअप की जानकारी छात्रों को प्रदान की गई कार्यक्रम में छात्रों को कई तरह की कंपनी बनाना सिखाया गया। इस अवसर महाविद्यालय में प्राचार्य द्वारा फैमिली वाला की वेबसाइट का विमोचन भी किया गया । कार्यक्रम में महाविद्यालय की समस्त छात्रों की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन इनक्यूवेशन सेंटर नोडल अधिकारी डॉ.गीता चौबे,सदस्य विभा श्रीपाल डॉ.कुसुमलता रजक द्वारा आयोजित किया गया । कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विभा श्रीपाल द्वारा एवं आभार प्रदर्शन कुसुमलता रजक द्वारा दिया गया।

# स्मार्ट सिटी जबलपुर को ''इंडिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड 2022'' की विभिन्न श्रेणियों में मिले पुरस्कार

## ''जबलपुर इंक्यूबेशन सेंटर'' को मिला प्रथम स्थान 27 सितंबर 2023 को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा इंदौर शहर में दिया जायेगा पुरस्कार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के नागरिकों के लिए आज गौरव और अभिमान का दिन है। इस गौरवशाली उपलब्धि के संबंध में कलेक्टर सौरभ के सुमन, और निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि जबलपुर स्मार्ट सिटी को एक नहीं कई उत्कृष्ट पुरस्कार भारत सरकार से प्राप्त हुए हैं। जबलपुर शहर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अव्वल आया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022 के लिए ''इंडिया स्मार्ट सिटी अवॉर्ड'' आयोजित किया गए थे, जिसमे सभी 100 स्मार्ट सिटी के द्वारा हिस्सा लिया गया था। 25 अगस्त शुक्रवार को वीडिओ कांफ्रेंस के माध्यम से MoHUA द्वारा पुरस्कारों की घोषणा की गई। यह पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम महामहिम राष्ट्रपति के आतिथ्य में 27 सितंबर को इंदौर शहर में किया जायेगा। जबलपुर स्मार्ट सिटी के इनक्यूबेशन सेंटर को Economy कैटेगरी में देश में प्रथम स्थान दिया गया हैं। जबलपुर स्टार्टअप इंक्युबेशन सेंटर-आर्थिक विकास और नवाचार को बढ़ावा देना।

जबलपुर स्मार्ट स्टार्टअप इंक्युबेशन सेंटर को अर्थव्यवस्था श्रेणी में उनकी उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया गया है, क्योंकि उसने नए उद्यमिता को प्रोत्साहित करने और शहर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्र ने उत्कृष्ट उद्यमियों को उद्यमिता की भावना के लिए एक उपयुक्त माहौल, मेंटरशिप और संसाधन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ताकि वे अपने नवाचारी विचारों को सफल व्यवसायों में बदल सकें। स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करके और नवाचार को बढ़ावा देने के द्वारा, जबलपुर स्मार्ट सिटी ने न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिलाया है, बल्कि उसने मध्य भारत में उभरते व्यवसायों के लिए एक केंद्र के रूप में खुद को स्थापित किया है।




यह सेंटर 2019 से स्थापित है एवं विगत चार वर्षों से लगभग 350. स्टार्टअप लाभान्वित हुए है तथा 1000. रोजगार सृजन हुए है। भारत सरकार द्वारा स्टार्टअप इंडिया सीड फंड का तीन करोड़ का अनुदान भी प्राप्त हुआ है जिसे उद्यमियों मे वितरित किया जा रहा है। यह पुरस्कार के अथक प्रयासों और जबलपुर की जीवंत उद्यमिता की दिशा में है। हम स्टार्टअप्स का समर्थन करने और हमारे शहर की आर्थिक प्रगति में योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही शहर को दूसरा पुरस्कार सिटी ऐप के सफल संचालन के लिए दिया गया जिसमे गवर्नेंस कैटेगरी मे तृतीय स्थान मिला। सिटी ऐप, जिसका उद्देश्य नागरिकों और स्थानीय प्राधिकृत अधिकारियों के बीच संवाद को सुगम बनाना है, ने शहरी सरकार के साथ नागरिकों के बीच के संवाद को क्रांतिकारी तरीके से बदल दिया है। यह ऐप नागरिकों के लिए मुद्दों की रिपोर्ट करने, जानकारी खोजने, शिकायत दर्ज करने और फीडबैक प्रदान करने के लिए एक-स्थान एक समाधान के रूप में कार्य करता है।

विभिन्न चरणों मे दोनो ही प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर सहायक आयुक्त संभव अयाची एवं प्रोजेक्ट ऑफिसर गजेंद्र सिंह द्वारा प्रजेन्टेशन जूरी की समक्ष दी गई।

# हर सब्जेक्ट पर बराबर ध्यान, पॉइंट लिस्टिंग से मिली सफलता

## द इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरी ने जारी किया एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल का रिजल्ट



**जबलपुर, देशबन्धु।** कम्पनी सेक्रेटरी बनने का सपना देखने वाले युवाओं ने मंजिल को पाया। कठिन मेहनत, घंटों की पढ़ाई और सफलता के नियमों का पालन करने के लिए कैंडिडेट्स ने सीएस परीक्षा पास की। शुक्रवार को द इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरी ने एग्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल के रिजल्ट जारी किए। रिजल्ट के बाद एक ग्रुप क्लीयर करने वाले कैंडिडेट्स ग्रुप 2 क्लीयर करेंगे, वहीं एग्जीक्यूटिव की तैयारी वाले प्रोफेशनल में जुटेंगे।

**इनका ग्रुप वन क्लीयर** - ईशा सराफ, नम्रता पटेल, रहिला अली, कपिल सोनी, राशि जैन, साक्षी खंडेलवाल, प्रियंका सेवानी ने सीएस एग्जीक्यूटिव का प्रोफेशनल पड़ाव क्लीयर किया है।





**इनका एक मॉडल कम्पलीट-** सुहासिनी परनामी और दीप्ति नौटियाल का सीएस प्रोफेशनल का एक मॉडल क्लीयर हुआ।

**जॉब के साथ कन्टीन्यू थी पढ़ाई-** अंकिता फुके के नाम के आगे अब सीएस लिखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस उपलिब्ध को हासिल करने के लिए काफी मुश्किलों का सामना किया है। फुल टाइम जॉब होने के साथ उन्होंने कम्पनी सेक्रेटरी की परीक्षा के लिए तैयारी की और सफलता पाई। वे संजय राव की बेटी हैं।

**पढाई के लिए बनाया शेड्यूल**

शोभित जैन अब सीएस हैं। उन्होंने बताया कि एग्जाम क्लीयर करना उनका सपना था। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की। पढ़ाई के लिए शेड्यूल बनाया और पॉइंट टू पॉइंट स्टडी पर फोकस किया। मेंटर्स के ट्रिक्स और टिप्स को फॉलो कर स्टडी पर फोकस किया।

# तीज उत्सव में दिखी संस्कृति



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय लोधी महिला महासभा के तत्वावधान में तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा।

महिलाओं ने सशक्तिकरण पर विचार रखे। मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अंतर्गत शहीदों को नमन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पार्षद संध्या सिंह ठाकुर, सरपंच कंचन पटेल, कल्पना सिंह, अरुणा सिंह कौशल, प्रतिभा पटेल मौजूद रहीं।

# लौट आया कबीर का लोकार्पण



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ के तत्वावधान में चिंतक राजेन्द्र तिवारी प्रज्ञेय के दोहा संग्रह लौट आया कबीर का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रसन्ना, कवि एवं लेखक मलय, कुंदन सिंह परिहार, विनीत तिवारी, सुखदेव सिंह सिरसा, पुनीलम, विभूति नारायण राय, नरेश सक्सेना, सेवाराम त्रिपाठी, डॉ. निशा तिवारी मौजूद रहीं।



# जंगल-जंगल बात चली है...

जबलपुर, देशबन्धु। जंगल थीम पर लेडीज ने सेलिब्रेशन किया। थीम के अकॉर्डिंग सभी ने एनिमल प्रिंट के आउटफिट्स कैरी किए। ग्रीन ड्रेसकोड भी लेडीज ने फॉलो किया। शुक्रवार को जैनिज्म यूनिटी क्लब के तत्वावधान में जंगल थीम पर क्लब पार्टी हुई अट्रैक्टिव डेकोरेशन और एंटरटेनिंग गेम्स में महिलाओं ने प्राइज जीते।

**स्पेशल ट्राइबल डांस-** कार्यक्रम में लेडीज ने जंगल थीम पर डांस भी किया। इसमें ट्राइबल और अफ्रीकन डांस भी खास रहा। ग्रीन थीम के साथ महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर सपना जैन, प्रतिभा जैन, नन्दनी जैन, नितिका जैन, विनीता बड़कुल, जया कौशल, राशी जैन, मोनिका जैन, सीमा जैन, शैलजा, मनीषा जैन मौजूद रहीं।





# दिव्य नेत्र कन्याओं के साथ ओणम ने मनाया जन्म दिन



**जबलपुर, देशबन्धु।** नेत्रहीन कन्या हाईस्कूल एवं छात्रावास, रानीताल में छात्राएं उस समय खुश हो गईं, जब सीए राजेश जैन के पुत्र ओणम अपने माता-पिता के साथ अपना जन्म दिन मनाने उनके बीच पहुंचे। इस मौके पर छात्राओं के चहरे पर एक छोटी सी मुस्कुराहट ने पूरे परिवार को आनंदित कर दिया। ओणम व राजेश जैन को बालिकाओं ने राखी बांधी व रक्षाबंधन के गीत गाये। ओणम ने अपनी सभी बहनों का मुंह मीठा करवाया। सभी के साथ खाना खाया। सी.ए. राजेश जैन ने जब बालिकाओं से पूछा कि क्या गिफ्ट चाहिये, तो उन्होंने सफेद वाला रसगुल्ला खाने की इच्छा जाहिर की। श्री जैन ने पलभर भी देर न करते हुये उनकी इच्छा पूरी की। बालिकाओं ने अपने भाई ओणम जैन को गीत गाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर उनकी पत्नि अनुराधा जैन, पुत्र ओणम जैन, पुत्री यादवी जैन, बबलू पाण्डेय, श्रीकांत जैन एवं अन्य साथी मौजूद रहे। सीए राजेश जैन के कहा कि बच्चियों के साथ बिताया हुआ पल यादगार बन गया।

# भाजपा अल्प संख्यक ने किया जन आर्शीवाद यात्रा का भव्य स्वागत

**जबलपुर,देशबन्धु।** आज भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा द्वारा छोटी ओमती चौक पर मोर्चे के महामंत्री मुजम्मिल अली के नेतृत्व में जन आर्शीवाद लेकर आये मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का इस्तकबाल किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता एस.के. मुद्दीन, आजाद अली, शाहिद अंसारी, मोहम्मद आविद, सरताज मंजिल, जफर अली, जिशान अंसारी, तजमुल अली आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।


# सोनार समाज ने लगाए पौधे



**जबलपुर, देशबन्धु।** सावन में महाराष्ट्रियन सोनार समाज द्वारा पौधरोपण किया गया। इसके अंतर्गत मदर टेरेसा क्षेत्र में पौधे लगाए गए। इस मौके पर कृष्ण राव आसरे, अनिल सावरकर, सतीश मांजरे, आशीष सातफळे, शिवा आसरे, अनय मांजरे, राधिका आसरे, राजश्री मास्के, वंदना सातफळे मौजूद रहीं।

# स्वाति सिंह को पीएचडी

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीकृष्णा यूनिवर्सिटी छतरपुर ने स्वाति सिंह को कम्प्यूटर साइंस एन्ड एप्लीकेशन संकाय के अंतर्गत 'ओपन सोर्स ई लर्निंग मैनेजमेंट सिस्ट्म' विषय पर डाक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। स्वाति सिंह ने शोध कार्य डॉ. आशीष बैसवार के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। स्वाति एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी में कार्यरत मानवलोक कॉलोनी रतन नगर निवासी शंभू व सिंधु सिंह की पुत्री हैं।



# दैनिक राशिफल

**शनिवार 26 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण शुक्ल पक्ष की दशमी। नक्षत्र-मूल।**

**मेष**

आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना ।

**वृषभ**

-दिन की शुरुआत आनंद-प्रमोद से होगी। कोई नए मित्र आपके जीवन में आ सकते हैं। पर्यटन या प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोपहर के बाद सावधानी बरतने की सलाह आपको दी जाती है।

**मिथुन**

आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा।

**कर्क**

आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

**सिंह**

आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

**कन्या**

कन्या -आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं।

क.

**तुला**

शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी।

**वृश्चिक**

आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे।

**धनु**

आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी।

**मकर**

आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

**कुंभ**

आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी।

**मीन**

साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है।

मा.

# समस्त कार्यालयों में लटके रहे ताले, सब को बांट रहे हमें डांट रहे, अपने ही अधिकार के लिए सड़कों पर कर्मचारी

## आक्रोशित कर्मचारियों ने सौंपा तहसीली में ज्ञापन



**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे के नेतृत्व में शुक्रवार को अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पीके सैन गुप्ता को 39 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन 34 सहयोगी द्वारा सौंपा गया। सरकार से कर्मचारी आक्रोशित हैं । जबलपुर में अधिकांश कार्यालय बंद रहे। लिपिकों की वेतन विसंगति सुधार कर मंत्रालय के लिपिक के समान देने, पदोन्नतियां नहीं की जा रही है मुख्यमंत्री चिकित्सा बीमा योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा, केन्द्रीय कर्मचारियों के अनुसार आवास भत्ता, शहरी भत्ता, महंगाई भत्ता, वाहन भत्ता नही दिया जा रहा है। प्रदेश के हजारों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ भी नहीं दिया जा रहा है। अन्य मांगों को लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। आंदोलन में कर्मचारियों का आक्रोश इस बात से दिखाई दिया कि वह अपनी इच्छा से आंदोलन में शामिल होकर कार्यालय से बाहर रह कर सरकार की नीति का विरोध किया, कर्मचारियों का कहना है कि वह जीएसटी वृत्तीकर और आयकर देता है लेकिन स्वयं के फायदे के लिए राशियां दूसरे को बांटी जाये। उपेक्षा झेल रहा कर्मचारी अधिकारी शुक्रवार को अपनी जायज मांगों के लिए सड़कों पर खड़ा होकर अधिकार मांग रहा है। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे, जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, नरेश शुक्ला, विष्वदीप पटेरिया, रामदुबे संतोष मिश्रा, अर्वेन्द्र राजपूत, प्रशांत सोंधिया, धीरेन्द्र सिंह, संजय यादव, देव दोनेरिया, यूएस करोसिया, मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, कैलाश धवलकर, रविबांगड़, पीएल गौतम, चंदु जाउलकर, हर्ष मनोज दुबे, कृपा तिवारी, रजनीश द्रोणावत, विवके तिवारी, अमित शर्मा, वैभव मसीह, अर्जन सोमवंशी, सौरभ सिंह, बृजेश मिश्रा, राजेन्द्र कुररिया, एनके अग्निहोत्री, रमाशंकर मिश्रा, नित्यामिश्रा, आरती जायसवाल, प्रतिभा जैन, अंजु उपाध्याय, मुक्ता चौकसे, नीता शर्मा, रम्मू पटेल, तारिक सार्थक जैन ज्ञापन के मौके पर उपस्थित थे।

# आदिरा शशिधरन एनएसडी में चयनित

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर की आदिरा शशिधरन का राष्ट्रीय नाट्य स्कूल (एनएसडी) में चयन हुआ है। आर्यावर्त सांस्कृतिक संस्थान की कलाकार आदिरा शशिधरन पिछले सात वर्षों से रंगकर्म से जुड़ी हुई हैं। भरत नाट्यम की प्रशिक्षित नृत्यांगना आदिरा ने चार वर्षों तक युवा उत्सव में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर नाट्य प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया है। आदिरा का चयन एनएसडी की कठिन चयन प्रक्रिया के पश्चात् हुआ है। आदिरा शशिधरन का अंतिम व निर्णायक चक्र में भारत के शीर्ष नाट्य व्यक्तित्वों अमित बैनर्जी, हेमा सिंह, अमितेश ग्रोवर ने साक्षात्कार ले कर अपनी मुहर लगाई। आदिरा संगम कॉलोनी निवासी शीजा व शशिधरन की पुत्री हैं।






# प्राकृतिक संतुलन बनाये रखने वृक्षारोपण आवश्यक-चमन

**जबलपुर, देशबन्धु।** वृक्षारोपण प्राकृतिक संतुलन बनाये रखने में न केवल सहयोगी सिद्ध होते हैं वरन ये हमें जीवन दायिनी प्राणवायु भी प्रदत्त करते हैं अतः हमें अपने अस्तित्व में बचाये रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनके संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल करना चाहिए। उक्त आशय के उदगार ए.पी. नर्मदा महाविद्यालय के अध्यक्ष सर्वेश्वर चमन श्रीवास्तव ने महाविद्यालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर व्यक्त किये।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय के रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, प्राचार्य डॉ. सोनल खरे, आलोक सिंह, भुवनेश्वरी सिंह, वीनाक्षी सेतिया खुराना, वर्षा वर्मा, श्वेता सेन, शशिकला पिल्ले, शिवानी ठाकुर, अर्चना कुररिया एवं छात्र छात्राऐं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री शिव विश्वकर्मा-** गौतमगंज गढ़ा निवासी श्री शिव विश्वकर्मा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश प्रसाद सोनी-** जगदम्बा कॉलोनी महाराजपुर निवासी श्री महेश प्रसाद सोनी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजकुमार पटेल-** कछियाना लार्डगंज निवासी श्री राजकुमार पटेल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मेंहगू राम कोरी-** सेठ गोविंद दास वार्ड निवासी श्री मेंहगू राम कोरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सोनू बर्मन-** छापर रामपुर निवासी श्री शिव प्रसाद बर्मन के पुत्र सोनू बर्मन (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामानुज सेन-** छोटी खेरमाई के पास लालमाटी निवासी श्री रामानुज सेन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नारायण प्रसाद रजक-** गली नं. 14, सदर निवासी श्री नारायण प्रसाद रजक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीतेंद्र खटीक-** खटीक मोहल्ला बड़ी खेरमाई के पास निवासी श्री जीतेंद्र खटीक (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गनेश मलिक-** सीतापहाड़ बजरिया निवासी श्री गनेश मलिक (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री रेखा रमेश-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री केजीपी नायर की पुत्री सुश्री रेखा रमेश (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सावित्री श्रीवास्तव-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री जीपी श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती सवित्री श्रीवास्तव (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा गर्ग-** खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री उमा शंकर गर्ग की धर्मपत्नी श्रीमती राधा गर्ग का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सुनील कुमार नायडू-** न्यू शोभापुर भड़पुरा निवासी श्री सुनील कुमार नायडू (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

## खितौला और चरगवां में पुलिस ने दबोचे शराब तस्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण इलाकों में शराब तस्करी तेजी से की जा रही है। नशे के कारोबारी रोजाना ही पुलिस द्वारा पकड़े जा रहे हैं। लेकिन मादक पदार्थों की तस्करी में कमी नहीं आयी है।

इसी कड़ी में पुलिस ने खितौला व चरगवां थाना क्षेत्र में शराब तस्करों को पकड़ा है। जिनसे बड़ी मात्रा में देशी व कच्ची शराब बरामद की गई है। इस संबंध में खितौला थाना प्रभारी संगीता सिंह ने बताया कि देर रात पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम कुर्रे पिपरिया निवासी सुंदर सिंह ठाकुर सिहोरा कलारी से भारी मात्रा में शराब लेकर अपने घर में छिपाकर बेचने के लिये रखा है। सूचना के



आधार पर पुलिस ने ग्राम कुर्रे पिपरिया में दबिश दी। जहां संदेही सुंदर सिंह ठाकुर के घर की तलाशी लेने पर घर के सामने आंगन में बोरी के नीचे 6 कार्टून रखे मिले। जिसमें 300 पाव रखे मिले। पुलिस ने शराब जप्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

**कच्ची शराब रखे युवक गिरफ्तार**

इसी प्रकार चरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम भौतिया निवासी ब्रजेश ठाकुर अपने मकान के सामने रोड किनारे अवैध शराब बेच रहा था। सूचना पर पुलिस ने उसके घर ग्राम भौतिया में छापामार दिया। जहां ब्रजेश प्लास्टिक की कुप्पी लिये खड़ा था। कुप्पी को चैक करने पर उसमें 10 लीटर कच्ची शराब भरी मिली। आरोपी को गिरफ्तार कर शराब जप्त कर ली गई है। इसी प्रकार ग्राम कुलौन में दबिश देते हुये आरोपी सागर श्रीपाल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बिजना को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा गया।

## पुलिस की कार्रवाई में पकड़े गये कुख्यात बदमाश

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में आदतन अपराधियों की धरपकड़ पुलिस ने तेज कर दी है। जिससे अपराधी तत्वों में खलबली मच हुई है। इसके साथ ही कॉम्बिग गश्त भी पुलिस ने शुरू कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस ने पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 2 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत तथा वाद विवाद करने वाले 78 आरोपियों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 8 आरोपियों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है। इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 2 गैरम्यादी, 3 म्यादी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है तथा 9 युवकों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 103 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 14 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 4 युवकों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 4 चाकू जप्त किये गये एवं 12 जुआडियों को जुआ खेलते हुये एवं 23 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया है।



## अनुविभागीय दंडाधिकारी के निवेदन पर वेदिका के परिजनों एवं शहर के कई संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के जबलपुर आगमन पर वेदिका ठाकुर की मां, उनके परिजनों के साथ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा विधि प्रकोष्ठ के एवं शहर के अन्य संगठनों ने इंकम टैक्स चौराहे पर एसडीम को ज्ञापन दिया। जबलपुर के बहुचर्चित गोलीकांड वेदिका ठाकुर हत्याकांड में लगातार परिजनों अन्य संगठनों के द्वारा प्रशासनिक कार्यवाही को संदेहास्पद माना जा रहा है। कांग्रेस नेता प्रवेंद्र चौहान नें जानकारी दी। कि पुलिस की जांच के साथ-साथ स्टार हॉस्पिटल एवं मेट्रो हॉस्पिटल द्वारा लापरवाही के विरोध में काले झंडे दिखाने को तैयार प्रदर्शनकारी को एसडीम ने निवेदन कर ज्ञापन देने के लिए इंकम टैक्स चौराहे पर रोका एवं आश्वस्थ्स किया कि आपकी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी। हत्यारे के मकान पर कार्यवाही एवं दोनों हॉस्पिटलों के साथ-साथ धनवंतरी नगर टीआई के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इन्हीं सब बातों को लेकर मौजूद वेदिका की मां ज्योति ठाकुर, छोटी बहन साक्षी ठाकुर, छोटा भाई शिवा ठाकुर, कैलाश ठाकुर, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एड. विनोद सिसोदिया, प्रांताध्यक्ष रणजीत सिंह परिहार, जितेन्द्र सिंह, गोपाल सिंह बघेल, अनुभव कुशवाहा, शिवेंद्र सिंह सिसौदिया, प्रेमा सिंह चौहान, सुरेन्द्र यादव, रितेश नोटनानी, विष्णु विनोदिया, राकेश चक्रवर्ती, कोमल रैकवार आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस ने किया जन आक्रोश आन्दोलन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ एवं क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर शुक्रवार को दोपहर रामलीला रंगमंच पर विशाल आम सभा ब्लाक कांग्रेस द्वारा आयोजित की गई। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया गया।

आन्दोलन में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. नीलेश जैन बरेला ब्लॉक की समस्या, स्टेडियम की मांग, गौमुख को टूरिस्ट प्लेस बनाने की मांग, नगर परिषद में भ्रष्टाचार के विरोध, अवैध टैक्स वसूली के विरोध में बात रखी।

संगठन मंत्री राजकिशोर पटेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र गर्ग , सम्मति सैनी, डॉ. सत्येंद्र यादव, राधेश्याम चौबे, विवेक



पटेल, मुकेश पटेल, वीरेंद्र चौबे, विनोद श्रीवास्तव, तविदंर गुजराल, प्रभा यादव, रिंकू तिवारी, संजय श्रीवास्तव, मनोज पटेल, सुकीर्त त्रिपाठी ने कहा कि 50 प्रतिशत कमीशन की यह सरकार और विधायक को हटाना कार्यक्रम का संचालन अरविंद तिवारी ने किया।

हजारों कांग्रेस जनो ने सभा स्थल से नगर परिषद के लिए नारा लगाते हुए रवाना हुए। इस अवसर पर नरेश पटेल, विजय जैन, रामजी रैकवार, विपिन झरिया, नीरज गर्ग, सत्येंद्र पटेल, गोपाल झरिया, सुरेंद्र चौकसे, शेख सलीम, रोहित पटेल, कपिल पटेल, सागर सिंह और पार्षद भूपेंद्र यादव, रामकुमार नामदेव, नीलकमल झरिया, योगेश पटेल, देवीदीन पटेल, रामानुज पटेल, प्रकाश पाठक, सिल्लू पटेल, संजू पटेल, किट्टू पटेल, मुकुल गर्ग, रामगोपाल पटेल आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री अनुराग पटेल ने किया।

## जुआफड़ पर पुलिस का छापा, 8 जुआरी पकड़े गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में अभी भी जुआफड़ संचालित किये जा रहे हैं। बीते कुछ माह से इनके संचालन बंद था। लेकिन हालही में जुआरियों द्वारा जुआफड़ बैठाये जाने लगे हैं। शहरी क्षेत्र में पुलिस की दहशत से फिलहाल तो ये फड़ बंद हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में ये जुआफड़ चोरी छिपे संचालित किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी पाटन थाना अंतर्गत पाटन कस्बा में पुलिस ने कुछ जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा है। बताया जा रहा है कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि पाटन कस्बा में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। जिसके बाद पुलिस ने चौधरी मोहल्ला शासकीय स्कूल के पास छापा मारा। जहां सड़क से थोड़ा दूर कुछ लोग बिजली के खंबे की रौशनी में बैठकर जुआ



मन्ना खेल रहे थे। पुलिस को आता देख जुआरी इधर-उधर भागने लगे। कुछ भागने में कामयाब हो गये। पकड़े गये जुआरियों ने अपने नाम क्रमश: इंदकुमार लोधी उम्र 40 वर्ष, अठई बर्मन बर्मन उम्र 35 वर्ष, नयन पटेल पटेल उम्र 25 वर्ष बलराम लोधी उम्र 43 वर्ष चारों निवासी चौधरी मोहल्ला पाटन बताये। जुआरियों के पास एवं फड़ से 1 हजार 570 रूपये जप्त किये गये।

इसी प्रकार पाटन कस्बा नाका नम्बर 2 पाटन वेयर हाउस के बाजू में दबिश देते हुये पुलिस ने बिजली के खंबे के रौशनी में जुआ खेलते रामेश्वर लोधी उम्र 40 वर्ष प्रशांत बर्मन उम्र 23 वर्ष, पप्पू उर्फ कमलेश राठौर उम्र 40 वर्ष, आनंद पटैल उम्र 19 वर्ष सभी निवासी चौधरी मोहल्ला को पकड़ा है। सभी जुआरियों के खिलाफ पाटन थाने विधिवत कार्रवाई की गई है।

## जिला अदालत में ग्रीन डे का आयोजन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी एवं सचिव राजेश तिवारी ने बताया कि जिला अधिवक्ता संघ द्वारा प्रति वर्ष सावन माह में महिला अधिवक्ताओं के लिये ग्रीन डे मनाया जाता है, इस वर्ष पुन: जिला अधिवक्ता संघ द्वारा शनिवार न्यायालय परिसर में महिला अधिवक्ताओं के लिए ग्रीन डे मनाया जायेगा। इसमें जो भी महिला अधिवक्ता भाग लेना चाहती हैं, वह जिला अधिवक्ता संघ के कार्यालय में अपना नाम लिखा दें, ताकि क्रमानुसार उनको स्टेज पर बुलाया जा सके और वह अपनी प्रस्तुती कर सकें। इस कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेगें। सभी महिला अधिवक्ताओं से अनुरोध है कि वह उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें।

## रुपया-पैसा नहीं, सैनिक भैया भारत माता की सुरक्षा का उपहार चाहिए

**जबलपुर, देशबन्धु।** रक्षाबंधन के पूर्व शुक्रवार सुबह जब बहनों ने सैनिक भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा तो वातावरण बड़ा ही भावुक हो गया। वीर सैनिक भाईयों ने बहनों के पैर छू कर जब उन्हें उपहार स्वरुप नकद राशि देना चाही तो भाव विह्ल बहनों ने उनसे कहा कि उन्हें उपहार में सिर्फ भारत माता की सुरक्षा चाहिए।

इस अवसर पर बच्चों ने बैंड बजा कर विजयघोष से सैनिकों का स्वागत व सम्मान किया। दरअसल शुक्रवार को विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर गंगानगर एवं क्षेत्र की बहनों ने त्रिपुरी चौक गढ़ा में आठवें वर्ष पर आयोजित समारोह में वीर सैनिक भाईयों को रक्षासूत्र बांधा। बहनों ने सैनिकों की आरती उतारी। अश्रुपूरित सजल नेत्रों से बहनों ने सैनिक भाईयों से कहा कि भारत माता की सुरक्षा ही हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है।

सूबेदार प्रताप सिंह मास राज सिंह भोगेंद्र सिंह सूबेदार सुनील कुमार अनिल कुमार 1999 कारगिल युद्ध में गोली लगी नायक उपस्थित थे विजय कुमार को 11 साल बाद केशव दत्त को 12 साल बाद राखी बांधी गई। कई जवानों को 6 साल 5 साल बाद राखी बांधी गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने संचालन किया। कोषाध्यक्ष लोकराम कोरी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य राजेंद्र मिश्रा सरस्वती शिशु मंदिर, पूर्व छात्र परिषद अध्यक्ष शरद अग्रवाल, राजेश मिश्रा, सुधा सचदेवा, पुष्पलता पांडे, सत्यनारायण, मिथलेश गौतम, सम्पूर्ण आचार्य परिवार उपस्थित रहा। भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ और समापन वंदे मातरम से किया गया।



बहनों ने वीर सैनिकों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र



## यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल बना ओवरऑल चैंपियन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता अंडर-19 गर्ल्स एवं बॉयज में यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा गोल्ड मैडल के साथ प्रथम स्थान पर रहकर ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा किया। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न स्कूलों ने प्रतिभागिता की, जिसमें अंतिम राउंड में चार स्कूलों के मध्य सेमीफाइनल हुआ। जिसमें यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल, स्मॉल वंडर, ग्रीन वैली, आर.के. इंडियन के मध्य मुकाबला हुआ। निर्णायक मुकाबला यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल और ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल के मध्य हुआ, जिसमें यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में स्कूल को गोल्ड प्राप्त हुआ। यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल की ओर से राज राजेश तिवारी ने निर्णायक गोल करके स्कूल की विजयपताका फहराई। इस स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका दीपक नामदेव द्वारा निभाई गई।

## महाराष्ट्र व्यायाम शाला में कार्यक्रम मंथन का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाराष्ट्र व्यायामशाला मढ़ाताल में 6 बजे मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में नगर की सुप्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक सलाहकार एवं लाईफ कोच नीलिमा देशपांडे, मनाच्या श्लोकातून व्यक्तित्व विकास विषय पर अपना वक्तत्व प्रस्तुत करेंगी।

नीलिमा देशपांडे लाडली बसेरा सेवा भारती, सरस्वती शिक्षा मंदिर एवं मातृछाया प्रबंधन समिति की सलाहकार रह चुकी है। तथा कचनार लेडिज क्लब संस्कृति महिला मंडल अध्यात्म ग्रुप वैदिक संस्कार ग्रुप एवं सर्व मंगला ग्रुप की संस्थापित है। समृद्ध मन एवं साफल्य काउन्सेलिंग सेंटर की भी संचालिका है। कार्यक्रम के पश्चात हनुमान जी की विशेष आरती एवं प्रसाद वितरण होगा।

## गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के तत्वाधान में राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह बलिदान दिवस पर कार्यक्रम बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** 18 सितंबर 2023 को आयोजित किये जाने वाले बलिदान दिवस कार्यक्रम की अति महत्वपूर्ण बैठक 27 अगस्त दिन रविवार को सायंकाल 4.00 बजे गोंडवाना चौक, रेल्वे स्टेशन स्थित राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल पर सम्पन्न होगी। बैठक में जबलपुर एवं आसपास के सभी आदिवासी संगठनों जयस महिला आदिवासी संगठनों के उपस्थित होने की अपील किशोरीलाल भलावी, नेम सिंह मरकाम, नन्हेंलाल धुर्वे, बालकिशन चौधरी, अजय झारिया, गया प्रसाद धुर्वे, डीएल कोरचे,एमएस मर्सकोले, दिशा इनवाती, नोखेलाल बरकड़े, बालकिशन तेकाम, अजना इनवाती इत्यादि ने की है।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का स्वदेशी जागरण व रक्षा सूत्र कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महानगर इकाई जबलपुर द्वारा शुक्रवार को स्वदेशी जागरण एवं रक्षा सूत्र कार्यक्रम हितकारिणी कन्या शाला में आयोजित था कार्यक्रम महाकौशल प्रांताअध्यक्ष परविंदर जीत सिंह बिंद्रा जी ने कि अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर प्रांताअध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में स्वदेशी उत्पाद की खरीद पर बल दिया उपरांत प्रांतकोषाध्यक्ष मंजू वैश्य ने अपने उद्बोधन में इसी तारतम्य में बात रखी और स्वदेशी सामान पर चर्चा की। प्रांत संगठन मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में देशी उत्पाद व हस्तशिल्प राखी के त्योहार में खरीद के लिए कहा, महानगर अध्यक्ष पी के अग्रवाल ने स्वदेश में निर्मित पदार्थ खरीद कर देश का आर्थिक विकास संभव हो पर बात रखी। उपाध्यक्ष संतोष पटेल ने विद्यार्थियों को आनुशासन के बारे में समझाइश दी। डॉ. खुरासिया ने बच्चों एवं स्टाफ का आभार प्रकट किया। महानगर सचिव गोवर्धन मल्होत्रा, सहसचिव रामेश्वर अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का स्वागत

**जबलपुर, देशबन्धु।** जनदर्शन यात्रा में जबलपुर पधारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का करमचंद चौक में भव्य मंच लगाकर स्वागत किया गया ।

जिसमें व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, महानगर संयोजक मनीष जैन कल्लू, अखिलेश दीक्षित, राजेंद्र चौधरी, आरपी यादव, अजय तिवारी, अमन बिंद्रा, चंद्रशेखर पटेल, राहुल तिवारी, विवेक शिवहरे, रामलाल कोरी, कैलाश अग्रवाल (बब्बाजी), नितेश सिंह, डॉ. मुकेश पांडे, अन्नू अनवर, रशीद अंसारी, इसरार अंसारी मोटू, चंदू शर्मा, श्यामलाल रजक, संजय गुप्ता, अमित अग्रवाल, मोहम्मद असगर, अनमोल पटेल, श्याम मनोहर पटेल, बृजेश अग्रवाल, सुरेश विश्वकर्मा, सुशील जैन, विनय उपाध्याय, रविंद्र दुबे, नितिन




अग्रवाल, निखल अग्रवाल, राकेश चक्रवर्ती, सुशील उपाध्याय, नितिन गुप्ता, सुरेंद्र सिंह पवार, वासुदेव आहूजा, मशीन खान, रमेश यादव, कल्लू विश्वकर्मा, बंटी पालीवाल, श्रीचंद बठेजा, राजेश गुप्ता कल्लू, दीपक सेन, सुरजीत सिंह सरदार, राज भटनागर, राजू केसरवानी, हिमांशु गुप्ता, जयकुमार गुप्ता, राजू खजांची, गौरव अग्रवाल, मेंकल दीक्षित, अनुज जैन मासाब, संजय अग्रवाल, शाहिद अंसारी सहित हजारों कार्यकर्ताओं ने बड़ी गजमाला पहनाकर, ढोल धमाल, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर विभिन्न व्यापारी संघ के पदाधिकारी उपस्थिति थे ।

## शिव स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं सर्वोच्च सत्ता है : ब्र. चैतन्यानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में शिव महापुराण के पार्थिव शिवलिंग निर्माण उनका दुग्धाभिषेक तथा आरती हुई कथा में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि सावन में शिव पुराण का पाठ करने से उसका फल बहुत ही सुखदायी होता है। शिव- जो स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं सर्वोच्च सत्ता है विश्व चेतना हैं और ब्रह्माण्डीय अस्तित्व के आधार हैं सभी पुराणों में शिव पुराण को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होने का दर्जा प्राप्त है इसमें भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों, भक्तों और भक्ति का विशद् वर्णन किया गया है शिव पुराण में शिव- जो स्वयंभू हैं, शाश्वत हैं, सर्वोच्च सत्ता है, विश्व चेतना हैं और ब्रह्माण्डीय अस्तित्व के आधार हैं। सभी पुराणों में शिव पुराण को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होने का दर्जा प्राप्त है इसमें भगवान शिव के विविध रूपों, अवतारों, ज्योतिर्लिंगों, भक्तों और भक्ति का विशद् वर्णन किया गया है यह पुराण कलियुग में मनुष्यों के हित का परम साधन है शिव पुराण के पूर्व हिंडोला महापूजा एवं मुद्रा सिक्के से अर्चन किया तत्पश्चात महाआरती हुई आज शिवमहापुराण में मधु यादव ,बीके पटेल, प्रकाश द्विवेदी, अशोक गुप्ता, बृजेश दुबे एवं मनीष पांडे आराधना चौकसे,कीर्ति तिवारी आदि भक्तगण उपस्थित रहे ।

## संपूर्ण ब्राम्हण मंच द्वारा परशुराम धाम गौरीघाट में महा आरती




**जबलपुर, देशबन्धु।** परशुराम धाम महा आरती में संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा भगवान परशुराम के कृपा पात्र भारतीय वैज्ञानिक सफल अनुसंधान, एवं विश्व पटल पर भारत का मान सम्मान प्रतिष्ठा चार चांद लगाने वाले संपूर्ण वैज्ञानिकों को प्रभु कृपा से जो सम्मान मिला है, आज भारत का गर्व से सीना चौड़ा हो गया है। आज संपूर्ण विश्व भारत की ओर देख रहा है, भारत के विकास को देख रहा है भारत के नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है। 140 करोड़ देशवासी करताल धोनी से भारतीय वैज्ञानिकों का हृदय से स्वागत करता है वंदन करता है, अभिनंदन करता है, संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा कर्नाटक से आए दीपक जी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर पर धनंजय बाजपेई प्रकाश साहू, केके नामदेव, अतुल तिवारी, शिवम राव वेंकट, अनु स्वामी राव वेंकट आदि उपस्थित रहे। नर्मदा दर्शन पूजन के साथ प्रार्थना सभा को विराम दिया गया।

## भ्रष्टाचारियो को जेल में बंद करने की बजाय, आवाज उठाने वाला को परेशान कर रही सरकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जबलपुर आगमन हुआ। इसके पहले ही 24 अगस्त को नोटिस थमाकर एनएसओ छात्र संगठन के अध्यक्ष गोपाल पाराशर को पुलिस थाने ले गई और शिवराज सिंह चौहान के जबलपुर से जाने के बाद छोड़ा गया। चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश में हो रहे भ्रष्टाचार के कारण विगत 3 वर्षो से नर्सिंग स्टूडेंट्स के एग्जाम नही हुए हैं, पूरे मध्य प्रदेश में एनएसओ छात्र संगठन द्वारा भ्रष्टचार के खिलाफ़ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। जबलपुर में गोपाल पाराशर के नेतृत्व में शांति पूर्ण धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, लेकिन शुक्रवार को शिवराज सिंह चौहान के जबलपुर आगमन से पहले गोपाल पाराशर को पुलिस थाने ले गई। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने की बजाय, भ्रष्टाचार के विरूद्ध आवाज उठाने वालों को परेशान किया जा रहा है, लेकिन संगठन द्वारा बिना डरे धरना प्रदर्शन जारी रखें जाएंगे और आगमी विधानसभा चुनावों में सरकार का विरोध किया जायेगा।

# मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे कांग्रेसियों को जबरन किया गिरफ्तार



**पाटन देशबन्धु।** सीएम के कटंगी नगर आगमन के दौरान उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया, जब विस क्षेत्र के कांग्रेसी प्रदेश के घोषणा वीर मुख्यमंत्री से मिलकर विस क्षेत्र में व्याप्त गुण्डागर्दी, अवैध रेत खनन, गांव गांव बिक रही अवैध शराब, जुआ सट्टा, सड़क निर्माण, भवन निर्माण, नहरों के निर्माण में कमीशन खोरी एवं वर्तमान में हुए मूंग खरीदी घोटाला के कारण किसानों की राशि का भुगतान रोकने के मुद्दे पर बात करना चाह रहे थे, इसी संबंध में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौंपा था, लेकिन सीएम एवं मौजूदा विधायक सहित शासन प्रशासन किसानों, मजदूरों और क्षेत्र की जनता की बात सुनना ही नहीं चाहते हैं और सभी कांग्रेसियों को पुलिस ने जबरन गिरफ्तार करके पुलिस बस में पाटन थाने भिजवा दिया, जहां बहुत देर तक पुलिस एवं कांग्रेस के नेताओं में गहमा गहमी देखी गई।

**पुलिस कार्यवाही से भड़के कांग्रेसी**- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठाकुर विक्रम सिंह ने बताया कि हम शांति पूर्ण ढंग से सीएम से मिलकर क्षेत्र की समस्यो से अवगत कराना चाहते थे जिसके लिए विधिवत जिला कलेक्टर महोदय के नाम तहसील में ज्ञापन भी सौंपा था लेकिन पुलिस ने बर्बरता पूर्वक हम सभी कांग्रेसियों को गिरफ्तार करके पाटन थाने लेकर आ गई। गिरफ्तार किए गए सभी कांग्रेसियों ने पुलिस थाने में स्थित बजरंग-बली के मंदिर में कीर्तन करके वीर बजरंबली से प्रदेश के घोषणा- वीर मुख्यमंत्री एवं मौजूदा विधायक अजय विश्नोई को भगवान सद्बुद्धि दे इसके लिए बजरंबली से प्रार्थना की,इस दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ठा.विक्रम सिंह, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी,बब्बू यादव,जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल, मनीष पटेल, जगदीश सोनी,जयंत जैन, देवेश चोरसिया, शंभु सोनी, बल्ला महराज,पार्षद मकसूद खान,मलिक यादव,ब्लाक अध्यक्ष नेकनारायण सिंह, दिलीप राजपूत, वीरेंद्र चंदेल, सेवा दल अध्यक्ष शिव नामदेव, अनुज सिंह,मंडलम अध्यक्ष सुरेन्द्र शुक्ला,युवा कांग्रेस के ललित सोनी, गोलू सोनी, सत्यम नेमा,बंटु बर्मन, विवेक साहू, नितिन उपाध्याय, सक्षम सिंह आदि मौजूद रहे।



## महाराष्ट्र से आए विधायक ने ली भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**बरेला, देशबन्धु।** आज भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा भेजे गए सात दिन के अल्पकालिक विस्तारक मुंबई महाराष्ट्र से विधायक प्रसाद लाढ ने पनागर विधानसभा के बरेला मंडल,रानीदुर्गावती गौरसालीवाडा मंडल के प्रवास पर सामुदायक भवन में भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यसमिति, बूथ अध्यक्ष,शक्ति केंद्र संयोजक, मोर्चा प्रकोष्ठ व पार्टी पार्षद गण,सरपंच गण जनपद सदस्य के साथ प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया व कार्यकर्ताओं को आगामी आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर मूल मंत्र दिये गये। कार्यक्रम , जिला उपाध्यक्ष विधानसभा प्रभारी डां. सुभाष तिवारी जी, मंडल अध्यक्ष प्रतीक दुबे जी,मनोज यादव जी, मंडल,मंडल प्रभारी जिला कार्यालय मंत्री आनंद साहू जी,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय पटेल,जिला संयोजक खुशीलाल साहू,डॉ. प्रहलाद पटेल,गोविन्द दिवेदी,सोनू सोनकर,पार्षद श्री मति पिंकी प्रीतम पटेल,श्रीमति ममता बर्मन,ज्योति ठाकुर,प्रकाश चक्रवती,राजकुमार गोटिया,देपेश पटेल,दीपक सोनकर, पूर्व पार्षदचन्दन पटेल,महेश चक्रवती, कृष्णा बर्मन,दिनेश साहपाध्यक,विनोद यादव,सहित बड़ी संख्या मे दोनों मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी मातृ शक्ति युवा साथी कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### सार-समाचार



## मुख्यमंत्री से मुलाकात की अनुमति मांगने पर कांग्रेस के पदाधिकारियों को किया गया गिरफ्तार

**मझौली देशबन्धु।** पाटन विधानसभा के कांग्रेस के पदाधिकारियों को शुक्रवार को कटंगी में मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की अनुमति मांगने पर पर विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपने के लिए गए हुए थे, तभी कटंगी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। जिसमें अभिषेक यादव ने जानकारी देते हुए बताया की कटंगी शहर आगमन में आए हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री छात्रों के मामा बहनों के भाई बोलने वाले आज जन आशीर्वाद के नाम पर अग्रिम चुनाव में वोट लेने आए थे ,जिसमे पाटन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के नेतृत्व में प्रदेश के छात्र छात्रों की समस्या के समाधान को लेकर विधिवत् तरीके से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने की अनुमति माँगी बल्कि आज मुख्यमंत्री के इशारों में छात्र हित में आवाज उठाने वाले सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया गया जिसमें पूर्व विधायक निलेश अवस्थी विक्रम सिंह बब्बू यादव अंकित पटेल अभिषेक यादव संतोष मांझी ललित सोनी और भी कांग्रेस पदाधिकारी गिरफ्तार किए गए।

## कुंडम की छात्रा कुमारी वर्षा चक्रवर्ती को मिली स्कूटी



**कुंडम, देशबन्धु।** शिवराज सिंह की महत्वाकांक्षी स्कूटी प्रदाय योजना शासकीय मॉडल स्कूल जबलपुर में कैंट विधायक रोहाणी राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जबलपुर संतोष बरकड़े की गरिमा मय उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को स्कूटी प्रदान की गई शास कन्या उ माध्यमिक विद्यालय कुंडम की छात्रा कुमारी वर्षा चक्रवर्ती को सत्र2022- २३ के हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर उन्हें शासन के द्वारा अन्य छात्र-छात्राओं के साथ मनपसंद स्कूटी प्रदान की गई शाला प्राचार्य डी आर यादव, धुर्वे , मार्गदर्शक शिक्षक एवं स्कूटी प्रभारी जेएस नागवंशी सी एस विश्वकर्मा ए के दुबे आदि ने छात्रा को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## ग्राम पंचायत सगोड़ी बोड़ी में किया गया नल-जल टंकी का भूमिपूजन



**मझौली, देशबन्धु।** आज ग्राम पंचायत सगोड़ी बोड़ी कालोनी मैं नल जल टंकी का भूमि पूजन किया गया नल जल जो टंकी तैयार होनी है वह टंकी खसरा नंबर 386 तालाब के किनारे तीनों गांव के बीच बनाई जानी है आज लोगों में खुशी की लहर जाग उठी भूमि पूजन होते ही कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच दीपक साहू और उपसरपंच प्रिंस दुबे पंडित राम दत्त तिवारी रवि शुक्ला पंजु साहू कोटवार दिलीप दहिया सचिव कान्हा पटेल सहायक रोजगार सुखदेव यादव नरेंद्र साहू गुरु गोविंद पटेल समस्त माताएं बहनों ग्राम वासी उपस्थित रहे सरपंच दीपक साहू ने तीनों ग्राम वासियों को बधाई और शुभकामनाएं।

## जनआक्रोश आंदोलन में कांग्रेसियों ने नगर परिषद का घेराव कर चस्पा किया ज्ञापन

**बरेला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ एवं क्षेत्रीय समस्याओ को लेकर आज 25 अगस्त को दोपहर 12 बजे रामलीला रंगमंच पर विशाल आम सभा ब्लाक काग्रेस द्वारा आयोजित की गई। आन्दोलन मे मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ नीलेश जैन बरेला ब्लाक की समस्याओ स्टेडियम की मॉग गौमुख को टूरिस्ट प्लेस बनाने की मॉग नगर परिषद मे भष्टाचार के विरोध अवैध टेक्स वसूली के विरोध मे बात रखी संगठन मंत्री राजकिशोर पटेल ब्लाक काग्रेस अध्यक्ष सत्येंद्र गर्ग राजेश पटेल सम्मति सैनी डॉसत्येंद्र यादव राधेश्याम चौबे विवेक पटेल मुकेश पटेल वीरेंद्र चौबे विनोद श्रीवास्तव तविदंर गुजराल प्रभा यादव रिंकू तिवारी संजय श्रीवास्तव मनोज पटेल सुकीर्त त्रिपाठी ने कहा कि 50त्न कमीशन की यह सरकार और विधायक को हटाना कार्यक्रम का संचालन अरविंद तिवारी ने किया हजारों कांग्रेस जनो ने सभा स्थल से नगर परिषद के लिए नारा लगाते हुए रवाना हुए है इस अवसर पर नरेश पटेल विजय जैन राम जी रैकवार विपिन झरिया नीरज गर्ग सत्येंद्र पटेल गोपाल झरिया सुरेंद्र चौकसे शेख सलीम रोहित पटेल कपिल पटेल सागर सिंह और पार्षद भूपेंद्र यादव रामकुमार नामदेव नीलकमल झरिया योगेश पटेल देवी दिन पटेल रामानुज पटेल प्रकाश पाठक सिल्लू पटेल संजू पटेल किट्टू पटेल मुकुल गर्ग रामगोपाल पटेल आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री अनुराग पटेल ने किया।इस अवसर पर अधिकारियों के न पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं ने नगर परिषद की दीवार पर ज्ञापन चस्पा किया।

## नगर में स्नेह-यात्रा का हुआ आगमन



**पाटन, देशबन्धु।** नगर में स्नेह-यात्रा का आगमन हुआ जिसमें महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद महाराज अध्यक्ष गौ संवर्धन बोर्ड मध्य प्रदेश शासन,प्रकाशानंद जी व अनेक संतों का आगमन हुआ स्वामी अखिलेश्वरानंद जी के द्वारा बताया गया की समरस भारत से अखंड भारत की यह यात्रा कटंगी,गंज खमरिया, आरछा होते हुए पाटन रेस्ट हाउस पहुंची जहां कुंवर शंकर सिंह जनकल्याण संस्था नवांकुर संस्था जन अभियान परिषद के द्वारा पीपल लगाओ अभियान का शुभारंभ स्वामी जी के द्वारा पीपल लगाकर किया गया तत्पश्चात यात्रा वार्ड नंबर 4 रविदास मंदिर में पूजन अर्चन कर नगर भ्रमण करते हुए ग्राम सहसन पहुंची इसके बाद यात्रा ने शहपुरा प्रस्थान किया यात्रा में मुख्य रूप से उपस्थित रहे ठाकुर सुरेंद्र सिंह प्रांत प्रमुख विश्व हिंदू परिषद जबलपुर,ठाकुर रामनारायण सिंह इसके अलावा नगर की नवांकुर संस्था एवं अन्य संस्थाएं एवं पाटन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की लाडली बहनें प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

# लंबित मांगों को लेकर पैक्स कर्मचारियों ने सौंपा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

## रक्षाबंधन नजदीक, नहीं खुल रहे राशन दुकानों के ताले, हितग्राही काट रहे चक्कर

**पनागर, देशबन्धु।** अपनी लंबित मांगो को पूरा कराने आज पैक्स कर्मचारियों ने कटंगी में कार्यक्रम में पंहुचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को ज्ञापन सौंपा। मध्य प्रदेश में समस्त राशन दुकानों में 10 दिनों से ताले लगे हुए हैं वहीं रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक है, गरीब हितग्राही राशन लेने राशन दुकान के चक्कर लगा रहे हैं, वहीं पैक्स कर्मचारियों का कहना है शासकीय कर्मचारियों की भांति समान वेतनमान लागू करने के साथ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विगत कई वर्षों से पैक्स कर्मचारी आंदोलनरत रहे है, जिनकी मांगों को पूरा करने मुख्यमंत्री द्वारा सन 2019 में आश्वाशन दिए जाने के बावजूद उनकी आज तक उनकी मांगों को पूरा नही किया जा रहा है, जिसके विरोध में पैक्स कर्मचारियों का पिछले 10 दिनों से पुनः अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश के सभी 52 जिलों में कार्यरत सभी सहकारिता कर्मचारियों (पैक्स) ने पीओएस मशीन बंद कर, समिति आपरेटरों ने अपने लैपटॉप समिति में जमा कर आंदोलन शुरू कर दिए हैं, पैक्स कर्मचारियों का कहना है, कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे ऋण वितरण, ऋण बसूली, खाद बीज वितरण, उपार्जन कार्य, किसान ब्याज माफी एवं पीडीएस (राशन वितरण) आदि का कार्य इन्ही कर्मचारियों से कराया जाता है, इसके बदले उन्हें दिया जाने वाला वेतन काफी कम है। अल्प वेतन में काम करना संभव नही है। सरकार यदि इस बार हमारी मांगों को पूरा नही करती है तो अनिश्चित कालीन धरना चलता रहेगा।



### हड़ताल के चलते मंहगे दामों में खाद खरीदने को मजबूर हो रहे अन्नदाता

**बाजार में बेची जा रही है महंगे दामों में यूरिया खाद**- किसानों का कहना है कि कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से उन्हें सोसाइटी से खाद नही मिल पा रही है, जिससे खेत में लगी फसल प्रभावित हो रही है, ऐसे में किसानों को मजबूरन प्राइवेट दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं जहां उन्हें अधिक दाम में यूरिया, आदि दवाओं के साथ अन्य दवा भी लेनी पड़ी रही है, जिससे परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में खेत में लगी फसल भी प्रभावित हो रही है।

**इनका कहना है**

हितग्राही रोज आते हैं राशन लेने के लिए मगर राशन दुकानों मैं 10 दिन से ताला लगा है रक्षाबंधन सामने हैं ऐसे में कैसे कटेगा रक्षाबंधन का त्योहार, शिवराज मामा जो राशि खाते में दे रहे हैं उससे रक्षाबंधन त्यौहार मनाएंगे या खाने को राशन खरीदेंगे।

**- सायमा बाई**

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हर विभाग की महापंचायत बुलाकर उनकी मांगें पूरी की हैं सिर्फ सहकारिता विभाग ही वंचित है, हमारी मांग है कि जल्द ही महापंचायत बुलाकर 4 साल पहले दिए गए आश्वासन को पूरा किया जाए अन्यथा यह आंदोलन अनिश्चित कालीन चलता रहेगा, सरकार जल्द ही हमारी मांगें पूरी नही करती हैं तो हम सभी कर्मचारी सामूहिक स्तीफा दे देंगे

**कपिल मिश्रा,** जिलाध्यक्ष मप्र सहकारी कर्मचारी संघ



## मुख्यमंत्री ने किया निराश, जबलपुर-कटंगी में नहीं की सिहोरा की कोई चर्चा

### जिले की मांग पर भूख हड़ताल जारी

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा वासियों ने आशा लगा रखी थी कि जबलपुर और कटंगी की सभाओं में मुख्यमंत्री सिहोरा से उठ रही जिला की मांग पर कोई संबोधन देंगे पर ऐसा न हुआ।पुराने बस स्टैंड सिहोरा में भूख हड़ताल पर बैठे हड़ताली धरना स्थल पर ही मोबाइलों में ऑनलाइन मुख्यमंत्री की कटंगी और जबलपुर की सभा को सुनते रहे।

अब 5 को जंगी प्रदर्शन की तैयारी- मुख्यमंत्री के द्वारा हमेशा के समान मिली बेरुखी से आक्रोशित समिति के सदस्यों ने देर शाम पुनः बैठक आहूत की और आगामी पांच सितंबर के आंदोलन और रैली को जंगी करने का निर्णय लिया।

**ये बैठे धरने मे**- शुक्रवार को हुई भूख हड़ताल में सोहन सोनी,आलोक ब्यौहार,अजय किशोर तिवारी, राघव मिश्रा,आनंदमणि त्रिपाठी,प्रदीप पटेल,राजभान मिश्रा,सौरभ शुक्ला,कन्हैया बड़गैया, नितेन्द्र पांडे, विनोद पटैल, अभिषेक पाठक, साकेत पीड़हा दिन भर भूख हड़ताल पर बैठे।

## 97 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने ओलपियाड परीक्षा उत्साह के साथ दी



**सिहोरा,देशबन्धु।** शासकीय विद्यालयों में कक्षा 2 से कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्रों का ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन 25 अगस्त को किया गया। इसी तारतम्य में दोपहर 12 से 3 बजे तक जनशिक्षा केंद्र स्तर पर एकीकृत शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में आयोजित की गई।प्रतियोगिता में कक्षा 2 से 3 तक 108 में से 101, कक्षा 4 से 5 तक 108 में से 106 एवं कक्षा 6 से 8 तक 220 में से 216 छात्र छात्राएं ओलंपियाड परीक्षा में उपस्थित होकर उत्साह के साथ ओएमआर शीट में परीक्षा दी। परीक्षा में कुल 436 में से 423 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुए जो की 97त्न है इससे यह स्पष्ट होता है कि छात्र-छात्राओं में परीक्षा के प्रति जागरूकता एवम उत्सह स्पष्ट नजर आया।

परीक्षा के दौरान छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन के करने के लिए शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार बाजार प्राचार्य जे एल खांडे, जनपद शिक्षा केंद्र सिहोरा से बीएसी बृजेश श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्य यशोदा बाई एवम मझौली बी ई ओ श्रीमती शांति कुटार , श्रीमती दीप्ति राजपूत भी पंहुची। उन्होंने प्रत्येक कक्षा में जाकर कक्षा में जाकर छात्र-छात्राओं से बेझिझक होकर परीक्षा देने के लिए कहकर उत्साह बढ़ाया उन्होंने बताया कि ओलंपियाड परीक्षाएँ प्रतियोगी परीक्षाएँ हैं जो बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा और कौशल को उजागर करने में मदद करती हैं । इन प्रतियोगी परीक्षाओं का एजेंडा प्रत्येक छात्र के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना और तार्किक सोच के साथ अवधारणा-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना है।

*ओलंपियाड परीक्षा में प्रमुख सहयोगी.... जन शिक्षा केंद्र स्तर पर हुई ओलंपियाड परीक्षा में 97त्न छात्राएं शामिल हुए इस परीक्षा के आयोजन में भारी सफलता के लिए परीक्षा केंद्र प्रभारी श्रीमती दीप्ति राजपूत, प्रधानाध्यापक अशोक तिवारी, जन शिक्षक अक्षय चौदहा,श्याम राव मांडेलकर,योगेंद्र मिश्रा, सहित पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## शिबू और हेमंत सोरेन के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल, बाबूलाल मरांडी की बढ़ी मुश्किल!

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके पिता शिबू सोरेन एवं उनके परिजनों के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ राज्य के कई थानों में एफआईआर कराई गई है। झामुमो के नेताओं-कार्यकर्ताओं और हेमंत सोरेन समर्थकों ने इसे लेकर अलग-अलग थानों में मरांडी के खिलाफ लिखित शिकायत की है। ऐसी ही एक एफआईआर रांची के कांके थाने में सोनू तिर्की नामक शख्स ने दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि बाबूलाल मरांडी अपनी जनसभाओं में आदिवासी समाज में दिशोम गुरु कहलाने वाले शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ घृणित और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कांके थाना प्रभारी के अनुसार, इस शिकायत पर आईपीसी की धारा 504, 505 और 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

# ब्रिक्स, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं के इस्तेमाल का पक्षधर

- ब्रिक्स देशों के बीच बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत करने पर दिया जोर
- सदस्य देशों ने आपस में आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत की भी वकालत की




ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

**जोहान्सबर्ग,** (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की घोषणा में गुरुवार को कहा गया कि ब्रिक्स के सदस्य देश अंतरराष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग के साथ-साथ संगठन के भीतर वित्तीय मामलों के निपटान में इनके इस्तेमाल के पक्षधर हैं।

घोषणा में कहा गया, हम ब्रिक्स और उनके व्यापारिक साझेदारों के बीच अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय लेनदेन में स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर देते हैं। हम ब्रिक्स देशों के बीच बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत करने और स्थानीय मुद्राओं में भुगतान करने का मजबूती प्रोत्साहित करते हैं। सदस्य देशों ने आपस में आपूर्ति श्रृंखला और भुगतान प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से आगे सहयोग की भी वकालत की है।

उन्होंने कहा, हम व्यापार और निवेश प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं और भुगतान प्रणालियों की इंटरकनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं। हम सेवाओं में व्यापार पर सहयोग के लिए ब्रिक्स फ्रेमवर्क में स्थापित सेवाओं में व्यापार में आदान-प्रदान और सहयोग को मजबूत करने के लिए सहमत हैं। ब्रिक्स व्यापार परिषद और ब्रिक्स महिला व्यापार गठबंधन (डब्ल्यूबीए) का उद्देश्य सेवा सहयोग रोडमैप में ब्रिक्स व्यापार और व्यावसायिक सेवाओं में व्यापार में सहयोग के लिए ब्रिक्स फ्रेमवर्क सहित प्रासंगिक दस्तावेजों के कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है।

## अगले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का इंतजार कर रहा हूं : मंडेला

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के पोते एवं संसद सदस्य ज्वेलिवेलिले मंडेला ने कहा है कि वह रूस में 2024 में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले दिन में, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस, अगले साल ब्रिक्स का अध्यक्ष पद ग्रहण करेगा एवं अक्टूबर 2024 में कज़ान शहर में ब्लॉक के अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। श्री मंडेला ने मंगलवार से गुरुवार तक जोहान्सबर्ग में चल रहे मौजूदा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर कहा, हम अगले साल रूस में शिखर सम्मेलन देखने की उम्मीद कर रहे हैं और हमारा मानना है कि वही पर बहुत सारे निर्णय लिए जाएंगे। दक्षिण अफ्रीकी सांसद का यह भी मानना है कि नए सदस्यों को समूह में शामिल होने की अनुमति देने से पहले एक या दो सम्मेलन का समय लग सकता है क्योंकि अभी भी कई चीजें हैं जिन्हें मानदंड और शर्तों के संदर्भ में स्थापित करने की आवश्यकता है। ब्रिक्स ,दुनिया की सबसे बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका को एकजुट करता है।

## ईरान के परमाणु मुद्दे का समाधान शांतिपूर्वक हो : ब्रिक्स

**जोहान्सबर्ग।** ब्रिक्स देशों ने ईरान के परमाणु मुद्दे का समाधान शांतिपूर्ण और कूटनीतिक रूप से करने की आवश्यकता जतायी है। ब्रिक्स ने यह बात गुरुवार को जोहानसबर्ग शिखर सम्मेलन के बाद जारी एक घोषणापत्र में कही। घोषणापत्र में कहा गया, हम ईरानी परमाणु मुद्दे का समाधान अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार शांतिपूर्ण और कूटनीतिक माध्यमों से करने की आवश्यकता को दोहराते हैं। ब्रिक्स ने संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) की पूर्ण बहाली और प्रभावी क्रियान्वयन की भी वकालत की। बयान में कहा गया, हम अंतरराष्ट्रीय परमाणु अप्रसार के साथ-साथ व्यापक शांति एवं स्थिरता के लिए जेसीपीओए और यूएनएससीआर 2231 को संरक्षित करने के महत्व पर बल देते हैं और आशा करते हैं कि संबंधित पक्ष जल्द से जल्द जेसीपीओए का पूर्ण और प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे।




## सार संक्षेप

### हरदा जिलें में नही मिली मूंग खरीदी की राशिः अरुण यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल के ग्रह जिलें हरदा में मूंग की राशि नही मिलने का आरोप लगाया है। यादव ने कहा कि हरदा एवं होशंगाबाद जिलों में सरकार ने जो मूंग की खरीदी की है, उसे दो महीने हो गए हैं, लेकिन उसका पैसा आज तक किसानों को नहीं मिला है। यादव ने कहा कि जिन जिलों में अतिवृष्टि हुई है, सरकार ने ना तो वहां सर्वे किया है और ना ही कोई मुआवजा मिला है। उन्होंने प्याज के एक्सपोर्ट पर ड्यूटी लगाने के केंद्र सरकार के निर्णय की भी आलोचना करते हुए कहा कि कि चाहे केंद्र की सरकार हो या मध्य प्रदेश की सरकार हो दोनों किसने की कभी भी मदद नहीं करती है।

### पंजाब में बीएसएफ ने 360 ग्राम हेरोइन जब्त की

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में 360 ग्राम हेरोइन जब्त की है। हेरोइन को पंजाब के तरन तारन में ड्रोन से गिराया गया था। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि सुबह के समय हमें ड्रोन के माध्यम से गिराए गए प्रतिबंधित वस्तुओं की खेप की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिली। इसके बाद हमने तरन तारन के राजोके गांव के बाहरी इलाके में पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। अधिकारी ने कहा कि सुबह लगभग 9-15 बजे तलाशी के दौरान, सैनिकों ने नशीले पदार्थों का एक छोटा पैकेट बरामद किया। इस पैकेट में करीब 360 ग्राम हेरोइन मिली। इसे ड्रोन के साथ लटकाने के लिए नायलॉन के हुक के साथ चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था। उन्होंने कहा कि यह हेरोइन राजोके गांव के खेतों में पाई गई। अधिकारी ने कहा कि हेरोइन को जब्त कर लिया गया है और वे मामले की जांच कर रहे हैं।

### कावेरी विवाद : कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु की याचिका को गलत बताया

नई दिल्ली। कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कावेरी नदी से पानी छोड़ने की मांग करने वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका को पूरी तरह से गलत है, क्योंकि यह गलत धारणा पर आधारित है कि यह जलवर्ष सामान्य है, न कि संकटग्रस्त जलवर्ष। कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि वह सामान्य जलवर्ष के लिए निर्धारित पानी सुनिश्चित करने के लिए बाध्य नहीं है, क्योंकि दक्षिण-पश्चिम मानसून की विफलता के कारण कावेरी बेसिन में संकट की स्थिति पैदा हो गई है। इसमें कहा गया है कि कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) ने दर्ज किया है कि 9 अगस्त तक कर्नाटक के चार जलाशयों में पानी का प्रवाह 42.5 प्रतिशत कम था और तमिलनाडु सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दाखिल याचिका में उसने वर्षा 25 प्रतिशत कम होने का जिक्र किया था।



## जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण का दूसरा प्रयास विफल रहा : उ कोरिया

**प्योंगयांग,** (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने कहा है कि जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण करने का उसका दूसरा प्रयास विफल हो गया है। दक्षिण कोरिया की योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से यह खबर दी है।

समाचार एजेंसी के मुताबिक, उत्तर कोरिया अक्टूबर में उपग्रह के तीसरे प्रक्षेपण का प्रयास करेगा। योनहाप ने पहले दक्षिण कोरिया की सेना का हवाला देते हुए बताया था कि उत्तर कोरिया ने बुधवार को एक तथाकथित अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान प्रक्षेपित किया।

## चीन बांग्लादेश में बाहरी हस्तक्षेप का करता है विरोध : जिनपिंग



- ढाका में चीनी दूतावास ने एक बयान में गुरुवार को दी यह जानकारी

**ढाका,** (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि चीन बंगलादेश में बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करता है और उसकी राष्ट्रीय संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा का समर्थन करता है, जिससे बंगलादेश में एकता एवं अखंडता लगातार बनी रहे और उसका विकास एवं पुनरोद्धार हो सके। ढाका में चीनी दूतावास ने एक बयान में गुरुवार को यह जानकारी दी।

दूतावास ने बयान में कहा गया कि श्री जिनपिंग ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ बैठक की, जिसमें दोनों पक्षों ने आधारभूत संरचना, सूचना प्रौद्योगिकी, नई ऊर्जा और कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। दोनों देशों के नेताओं के बीच यह बैठक 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर बुधवार शाम को होटल हिल्टन सैंडटन में हुई। चीनी राष्ट्रपति ने चीन और बंगलादेश की उच्च गुणवत्ता वाली बेल्ट एंड रोड सहयोग पर जोर देने और अपनी आर्थिक पूरकता को समुचित अवसर प्रदान करने पर वार्ता हुई।श्री जिनपिंग ने कहा कि चीन और बंगलादेश के बीच पारंपरिक मित्रता है और दोनों पक्षों ने 2016 में द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक सहकारी साझेदारी को आगे बढाया है। मौजूदा समय में चीन और बंगलादेश दोनों अपने देश के विकास और पुनरुद्धार के एक महत्वपूर्ण चरण में हैं और चीनी पक्ष बंगलादेश के साथ विकास रणनीतियों के तालमेल को और मजबूत करने, विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा देने, द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को एक नए स्तर पर लेकर जाने और दोनों देशों के नागरिकों को बेहतर लाभ पहुंचाने के लिए इच्छुक है। रिपोर्ट के अनुसार, चीनी पक्ष अपने-अपने मूल हितों से जुड़े मुद्दों पर एक-दूसरे का मजबूती से समर्थन करने और बंगलादेश के साथ काम करना जारी रखने को इच्छुक है।

## 7800 करोड़ के हथियारों की खरीद को सरकार की मंजूरी



- राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई

**नई दिल्ली।** सरकार ने तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए 7800 करोड़ रुपए की रक्षा खरीद के प्रस्तावों को आज स्वीकृति प्रदान की जिसमें हेलीकॉप्टरों पर इलैक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, थल सेना की मानव रहित निगरानी एवं रसद परिवहन की स्वायत्त प्रणाली एवं नौसेना के हेलीकॉप्टरों को नये हथियारों से लैस करने के प्रस्ताव शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लगभग 7,800 करोड़ रुपये के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारतीय वायु की दक्षता बढ़ाने के लिए फोर्स, डीएसी ने भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद और फिट करने के लिए एओएन प्रदान किया, जो हेलीकॉप्टरों की क्षमता को बढ़ाएगा। ईडब्ल्यू सुइट भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) से खरीदा जाएगा।

डीएसी ने मशीनीकृत पैदल सेना यानी इन्फैन्ट्री और बख्तरबंद रेजिमेंटों के लिए ग्राउंड-आधारित स्वायत्त प्रणाली की खरीद के लिए भी एओएन प्रदान किया है जो मानवरहित निगरानी, गोला-बारूद, ईंधन और पुर्जों की रसद डिलीवरी और युद्ध क्षेत्र में हताहतों की निकासी जैसे विभिन्न कार्यों में बेहतर काम करने में सक्षम होगा। 7.62×51 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) और ब्रिज लेइंग टैंक (बीएलटी) की खरीद के प्रस्ताव को भी डीएसी द्वारा आगे बढ़ा दिया गया है।

## कंबोडिया के नए प्रधानमंत्री ने विकास को बढ़ावा देने के लिए शुरू की रणनीति

**नोम पेन्ह**(एजेंसियां)। कंबोडिया के नवनिर्वाचित प्रधान मंत्री हुन मानेट ने गुरुवार को पहली कैबिनेट बैठक के दौरान ' पेंटागोनल रणनीति-प्रथम चरण 2023-2028' लॉन्च की।

कार्यक्रम में हुन मानेट ने कहा कि रणनीति विकास को बढ़ावा देने, नौकरियां पैदा करने, समानता सुनिश्चित करने, दक्षता बढ़ाने और कंबोडिया विजन 2050 को साकार करने की यात्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए डिज़ाइन की गई थी। उन्होंने कहा, अगले 25 वर्ष कंबोडिया के लिए एक नया चक्र होंगे, और देश अपने राष्ट्रीय गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की इच्छा रखता है । उन्होंने कहा, कंबोडिया की शाही सरकार पेंटागोनल रणनीति-प्रथम चरण के लिए पांच प्रमुख प्राथमिकताओं की पहचान करती है, अर्थात् लोग, सड़क, पानी, बिजली और प्रौद्योगिकी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रणनीति का मिशन कड़ी मेहनत से हासिल की गई शांति की रक्षा और पोषण करना और 2030 तक उच्च मध्यम आय वाला देश और 2050 तक उच्च आय वाला देश बनने के मील के पत्थर को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय विकास में तेजी लाना है।

## धार्मिकता

### सैद्धांतिक तौर पर समय से पहले समाप्त की जा चुकी है यात्रा

# अमरनाथ यात्रा में इस बार शामिल हुए 4.5 लाख श्रद्धालु

**जम्मू,** देशबन्धु। कई दिन पहले ही सैद्धांतिक तौर पर खत्म हो चुकी अमरनाथ यात्रा में इस बार शामिल हुए 4.50 लाख श्रद्धालुओं की संख्या से अमरनाथ श्राइन बोर्ड खुश है। इस पर श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने संतुष्टि जताई है। हालांकि अमरनाथ यात्रा का धार्मिक समापन 31 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन होना है। आज उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के लाल चौक स्थित दशनामी अखाड़े में पारंपरिक छड़ी-पूजन में भी भाग लिया।

छड़ी मुबारक 26 अगस्त को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा के लिए रवाना होगी।

जानकारी के लिए अमरनाथ यात्रा में पवित्र हिमलिंग के दर्शनों के अतिरिक्त सर्वाधिक महत्व की चीज छड़ी मुबारक है। सरकारी तौर पर भले ही यात्रा की तिथियां कुछ भी हो, लेकिन पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यात्रा की अवधि छड़ी मुबारक से जुड़ी है है। अर्थात व्यास पूर्णिमा से श्रावण पूर्णिमा यानि रक्षा बंधन तक।

इस बार इसमें 4.50 लाख श्रद्धालु शामिल हुए हैं। पर अमरनाथ यात्रा के प्रति एक रिकार्ड सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने का वर्ष 2011 की यात्रा में बना था जब रिकार्ड तोड़ 6.35 लाख श्रद्धालुओं ने इस यात्रा में शिरकत की थी। जानकारी के लिए वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2019 के आंकड़ों पर अगर एक नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2016 में, जब हिज्बुल मुजाहिदीन के पोस्टर ब्याय बुरहान वानी की मौत हुई थी, सबसे कम 2.20 लाख श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए थे। जबकि चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2008 में जब अमरनाथ भूमि आंदोलन को लेकर जम्मू में दो माह तक लगातार आंदोलन, हड़ताल और कर्फ्यू लागू रहा था तब भी सरकारी रिकार्ड के मुताबिक, 5.50 लाख श्रद्धालुओं ने 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा में बनने वाले हिमलिंग के दर्शन किए थे।



हालांकि इस आंकड़े पर आज भी संदेह व्यक्त किया जाता रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2007, 2008, 2009, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2016, 2017 तथा 2018 में क्रमशः 2.63, 5.50, 3.75, 4.59, 6.35, 6.20, 3.53, 3.72, 2.20, 2.60 तथा 2.85 लाख श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इस बार अमरनाथ गुफा में बनने वाले हिमलिंग के दर्शन के लिए 62 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान मार्ग और मध्य कश्मीर के गांदरबल में 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग से 30 जून को शुरू हुई थी।

## आज का इतिहास

1303 - अलाउद्दीन खिलजी ने राणा भीम सिंह को हराने के बाद चित्तौड़गढ़ पर कब्जा किया।
1541 - तुर्की के सुल्तान सुलेमान ने बुडा और हंगरी को अपने कब्जे में किया।
1676 - ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री रॉबर्ट वालपोल का जन्म।
1883- इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने से 36 हजार लोगों की मौत हुई।
1910 - नोबेल शांति पुरस्कार एवं भारत रत्न से सम्मानित 'संत' मदर टेरेसा का युगोस्लाविया के स्कोपजी में जन्म।
1920 - अमेरिका में महिलाओं को मताधिकार मिला।
1927 - हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी बंसीलाल का जन्म।
1928 - हीरो साइकिल्स के सह संस्थापक भारतीय व्यापारी एवं समाज-सेवी ओम प्रकाश मुंजल का जन्म।
1955- सत्यजीत रे की फिल्म 'पाथेर पांचाली' रिलीज हुई।

## सुडोकू 6297


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | 4 | | |
| | | 9 | | 2 | 8 | 1 | | |
| | | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | | | | 7 |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 9 |
| 6 | | | | | | | 4 | |
| | 9 | | | 8 | | | | |
| | | 5 | 7 | 3 | | 6 | | |
| | | 6 | 1 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6297



**बायें से दायें:-**
१. पराधीनता, गुलामी
४. जिस पर नज़र न पड़ी हो, जो देखा न गया हो
६. रक्षा करने या रखे जाने का भाव
७. विनती, आवेदनपत्र
८. युद्धसंबंधी
१०. यज्ञ करना
११. भलामानस, सज्जन
१३. तृण, घास-फूस
१४. कठिन
१५. शांत, नीरव, निर्धन, सन्नाटा
१७. स्वर्ण, धतूरा
१९. मां का बच्चे के प्रति किया जाने वाला स्नेह, वात्सल्य
२१. एक राक्षसी
२२. अस्वीकार या असहमति जताना
२४. कांपना

**ऊपर से नीचे:-**
१. पैदल चलने वाला
२. शरीर के भीतर पाई जाने वाली श्वेत-चमकदार डोरी जैसी संरचना
३. विश्वामित्र के पुत्र का नाम
४. मृत्यु, समाप्ति, अंत
५. दानव, दैत्य, देवताओं के शत्रु
९. तकलीफदेह
११. किसी देवता की स्तुति में रचित पद
१२. युक्ति, प्रयत्न
१३. केसर-चंदन आदि में ललाट पर बनाया गया चिह्न, टीका
१४. किसी व्यापारिक संस्थान में लेन-देन या लेखा-जोखा करने वाला
१५. देवता और दैत्य
१६. संग-संग, एक साथ
१८. मिसाल, उदाहरण (उर्दू)
१९. कामदेव
२०. कसना, तानकर बांधना
२३. ध्वनि, शब्द

### वर्ग पहेली-6296

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वृ | था | क | था | | | वि | ष | पा | न |
| द्धा | | न | | स | र्व | दा | | व | |
| व | र्द्ध | क | | मा | | र | हा | स | हा |
| स्था | | म | | धा | त्वि | क | | | मी |
| | नि | य | म | न | | | दु | र्ल | भ |
| | र्बा | | ला | | का | फि | ला | | र |
| व | ध | स्थ | ल | | नू | | र | च | ना |
| श | | गि | | अ | नी | ति | | क | |
| व | र्जि | त | | न्य | | मि | थ्या | वा | दी |
| ती | | | क | था | सा | र | | | प |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408


# खेल जगत

## पूर्व डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन ब्रे वायट का हार्ट अटैक से निधन

**नई दिल्ली।** तीन बार के डब्ल्यूडब्ल्यूई विश्व चैंपियन विंडहैम रोटुंडा, जो ब्रे वायट के नाम से मशहूर हैं, का 36 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक से निधन हो गया। डब्ल्यूडब्ल्यूई अधिकारी ट्रिपल एच ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। ट्रिपल एच ने एक्स पर लिखा, अभी डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेम माइक रोटुंडा का फोन आया, जिन्होंने हमें दुखद खबर दी कि हमारे डब्ल्यूडब्ल्यूई परिवार के आजीवन सदस्य विंडहैम रोटुंडा - जिन्हें ब्रे वायट के नाम से भी जाना जाता है। उनका आज अप्रत्याशित रूप से निधन हो गया। हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं और हम चाहते हैं कि इस समय हर कोई उनकी निजता का सम्मान करे। हालांकि, उनकी मौत का मुख्य कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। कुश्ती रिपोर्टर सीन रॉस सैप के अनुसार, ब्रे वायट को इस साल की शुरुआत में कोविड हो गया था, जिससे दिल की समस्याएं बढ़ गई और यही कारण है कि उन्हें दिल का दौरा पड़ा और गुरुवार को उनका निधन हो गया।



# पेरिस ओलंपिक में पहुंचे नीरज, विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में तीन भारतीय




**बुडापेस्ट।** भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग राउंड में 88.77 मीटर के शानदार थ्रो के साथ चैंपियनशिप के फाइनल और पेरिस ओलंपिक 2024 के लिये क्वालीफाई कर लिया।

नीरज के अलावा डीपी मनु और किशोर जेना ने भी विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई।

नीरज अपने पहले ही प्रयास में इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर क्वालीफाइंग राउंड के ग्रुप-ए में शीर्ष पर रहे। फाइनल में पहुंचने के लिये प्रतिभागियों को या तो 83 मीटर का निशान पार करना था या शीर्ष 12 में रहना था। दोनों समूहों के प्रयास पूरे होने के बाद मनु (81.31 मीटर) और जेना (80.55 मीटर) ने क्रमशः छठे और नौंवे स्थान पर रहकर पदक राउंड के लिये क्वालीफाई किया।

नीरज ने इसी के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 का भी टिकट कटा लिया। पेरिस ओलंपिक में क्वालीफाई करने के लिये खिलाड़ियों को कम से कम 85.50 मीटर की दूरी पर भाला फेंकना था। ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया एक जुलाई 2023 को शुरू हुई थी और 30 जून 2024 तक जारी रहेगी।

केवल विश्व एथलेटिक्स नियमों के अनुरूप विश्व एथलेटिक्स, क्षेत्रीय संघों या राष्ट्रीय महासंघों (नीरज के मामले में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ) द्वारा आयोजित या अधिकृत प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन ही ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिये मान्य होते हैं।

इस बीच, पाकिस्तान के अरशद नदीम और चेक गणराज्य के जाकुब वाडलेच ने इस सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया।अरशद ने 86.79 मीटर के थ्रो के साथ फाइनल में जगह बनाने के अलावा पेरिस ओलंपिक में भी स्थान पक्का किया। वाडलेच 83.50 के थ्रो के साथ फाइनल में पहुंचे लेकिन ओलंपिक के लिये फिलहाल क्वालीफाई नहीं कर सके।

खराब फॉर्म से गुज़र रहे गत विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स की जैवलिन मात्र 78.49 मीटर की दूरी ही तय कर सकी और वह विश्व चैंपियनशिप से बाहर हो गये।

### डीपी मनु और किशोर जेना ने भी किया बेहतर प्रदर्शन

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा के साथ, डीपी मनु और किशोर जेना भी शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के भाला फेंक फाइनल में पहुंच गए हैं। अब भारत के तीनों खिलाड़ी रविवार, 27 अगस्त को होने वाले फाइनल राउंड में हिस्सा लेंगे। वहीं, इस साल एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले 23 वर्षीय मनु दोनों समूहों में कुल मिलाकर छठे स्थान पर रहे और 81.31 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। ग्रुप बी में प्रतिस्पर्धा कर रहे एक अन्य भारतीय किशोर ने 80.55 मीटर थ्रो के साथ स्टैंडिंग में नौवें स्थान पर रहे। क्वालिफिकेशन का दूसरा समूह चेक गणराज्य के जैकब वाल्डेज के साथ शुरू हुआ। उन्होंने 81.34 मीटर थ्रो के साथ उड़ान भरी। फिर, दूसरे प्रयास में 83.50 मीटर का थ्रो किया और चोपड़ा के बाद सीधे क्वालीफाई कर लिया।

# आईसीसी विश्व कप 2023 टिकटों की बिक्री शुरू

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के टिकटों की आम बिक्री शुक्रवार शाम से शुरू होंगे। पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच होने वाले अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट विश्व कप के लिए दुनिया भर के प्रशंसकों को भारत में आमंत्रित किया गया है।

भारत में पांच अक्तूबर से 19 नवंबर तक वनडे विश्व कप का आयोजन होना है। क्रिकेट प्रशंसक लंबे समय से टिकट खरीदने का इंतजार कर रहे हैं। भारत के मैचों के साथ-साथ अभ्यास मैचों के टिकट की जानकारी पहले ही सार्वजनिक कर दी गई थी। बीसीसीआई ने जानकारी दी है कि प्रशंसक टिकट कहां खरीद पाएंगे। टिकटों की बिक्री 25 अगस्त से होनी है। हालांकि, कुछ फैंस एक दिन पहले 24 अगस्त से ही टिकट कर सकते हैं।

टिकटों की मांग को इंतजाम करने और अधिक से अधिक प्रशंसकों को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को देखने का सबसे अच्छा मौका देने के लिए शुक्रवार से विदेशी टीम के वार्मअप मैचों और इवेंट मैचों के साथ विभिन्न् चरणों में बिक्री की जाएंगे। विश्व कप में कुल 58 मैच खेले जाएंगे। इनमें 10 अभ्यास मैच शामिल हैं। विश्व कप के मैच भारत के 10 शहरों में खेले जाएंगे। हैदराबाद, अहमदाबाद, धर्मशाला, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ, पुणे, बेंगलुरु, मुंबई और कोलकाता में मुकाबले हैं। गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के अलावा हैदराबाद में अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे।

आईसीसी मीडिया विज्ञप्ति के अनुसार विश्व कप के टिकट भारतीय समयानुसार 25 अगस्त को शाम आठ बजे से एचटीटीपीएस//टिकट्सडॉट क्रिकेटवर्ल्डकप डॉटकॉम के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। बीसीसीआई ने बताया कि टिकट बिक्री वेबसाइट पर मैचों के लिए टिकट खरीदे जा सकते हैं। इस वेबसाइट पर टूर्नामेंट के मुख्य मैचों के साथ-साथ अभ्यास मैचों के टिकट भी मिलेंगे। विश्व कप 2019 फाइनल की पुनरावृत्ति के साथ शुरू हो रहा है, इंग्लैंड अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलगा। 2023 विश्व कप वनडे में सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट का प्रदर्शन करेगा और सभी प्रतिस्पर्धी देशों ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, इंग्लैंड, भारत, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका के बीच क्रिकेट के जनून को देखा जाएगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, जैसा कि हम आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टिकटों की बिक्री शुरू करने की घोषणा करते हैं, हम अपने देश और दुनिया भर के हर कोने से क्रिकेट प्रशंसकों को हृदयतल से आमंत्रित करते हैं। हमारे आयोजन स्थल ऐसे टूर्नामेंट में प्रशंसकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हम विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के साथ एक ऐसा विश्व कप अनुभव कराे के लिए तैयार हैं जो किसी अन्य देश से अलग हो।




आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ एलार्डिस ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टिकटों की आम बिक्री आज होगी, जिससे एक दिवसीय खेल का शिखर आयोजन सीधे दुनिया के सामने आएगा। हम सभी को अपनी सीट सुरक्षित करने और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## युगांडा के राष्ट्रपति आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का करेंगे अनावरण

**कंपाला।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष विश्व कप ट्रॉफी 26 अगस्त को युगांडा पहुंचेगी और इसका अनावरण 27 अगस्त को राष्ट्रपति योवेरी कगुटा मुसेवेनी और देश की प्रथम महिला जेनेट काटाका मुसेवेनी करेंगी। युगांडा क्रिकेट एसोसिएशन (यूसीए) ने आज इसकी घोषणा की। एसोसिएशन के संचार प्रबंधक डेनिस मुसाली ने गुरुवार को शिन्हुआ को बताया कि ट्रॉफी का आधिकारिक तौर पर अनावरण एंटेबे में स्टेट हाउस में राष्ट्रपति और प्रथम महिला द्वारा 27 अगस्त को किया जाएगा। श्री मुसाली ने कहा, हम बहुत उत्साहित हैं कि युगांडा को ट्रॉफी की मेजबानी करने का अवसर मिलेगा। श्री मुसाली ने कहा, यह अभूतपूर्व पल क्रिकेट के क्षेत्र में युगांडा की अविश्वसनीय प्रगति को दर्शाता है, जिसके महत्वपूर्ण परिणाम सांस्कृतिक और भौगोलिक विभाजनों पर प्रतिबिंबित होते हैं। उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया है कि युगांडा आगामी क्रिकेट विश्व कप में दावेदार नहीं हो सकता है। श्री मुसाली ने देश में खेल के प्रति स्पष्ट जुनून पर जोर दिया। नाइजीरिया और दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले ट्रॉफी चार दिनों तक युगांडा में रहेगी। गौरतलब है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी की यात्रा 27 जून को शुरू हुई और इसमें कुवैत, बहरीन, मलेशिया, अमेरिका, नाइजीरिया, युगांडा, फ्रांस, इटली और मेजबान देश भारत सहित 18 देशों का दौरा करने की योजना है। 2023 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के बीच खेले जाने वाला यह एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ओडीआई) क्रिकेट टूर्नामेंट भारत में पांच अक्टूबर से 19 नवंबर, 2023 तक आयोजित होने वाला है। यह आयोजन शुरू में फरवरी से मार्च 2023 के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे स्थगित करना पड़ा। वर्ष 2019 के गत चैंपियन इंग्लैंड सहित दस टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे।

# डब्ल्यूएफआई के निलंबन पर विनेश फोगाट ने साधा बृजभूषण पर निशाना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को चुनाव न कराने के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के बाद डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह की आलोचना की है। राष्ट्रीय कुश्ती संचालन संस्था को जून में चुनाव कराने थे। दुर्भाग्य से, विभिन्न राज्य इकाइयों द्वारा पेश की गई कई कानूनी चुनौतियों के कारण इन चुनावों में काफी देरी का सामना करना पड़ा।

फिर, नए प्रशासकों को चुनने के लिए चुनाव 12 अगस्त को होने थे, लेकिन हरियाणा कुश्ती संघ (एचडब्ल्यूए) की एक याचिका के बाद पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा अगले आदेश तक डब्ल्यूएफआई चुनावों पर रोक लगाने के बाद इसमें और देरी हो गई। विनेश ने एक्स पर लिखा, बृजभूषण के कारण भारतीय कुश्ती को कितना नुकसान हुआ है। अगर इसका सही आकलन किया जाए तो सही तस्वीर सामने आ जाएगी। इस माफिया के कारण तिरंगे का अपमान हुआ है। डब्ल्यूएफआई चुनाव में देरी के कारण, यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने गुरुवार को भारतीय निकाय को निलंबित कर दिया जिससे यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में यूडब्ल्यूडब्ल्यू ध्वज के तहत लड़ना होगा। इससे पहले ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक ने गुरुवार को भारतीय कुश्ती के लिए काला दिन बताया, क्योंकि खेल की राष्ट्रीय संस्था को अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने समय पर चुनाव न कराने के कारण निलंबित कर दिया है। युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बजरंग, साक्षी और विनेश के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पहलवानों के विरोध के बाद दिन-प्रतिदिन के कार्यों के संचालन के लिए एक निगरानी समिति का गठन किया था, जिसके बाद से भारतीय कुश्ती महासंघ मुश्किल में है। विनेश फोगाट, बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न और समग्र कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए दिल्ली में जंतर मंतर पर धरने पर बैठे थे।



## सार संक्षेप

### एशियाई खेलों में भारत उतारेगा 634 एथलीट

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय खेल मंत्रालय ने हांग्झोउ एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये 634 एथलीटों को चुना है। मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मंत्रालय के समक्ष 850 एथलीटों की सिफारिश की थी, जिनमें से 38 खेलों में इन 634 नामों को चुना गया। साल 2018 में एशियाई खेलों के पिछले संस्करण में कुल 572 एथलीटों ने भाग लिया था, जहां भारत 16 स्वर्ण सहित 70 पदक जीतकर लौटा था। भारत एथलेटिक्स में नीरज चोपड़ा की अगुवाई में 34 पुरुषों और 31 महिलाओं सहित 65 प्रतिभागी उतारेगा। जलक्रीड़ा (एक्वाटिक्स) में 22 जबकि तीरंदाज़ी में 16 खिलाड़ी भारतीय ध्वज संभालेंगे। कुश्ती में 18 पहलवान भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। हाल ही में फिडे विश्व कप में रजत पदक जीतने वाले रमेशबाबू प्रज्ञानंद सहित 10 भारतीय शतरंज में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारोत्तोलन में सिर्फ मीराबाई चानू (49 किग्रा) और बिंद्यारानी देवी (55 किग्रा) की एशियाड में तिरंगे के तले खेलेंगी। इस बार एशियाई खेलों में पदार्पण कर रहे ई-स्पोर्ट्स में भारत ने 15 खिलाड़ियों को उतारने का निर्णय लिया है। मंत्रालय ने आईओए को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि सभी एथलीट डोपिंग से मुक्त हैं।

### पर्थ स्कॉर्चर्स की कप्तानी से हटने और खुद पर ध्यान केंद्रित करने से बहुत मदद मिली : मिशेल मार्श

**पर्थ।** दक्षिण अफ्रीका के आगामी सफेद गेंद दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान मिशेल मार्श का मानना है कि खुद पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बीबीएल में पर्थ स्कॉर्चर्स की कप्तानी से हटने से उन्हें मदद मिली है। कोडस्पोर्ट्स.कॉम.एयू ने मार्श के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि पिछले चार या पाँच वर्षों में इसमें प्रगति हुई है। जब मैंने खुद पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्कॉर्चर्स की कप्तानी छोड़ दी और मैं अपने जीवन और अपने करियर में कहां था, तो मैंने नहीं सोचा था कि उस समय मेरे पास किसी भी टीम की कप्तानी करने की क्षमता थी ।

# वर्ल्ड कप के लिए संजय बांगड़ ने चुनी 15 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगड़ ने 5 अक्टूबर से 19 नवंबर तक देश में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए अपनी पसंदीदा 15 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान किया। बांगड़ ने अपनी टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को जगह देकर एक अलग और हैरान करने वाला निर्णय लिया, क्योंकि अर्शदीप ने अब तक केवल तीन वनडे खेले हैं। लेकिन अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। इसके अलावा, एशिया कप टीम में भी उनका नाम नहीं है।

वनडे वर्ल्ड कप-2019 में बांगर भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच थे। तब भारत ने सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था और मैनचेस्टर में नॉकआउट मैच में न्यूजीलैंड से हार गई थी। बांगड़ ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, विश्व कप के लिए, जिस तरह से मैंने अपनी टीम चुनी है वह कॉम्बिनेशन पर केंद्रित है।



**टीम कॉम्बिनेशन इस प्रकार होगा :**

पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज, दो विकेटकीपर-बल्लेबाज, दो स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर, एक तेज-गेंदबाजी ऑलराउंडर, एक विशेषज्ञ स्पिनर और चार तेज गेंदबाज।

उन्होंने कहा, पांच विशेषज्ञ बल्लेबाज में; रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव होंगे। दो विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन और केएल राहुल होंगे। एशिया कप टीम की तरह, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को वनडे विश्व कप के लिए बांगड़ की टीम में भी जगह नहीं मिली है। दो स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर में उन्होंने रवींद्र जड़ेजा और अक्षर पटेल को रखा। वहीं, बांगर की टीम में गेंदबाजों में तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या होंगे। एक विशेषज्ञ स्पिनर-कुलदीप यादव और चार तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और अर्शदीप सिंह का नाम शामिल है। भारत अब सीधे एशिया कप-2023 में खेलते हुए नजर आएगा जिसमें वह 2 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

# एशियाई खेलों में कासिम अकरम होंगे पाकिस्तान के कप्तान

**लाहौर।** युवा ऑलराउंडर कासिम अकरम हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों में पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम की कप्तानी करेंगे। एशियाई खेलों में टी20 प्रारूप में खेली जाने वाली पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता 28 सितंबर से सात अक्टूबर के बीच आयोजित होगी। पाकिस्तान ने पांच अक्टूबर से होने वाले बहुप्रतीक्षित एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए एशियाड के लिये एक युवा टीम चुनी है, जिसमें आसिफ अली, मोहम्मद हसनैन, शाहनवाज दहानी और उस्मान कादिर सबसे प्रमुख नाम हैं।

अंडर-19 विश्व कप 2022 में पाकिस्तान की कमान संभाल चुके 20 वर्षीय अकरम ने इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। चुने गये 15 खिलाड़ियों में से अधिकतर नाम पिछले महीने श्रीलंका में एसीसी इमर्जिंग एशिया कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, जबकि इन्होंने इससे पहले दो चार दिवसीय टेस्ट मैचों और छह वनडे मैचों के लिये जिम्बाब्वे का दौरा किया था। पाकिस्तान रैंकिंग के आधार पर भारत की तरह ही सीधा क्वार्टरफाइनल चरण में टूर्नामेंट की शुरुआत करेगा।



एशियाई खेलों में क्रिकेट पहले भी दो बार खेला जा चुका है। पहला संस्करण बंगलादेश ने जीता था, जबकि दूसरे संस्करण में श्रीलंका विजयी रहा था। दोनों बार अफगानिस्तान उपविजेता रहा। पाकिस्तान ने 2014 में भाग नहीं लिया और 2010 में वह कांस्य पदक विजेता रहा था।

**एशियाई खेलों के लिए पाकिस्तान पुरुष टीम :** कासिम अकरम (कप्तान), ओमैर बिन यूसुफ, आमिर जमाल, अराफात मिन्हास, अरशद इकबाल, आसिफ अली, हैदर अली, खुशदिल शाह, मिर्जा ताहिर बेग, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद अखलाक (विकेटकीपर), रोहेल नजीर (विकेटकीपर), शाहनवाज दहानी, सुफियान मुकीम, उस्मान कादिर।

# सात्विक-चिराग क्वार्टरफाइनल में पहुंचे, प्रणय भी आगे बढ़े

**कोपनहेगन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में गुरुवार को इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डैनियल मार्टिन को हराकर पुरुष युगल क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया, जबकि पुरुष एकल शटलर एचएस प्रणय ने भी अपने प्री-क्वार्टरफाइनल में जीत दर्ज की। प्री-क्वार्टरफाइनल मैच का पहला गेम जीतने के बाद सात्विक-चिराग की जोड़ी थोड़ा लड़खड़ाई, लेकिन अंततः वे अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों को 61 मिनट में 21-15, 19-21, 21-9 से हराने में कामयाब रहे। यह कार्नांडो और मार्टिन के खिलाफ सात्विक-चिराग की दो मुकाबलों में दूसरी जीत है। अगले चरण में शीर्ष भारतीय युगल का सामना डेनमार्क के किम एस्ट्रप/एंडर्स रासमुसेन या मलेशिया के ओंग यू सिन/तियो ई यी से होगा।

दूसरी ओर, प्रणय ने एक घंटे नौ मिनट में सिंगापुर के लोह कीन यू को 21-18, 15-21, 21-19 से मात देकर क्वार्टरफाइनल में कदम रखा, जहां उनका सामना डेनमार्क के गत विश्व चैंपियन विक्टर एसलसन या ताइवान के चोउ तिएन चेन से होगा। यह कीन यू के विरुद्ध प्रणय का चौथा मुकाबला था। पिछले तीन में से दो मुकाबले जीत चुके भारतीय शटलर ने आत्मविश्वास के साथ मुकाबले की शुरुआत की और लंबी रस्साकशी के बाद पहला गेम 21-18 से जीत लिया। दूसरे गेम में हालांकि सिंगापुर के कीन यू ने लगातार स्मैश खेलकर प्रणय पर दबाव बनाया। इस आक्रामकता में कीन यू ने कुछ गलतियां भी कीं लेकिन वह दूसरा गेम 21-15 से जीतने में सफल रहे। तीसरे गेम में विश्व नंबर सात प्रणय ने भी आक्रामकता बढ़ाकर ब्रेक तक आसानी के साथ 11-4 की विशाल बढ़त ले ली। हार के नज़दीक खड़े कीन यू ने ब्रेक के बाद ज़ोरदार वापसी की और लगातार हमले करते हुए स्कोर 11-10 पर लगभग बराबर कर दिया। देखते ही देखते कीन यू 16-15 से आगे हो गये। प्रणय ने इस समय धैर्य दिखाया और अपने सिंगापुरी प्रतिद्वंदी की अप्रत्याशित गलतियों का लाभ भी लिया। दोनों खिलाड़ी 19-19 पर बराबर थे जब प्रणय ने लगातार दो अंक अर्जित कर मुकाबला जीत लिया। इससे पूर्व, पुरुष युगल प्री-क्वार्टरफाइनल में चिराग ने जहां डिफेंस में धैर्य दिखाया, वहीं सात्विक ने कोर्ट में पीछे रहकर ज़ोरदार प्रहार किये। ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाने के बाद भारतीय जोड़ी तेज़ी से आगे बढ़ी और अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंदियों की वापसी की कोशिशों को नाकाम करते हुए 15-10 से आगे रही। कार्नांडो-मार्टिन ने गेम के अंतिम हिस्से में वापसी की कोशिश की लेकिन सात्विक-चिराग इस समय तक 21-15 के साथ पहला गेम जीतने में सफल रहे। दूसरे गेम में ब्रेक तक 11-10 की क्षीण बढ़त बनाने वाले सात्विक-चिराग लयविहीन हुए, जिसका फायदा उठाकर कार्नांडो-मार्टिनने जल्द ही 14-11 से आगे हो गये। भारतीय जोड़ी स्कोर 19-19 की बराबरी पर ले आयी लेकिन इंडोनेशियाई युगल ने लगातार दो अंक अर्जित करते हुए मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में हालांकि कार्नांडो-मार्टिन अपने भारतीय विरोधियों के आक्रामक अवतार की बराबरी नहीं कर सके। सात्विक-चिराग ने ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बनायी और ब्रेक के बाद विपक्षियों को मात्र तीन अंक देते हुए 21-9 से निर्णायक गेम जीत लिया। इस बीच, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी को प्री-क्वार्टरफाइनल में चीन की चेन क्यू सी और जिया यी फान से सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा। यह जिया-चेन के विरुद्ध त्रिशा-गायत्री का दूसरा मुकाबला था और चीनी युगल ने 21-14, 21-9 की जीत हासिल करने में सिर्फ 42 मिनट का समय लिया।



### मैंने कुछ ऐसे शॉट खेले जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता : प्रणय

भारत के शीर्ष रैंक के शटलर एचएस प्रणय, जो अपने पहले विश्व चैंपियनशिप पदक की तलाश में हैं, ने स्वीकार किया कि बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के तीसरे दौर में पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू के खिलाफ एक मुश्किल मैच था। प्रणय ने कहा, मैं कई क्षेत्रों में उतना परफेक्ट नहीं था, लेकिन अंत में मैंने खुद को आश्वस्त किया कि हारना ठीक है, लेकिन प्रयास न करना ठीक नहीं है, इसलिए अंत में मैंने कुछ ऐसे शॉट खेले जो मैं आमतौर पर नहीं खेलता और शायद यही एकमात्र अंतर था। कोचों के साथ बहुत सारी बातें हुईं। वे मुझसे कुछ चीजें करने के लिए कह रहे थे लेकिन मैं उन चीजों को करने में सक्षम नहीं था। मैं सोच रहा था कि क्या करूं और मैं निराश हो रहा था क्योंकि मैं उस तरह से नहीं खेल पा रहा था। वे चाहते थे कि मैं खेलूं, और वे निराश हो रहे थे क्योंकि मैं उस तरह के शॉट नहीं लगा पा रहा था। उन्होंने कहा, दबाव वाले मैच में उन शॉट्स को खेलना मुश्किल होता है। लेकिन यहीं पर कोच काम आते हैं, वे आपको खेलने का

## सुडोकू 6297 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 1 | 7 | 3 | 6 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 5 | 2 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 8 | 2 |

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया शुरुआती कारोबार में 12 पैसे टूटा

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 12 पैसे गिरकर 82.68 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख का असर रुपये पर दिखा। विदेश मुद्रा के विशेषज्ञों ने बताया कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का भी घरेलू मुद्रा पर असर पड़ा, जबकि विदेशी कोष के प्रवाह ने गिरावट को सीमित रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.60 पर खुला और फिर 82.69 प्रति डॉलर के भाव पर पहुंच गया। इसके बाद वह 82.68 पर कोरोबार कर रहा था।



## सोने की कीमतें दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** अमेरिका के मिश्रित आर्थिक आंकड़ों से पहले सोने की कीमतें दो सप्ताह के उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई हैं और छह सप्ताह में अपने सबसे अच्छे सप्ताह की ओर बढ़ रही हैं और बाजार भागीदार प्रमुख केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की टिप्पणियों का इंतजार कर रहे हैं, जिसमें फेडरल रिजर्व गवर्नर पॉवेल भी शामिल हैं। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में कमोडिटी रिसर्च के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत दमानी कहते हैं, ये टिप्पणियां भविष्य की ब्याज दरों पर मार्गदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने कहा, पिछले सत्र में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट के बाद एक बार फिर से बढ़त हो रही है। डॉलर सूचकांक भी 104 अंक से ऊपर 10 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर मंडरा रहा है। इस सप्ताह की शुरुआत में, प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विनिर्माण और सेवा पीएमआई डेटा को अनुमान से काफी नीचे बताया गया था, इससे बुलियन में तेजी का समर्थन किया गया था। लेकिन बेरोजगारी लाभ के लिए नए दावे दायर करने वाले अमेरिकियों की संख्या में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट आई है, यूएस कोर ड्यूरेबल्स सामान ऑर्डर डेटा भी उम्मीदों से बेहतर बताया गया है। उन्होंने कहा, दो फेड अधिकारियों ने बांड बाजार की पैदावार में उछाल का अस्थायी रूप से स्वागत किया, जो अर्थव्यवस्था को धीमा करने और मुद्रास्फीति को 2 प्रतिशत के लक्ष्य पर वापस लाने के लिए केंद्रीय बैंक के काम को पूरक कर सकता है।

# एनएमसी का बदला फैसला, अब जेनेरिक ही नहीं बल्कि दूसरी दवाइयां भी लिख पाएंगे डॉक्टर

*__नई दिल्ली।__ नेशनल मेडिकल कमीशन यानी एनएमसी ने डॉक्टरों को आदेश दिया था कि वे मरीजों को केवल जेनेरिक दवाएं ही लिखें। लेकिन अब एनएमसी ने इस फैसले पर रोक लगा दी है और आदेश बदल दिया है.*



डॉक्टरों के दबाव में आने के बाद एनएमसी ने कहा है कि डॉक्टर अब जेनेरिक दवाओं के अलावा अन्य दवाएं भी लिख सकते हैं। एनएमसी के फैसले पर तत्काल प्रभाव से रोक लगने के बाद अब डॉक्टर मरीजों को जेनेरिक दवाओं के साथ-साथ अन्य ब्रांडेड दवाएं भी लिख सकेंगे। एनएमसी ने 2 अगस्त को एक आदेश जारी किया था, जिसके मुताबिक निजी डॉक्टरों को मरीजों को केवल जेनेरिक दवाएं लिखनी थीं। एनएमसी के इस आदेश का निजी डॉक्टरों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया था. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने इस मामले पर केंद्र सरकार से बात की और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से भी इस मामले पर बात की, जिसके बाद एनएमसी ने अपना फैसला वापस ले लिया. जब डॉक्टरों ने विरोध किया तो फैसला बदल दिया गया. डॉक्टरों के विरोध के बाद एमएमसी ने अपना फैसला बदल लिया है. डॉक्टरों का कहना है कि भारत में जेनेरिक दवाओं की गुणवत्ता अच्छी नहीं है. इसके इस्तेमाल से मरीजों की जान को खतरा हो सकता है. जेनेरिक दवा किसी भी ब्रांडेड दवा से सस्ती होती है। इसके लिए मरीजों को कम खर्च करना पड़ता है और इससे स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च भी कम हो जाता है.

**ब्रांडेड दवाएं महंगी** - आरपीएम रेगुलेशन 2023 में डॉक्टरों को अतिरिक्त सावधानी बरतने को कहा गया है. गौरतलब है कि ब्रांडेड जेनेरिक दवाएं वे होती हैं जिनका पेटेंट समाप्त हो चुका है या जो पेटेंट से बाहर हैं। इसे बाजार में ब्रांड नाम से बेचा जाता है। ये दवाएं किसी भी पेटेंट दवा से कम महंगी हैं। जेनेरिक दवाओं पर एनएमसी का फैसला इसलिए भी था क्योंकि ब्रांडेड दवाएं महंगी होती हैं। कोई गरीब व्यक्ति ब्रांडेड दवाइयों से अपना इलाज नहीं करा सकता। इसीलिए जेनेरिक दवाओं को मंजूरी दी गई.

## और सस्ता हुआ कच्चा तेल पर पेट्रोल-डीजल के भाव स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दामों में गिरावट देखने को मिल रही है. क्रूड ऑयल बीते एक सप्ताह से 85 डॉलर प्रति बैरल से नीचे दर्ज किया जा रहा है, जो 86 डॉलर प्रति बैरेल के पार पहुंच गया था.मगर भारत में लंबे वक्त से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है. देशभर में 22 मई 2022 को केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कमी की थी. राष्ट्रीय स्तर पर शुक्रवार, 25 अगस्त को भी पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर है अतंरराष्ट्रीय बाजार में आज प्रात:, 25 अगस्त को ब्रेंट क्रूड ऑयल का भाव 83,69 डॉलर प्रति बैरल है. वहीं, डब्ल्यूटीआई क्रूड 79.39 डॉलर प्रति बैरल है. हालांकि, इसके बाद भी भारतीय बाजार में तेल के दामों में कोई तब्दीली देखने को नहीं मिली है।

## भारत का खनिज उत्पादन जून में रिकॉर्ड 7.6 प्रतिशत बढ़ा, 739 लाख टन कोयला किया तैयार

*__नई दिल्ली।__ खान मंत्रालय ने कहा कि जून में घरेलू खनिज उत्पादन 7.6 फीसदी बढ़ा. मंत्रालय ने एक बयान में कहा, खनन एवं उत्खनन क्षेत्र के खनिज उत्पादन का सूचकांक जून 2023 में 122.3 के साथ 2022 के इसी जून महीने की तुलना में 7.6 प्रतिशत वृद्धि की है. अप्रैल-जून, 2023-24 की अवधि के लिए कुल वृद्धि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 6.3 प्रतिशत है.*

जून 2023 में महत्वपूर्ण खनिजों का उत्पादन स्तर इस प्रकार था- कोयला 739 लाख टन, लिग्नाइट 33 लाख टन, प्राकृतिक गैस (उपयोग) 2845 मिलियन घन मीटर, पेट्रोलियम (कच्चा) 24 लाख टन, बॉक्साइट 1991 हजार टन, क्रोमाइट 399 हजार टन, कॉपर सांद्र 9 हजार टन, सोना 101 किलोग्राम, लौह अयस्क 229 लाख टन, सीसा सांद्र 33 हजार टन, मैंगनीज अयस्क 303 हजार टन, जस्ता सांद्र 140 हजार टन, चूना पत्थर 373 लाख टन, फॉस्फोराइट 126 हजार टन और मैग्नेसाइट 10 हजार टन है.जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, जून 2022 की तुलना में जून 2023 के दौरान सकारात्मक वृद्धि दिखाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों में मैंगनीज अयस्क (27 प्रतिशत), मैग्नेसाइट (21.6 प्रतिशत), सोना (18.8 प्रतिशत), क्रोमाइट (16.6 प्रतिशत), लौह अयस्क (14 प्रतिशत), चूना पत्थर (10.7 प्रतिशत), कोयला (9.7 प्रतिशत), लीड कॉन्स. (7.6 प्रतिशत), प्राकृतिक गैस (यू) (3.6 प्रतिशत) और बॉक्साइट (1.9 प्रतिशत) हैं.मंत्रालय ने कहा है, ठीक इसी समय बाकी अन्य खनिज में नकारात्मक वृद्धि दिख रही है, जिसमें पेट्रोलियम (कच्चा) (-0.5 प्रतिशत), जिंक सांद्रण (-1.5 प्रतिशत), तांबा सांद्रण. (-3.5 प्रतिशत), लिग्नाइट (-29.6 प्रतिशत) और फॉस्फोराइट (-33.3 प्रतिशत), शामिल हैं.

## शेयर बाजार में तगड़ी गिरावट

**मुंबई।** अमेरिकी और एशियाई बाजारों में गिरावट के बीच शुक्रवार को भारतीय बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। करीब 450 अंकों खराब शुरुआत के बाद बाजार में दिन भर बिकवाली का दौर जारी रहा और कारोबार के अंत में शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ।



कारोबार की समाप्ति के समय बीएसई सेंसेक्स 365.83 अंकों की गिरावट के साथ 64,886.51 अंकों पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एनएसई का निफ्टी भी 143.70 अंकों की बड़ी गिरावट के साथ 19,243.00 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों की बात की जाए तो सिर्फ 7 शेयर ही तेजी के साथ बंद होने में कामयाब हो पाए। तेजी दर्ज करने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, एक्सिस बैंक शामिल हैं। वहीं आज एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा 2 फीसदी से ज्यादा टूट गया। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू, इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, आईटीसी, महिंद्रा और एनटीपीसी के शेयर सबसे ज्यादा टूटे। आज के कारोबार में सबसे ज्यादा उठापटक जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों में देखने कोमिली। कारोबार की शुरुआत में यह शेयर लोअर सर्किट में था। वहीं एक घंटे के भीतर यह अपर सर्किट में आ गया। इसके बाद यह आंख मिचौली का खेल चलता रहा। बाजार बंद होने के समय 2.83 प्रतिशत की तेजी के साथ यह शेयर 6.10 अंकों की तेजी के साथ 222.00 पर बंद हुआ।

# धान की बोआई 4.41 फीसदी बढ़ी, दलहन-तिलहन फसलों के रकबे में सुधार

*__नई दिल्ली।__ खरीफ फसलों की बोआई में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इन फसलों का रकबा 10.5 करोड़ हेक्टेयर को पार कर गया है। इस सप्ताह दलहन व तिलहन फसलों के रकबा में सुधार देखा गया। इनकी बोआई में आ रही गिरावट पिछले सप्ताह के मुकाबले इस सप्ताह कम रही। खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान की बोआई में 4 फीसदी से ज्यादा इजाफा हुआ है। सोयाबीन, बाजरा, मक्का के रकबा में भी वृद्धि हुई है। अरहर, मूंग, ज्वार, मूंगफली व कपास के रकबा में गिरावट दर्ज की गई।*



खरीफ फसलों का रकबा बढ़कर 10.53 करोड़ हेक्टेयर

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 25 अगस्त को समाप्त सप्ताह तक 10.53 करोड़ हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि के 10.49 करोड़ हेक्टेयर से 0.35 फीसदी ज्यादा है। खरीफ सीजन की सबसे बड़ी फसल धान की बोआई 4.41 फीसदी बढ़कर 3.84 करोड़ हेक्टेयर हो गई। गन्ने का रकबा 0.85 फीसदी बढ़कर 56.06 लाख हेक्टेयर,जबकि कपास का रकबा 1.82 फीसदी गिरकर 122.56 लाख हेक्टेयर रह गया।

**दलहन फसलों की बोआई 8.30 फीसदी घटी** - दलहन फसलों की बोआई में इस सप्ताह कुछ सुधार देखा गया। इस सप्ताह तक 117.44 लाख हेक्टेयर में दलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की बोआई 128.07 लाख हेक्टेयर से 8.30 फीसदी कम है। पिछले सप्ताह तक दलहन फसलों के रकबा में 9.16 फीसदी कमी आई थी, जो इस सप्ताह घटकर 8.30 फीसदी रह गई। अरहर का रकबा 5.13 फीसदी घटकर 42.11 लाख हेक्टेयर, मूंग का रकबा 8.10 फीसदी घटकर 30.64 लाख हेक्टेयर और उड़द का रकबा 13.81 फीसदी घटकर 31.10 लाख हेक्टेयर रहा।

**तिलहन फसलों का रकबा सुधरा** - इस सप्ताह तिलहन फसलों की बोआई में भी सुधार देखा गया है। पिछले सप्ताह तक इनके रकबा में 1.68 फीसदी गिरावट आई थी, जो सप्ताह घटकर 0.95 फीसदी रह गई है। 25 अगस्त तक 188.58 लाख हेक्टेयर में तिलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की 190.38 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 0.95 फीसदी कम है। खरीफ सीजन की प्रमुख तिलहन फसल सोयाबीन का रकबा 0.90 फीसदी बढ़कर 124.71 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। खरीफ सीजन की दूसरी प्रमुख तिलहन फसल मूंगफली का रकबा 3.31 फीसदी घटकर 43.27 लाख हेक्टेयर रह गया। तिल का रकबा 7.32 फीसदी गिरावट के साथ 11.80 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। अरंडी का रकबा 17.89 फीसदी बढ़कर 7.67 लाख हेक्टेयर हो गया।

**मोटे अनाजों की बोआई 1.15 फीसदी बढी** - चालू खरीफ सीजन में अब तक 178.33 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 176.31 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 1.15 फीसदी अधिक है। बाजरा का रकबा 0.97 फीसदी बढ़कर 70 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। मक्का की बोआई भी 2.62 फीसदी बढ़कर 82.09 लाख हेक्टेयर और रागी का रकबा 2.29 फीसदी बढ़कर 7.63 लाख हेक्टेयर रहा। हालांकि ज्वार का रकबा 7.69 फीसदी घटकर 13.84 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एकस्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60450 चांदी टंच- 74200
चांदी रिफाइन -75500

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60450 चांदी टंच- 74200
चांदी रिफाइन -75500


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.64 |
| एक यूरो | 89.56 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104.51 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.17 |
| एक जापानी येन | 0.56 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-118 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 65 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# त्यौहारों में छोटा कर्ज लिया तो बढ़ जाएगी परेशानी, चुकाना पड़ सकता है ज्यादा ब्याज!

*__नई दिल्ली।__ यदि आप भी आगामी त्योहारी सीजन में किसी वस्तु को खरीदने के लिए छोटा लोन लेने की योजना बना रहे हैं तो आपको ज्यादा ब्याज चुकाना पड़ सकता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने संकेत दिया है कि यदि महंगाई नियंत्रण में नहीं आती है तो इसे काबू में करने के लिए बैंक दरों में बढ़ोतरी की जा सकती है। यदि ऐसा हुआ तो इसका सीधा असर होम लोन या छोटे कर्ज पर पड़ सकता है और पहले से चली आ रही ईएमआई में बढ़ोतरी हो सकती है।*




30-31 अगस्त को रक्षाबंधन के साथ ही देश में त्योहारों के सीजन की शुरुआत हो जाएगी। इसके बाद नवरात्रि, दशहरा और दीपावली के त्योहार आएंगे जो व्यापार के लिहाज से सबसे तेजी के दिन माने जाते हैं। इस दौरान अपने करीबी लोगों को उपहार देने के लिए लोग वस्तुओं की खरीद करते हैं, या इन्हें किस्तों पर लेते हैं। ऐसी वस्तुओं में मोबाइल, टीवी, फ्रिज, मोटरसाइकिल या लैपटॉप जैसी चीजें ज्यादा होती हैं। इस बार इन चीजों की खरीद पर आपको ज्यादा ब्याज चुकानी पड़ सकती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एमपीसी की पिछली मीटिंग के बाद रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर ही रखने का निर्णय किया था। इसे लोगों पर ईएमआई की मार और ज्यादा न बढ़ाने वाला निर्णय माना गया था। लेकिन जिस तरह खुदरा महंगाई की दर में तेज बढ़ोतरी देखी जा रही है, आरबीआई को एक बार फिर रेपो दरों को लेकर कड़ा निर्णय करना पड़ सकता है। अप्रैल 2022 में खुदरा महंगाई दर 7.79 प्रतिशत तक पहुंच गया था। इसके बाद आरबीआई ने रेपो दरों के जरिए इसे नियंत्रित करना शुरू किया और इसका परिणाम रहा कि खुदरा महंगाई दर छ: प्रतिशत के करीब आ गई। लेकिन एक बार फिर खुदरा महंगाई दर बढ़ने से परेशानी बढ़ गई है।

**बढ़ जाता है छोटे कर्ज का दायरा** - जानकारों का कहना है कि त्योहारी सीजन में सामान्य दिनों की तुलना में छोटा कर्ज लेने की संख्या तीन गुना से भी ज्यादा हो जाती है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ अब ग्रामीण इलाकों में भी छोटा कर्ज लेने का चलन बढ़ रहा है।


## लंबे समय तक ब्याज दरों के ज्यादा रहने से अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है असर-वित्त मंत्री

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि लंबे समय ब्याज दरों के ज्यादा रहने से इकोनॉमिक रिकवरी पर असर पड़ सकता है. वित्त मंत्री ने कहा कि महंगाई को कम करने के लिए ब्याज दरों को एक मात्र सोल्यूशन के तौर पर इस्तेमाल किए जाने का बड़ा जोखिम है.उन्होंने आरबीआई जैसे सेंट्रल बैंकों को नसीहत देते हुए कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के साथ ही आर्थिक विकास की प्राथमिकताओं पर भी ध्यान देना उतना ही जरुरी है.

**शानदार रह सकता है जीडीपी का आंकड़ा** - राजधानी दिल्ली में बी-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में जीडीपी आंकड़ा बेहतर रह सकता है. मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने पिछले नौ साल में आर्थिक सुधारों को तेजी से आगे बढ़ाया है. वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर पर ज्यादा खर्च किए जाने के प्रावधान से अब के सकारात्मक संकेतों को अब महसूस किया जा सकता है।

## रिलायंस जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को बड़ी राहत, शेयरों में आई तेजी

*__नई दिल्ली।__ रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के लिए बड़ी खुशखबरी है। लगातार लग रहे लोअर सर्किट के बीच जियो फाइनेंशियल को बड़ी राहत मिली है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने शुक्रवार को जियो फाइनेंशियल के शेयरों को सेंसेक्स और दूसरे इंडेक्स से बाहर करना 3 और दिनों के लिए टाल दिया है।कंपनी के शेयर 21 अगस्त को एक्सचेंज में लिस्ट हुए हैं।*



जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शेयर अब 1 सितंबर को ट्रेडिंग ओपन होने से पहले सभी एसएंडपी बीएसई इंडेक्स से बाहर होंगे। बीएसई इंडेक्स ने एक सर्कुलर में कहा है, चूंकि, कंपनी के शेयरों ने 24 अगस्त और 25 अगस्त को लगातार 2 दिन लोअर सर्किट लिमिट को हिट किया है, ऐसे में कंपनी के शेयरों को एसएंडपी बीएसई इंडेक्स से हटाया जाना 3 और दिन के लिए टाल दिया गया है। अब जीएफएसएल के शेयर शुक्रवार 1 सितंबर 2023 को ट्रेडिंग खुलने से पहले सभी बीएसई इंडेक्स से रिमूव होंगे।जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों ने शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन लोअर सर्किट हिट किया। शुरुआती कारोबार में कंपनी के शेयर 5 पर्सेंट के लोअर सर्किट के साथ बीएसई में 205.15 रुपये पर पहुंच गए। हालांकि, इसके बाद कंपनी के शेयरों में रिकवरी देखने को मिली। जियो फाइनेंशियल के शेयर फिलहाल 4 पर्सेंट की तेजी के साथ 225 रुपये पर पहुंच गए हैं। जियो फाइनेंशियल के शेयर बीएसई में 265 रुपये पर लिस्ट हुए थे। इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हस्ब इंडेक्स भी कंपनी के शेयरों को हटाने को टाल सकते हैं। नुवामा ने कहा है कि दोनों इंडेक्स की टोटल सेलिंग करीब 150-160 मिलियन शेयर की है।

## चिंगारी ने दो माह में 50 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** घरेलू शॉर्ट-वीडियो मेकिंग प्लेटफॉर्म चिंगारी ने फंड की कमी के बीच अपने दूसरे दौर की नौकरी में केवल दो महीनों में 50 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों की छंटनी कर दी है। अग्रणी स्टार्टअप समाचार कवरेज पोर्टल इंक42 की रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि कंपनी के छंटनी के नवीनतम दौर ने उत्पाद, ग्राहक सहायता, डिजाइन और मार्केटिंग टीमों के कर्मचारियों को प्रभावित किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शॉर्ट-वीडियो मेकिंग प्लेटफॉर्म ने अपने कुछ कर्मचारियों को अपने खर्चों में कटौती करने के लिए 50 प्रतिशत तक वेतन कटौती करने के लिए भी कहा है। स्टार्टअप का लक्ष्य धन जुटाना है, लेकिन यह लंबे समय से उचित परिश्रम प्रक्रिया में फंसा हुआ है। कथित तौर पर चिंगारी में अब लगभग 50-60 कर्मचारी बचे हैं। इस साल जून में, चिंगारी ने संगठनात्मक पुनर्गठन के हिस्से के रूप में अपने 20 प्रतिशत कार्यबल को हटा दिया था।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने अगस्तल 2023 के लिये एक्सचेंज कार्निवल लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** मॉडल अपडेट्स और ग्राहक सेवा की पहलों को जारी रखते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया ने अगस्त- 2023 के लिये एक्सचेंज कार्निवल लॉन्च किया है। इसमें ग्राहक के लिये फायदेमंद कई डील्स, डिस्काउंट्स और सर्विस, मेंटेनेन्स तथा वारंटी के पैकेजेस शामिल हैं, जो उनकी नई स्कोंडा कारों का मालिक बनने के अनुभव को और भी बेहतर बनाएंगे। इस एक्सचेंज कार्निवल का मकसद स्कोडा खरीदने की चाहत रखने वाले ग्राहकों को स्वामित्व का बेहतरीन अनुभव और महत्व प्रदान करना है। अगस्त 2023 के लिये एक्सेचेंज कार्निवल सुनिश्चित करता है कि ग्राहकों को कार खरीदने और एक्स चेंज करने का यादगार तथा उच्च महत्व वाला अनुभव मिले और इसके लिये मेंटेनेन्स और वारंटी के कुछ बेजोड़ पैकेज ऑफर किये गये हैं, जो सुनिश्चित करते हैं कि ग्राहक स्कोडा की कारों का मजा लेते रहें और स्वामित्व का अनुभव परेशानी से मुक्त रहे। एक्सचेंज कार्निवल के तहत, स्कोडा ऑटो इंडिया 60,000 रूपये तक के फायदे और 70,000 रूपये तक के कॉर्पोरेट फायदों की पेशकश कर रही है। इच्छा होने पर ग्राहक अपनी मौजूदा कार लेकर आ सकता है और स्कोडा लेकर लौट सकता है, वह भी सबसे तेज और परेशानी से मुक्त, सिंगल विंडो, सिंगल-टाइम एक्सचेंज, खरीदी एवं डॉक्यूमेंटेशन के अनुभव के साथ। इसमें मौजूदा कार का उच्चतम संभव मूल्य मिलता है और ब्राण्ड न्यू स्कोडा के लिए वे कुछ खरीदारी लाभ, मेंटेनेन्स और वारंटी पैकेज प्राप्त कर सकते हैं। इस एक्सचेंज कार्निवल में पुरानी कारों के लिये सबसे अच्छे दामों के अलावा, ग्राहकों को नई स्कोडा कारों के लिये 4 साल का कॉम्लीन् मेंटरी सर्विस और मेंटेनेन्स पैकेज भी मिलेगा। इसके अलावा, ग्राहकों को 4000 रूपये तक के विस्तारित वारंटी के फायदे भी मिलेंगे और इस तरह यह एक्सचेंज कार्निवल अपनी पुरानी कारों के लिये पूरे दाम पाने और स्कोडा के स्वामित्व के बेजोड़ अनुभव के लिये वारंटी तथा मेंटेनेन्सं के पैकेज लेने का बिलकुल सही समय है।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# मुख्यमंत्री शिवराज ने सम्मेलन में लाड़ली बहनों से बंधवाई राखी, कटंगी-पौड़ी को तहसील बनाने की घोषणा



## मुख्यमंत्री के जनदर्शन में उमड़ा जनसैलाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आगमन हुआ। जनदर्शन यात्रा से पहले सीएम गुबरा गांव पहुंचे। जहां पर आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन बहनों से राखी बंधवाते हुए कहा कि उन्हें इस राखी के धागे की कसम है। जब तक वह बहनों को सम्मान का जीवन नहीं दिलवा देंगे तब तक काम करते रहेंगे। इस मौके पर उन्होने कटंगी व पौड़ी को तहसील बनाने की घोषणा की। इस मौके पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि यदि कांग्रेस आई तो कई योजनाएं बंद हो जाएगी। इसके पहले भी जब कांग्रेस की सरकार आई थी। तब उन्होंने कन्यादान योजना का पैसा नहीं दिया था। छात्रों को मिलने वाली योजनाओं का पैसा बंद हो जाएगा। मजदूरों को मिलने वाली संबल योजना का पैसा बंद हो जाएगा। इसलिए दोबारा से भारतीय जनता पार्टी को चुनाव में जिताएं. मुख्यमंत्री ने सीएम जन आवास योजना की भी घोषणा करते हुए कहा कि जिन लोगों को प्रधानमंत्री



आवास के तहत मकान नहीं मिले हैं। उन्हें सीएम जन आवास योजना के तहत मकान दिलाने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर सीएम ने कटंगी व पौड़ी को तहसील बनाने की घोषणा की। उन्होने कहा कि जल्द ही जल्द ही इन दोनों ही तहसीलों को बनाने का आदेश जारी कर दिया जाएगा।

### उत्तर एवं पूर्व विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

पूर्व एवं उत्तर विधानसभा में निकली मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह जगह भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जबलपुर महानगर की पूर्व एवं उत्तर विधानसभा में जनदर्शन यात्रा निकाली। मुख्यमंत्री के साथ सांसद राकेश सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी अंचल सोनकर, पूर्व विधायक शरद जैन, अभिलाष पांडे ने जनदर्शन रथ में सवार होकर लोगो का अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री की जनदर्शन यात्रा पूर्व विधानसभा के शीतलामाई मंदिर क्षेत्र से प्रारम्भ हुई, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद यात्रा घमापुर चौक, बेलबाग, छोटी ओमती होते हुए बड़ी ओमती पहुंची। जहां से उत्तर विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने उनकी अगवानी की यहां से यात्रा करमचंद चौक, मालवीय चौक होते हुए गोलबाजार पहुंची। जहां मुख्यमंत्री ने सुराज कॉलोनी योजना एवं अनाधिकृत कॉलिनी में अधोसंरचना विकास एवं भवन अनुज्ञा प्रदाय कार्यक्रम को संबोधित किया।

### काला झंडी दिखाते कांग्रेस नेता गिरफ्तार



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के रोड शो के दौरान पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। इन्हें कलेक्ट्रेट ऑफिस के सामने से गिरफ्तार किया गया है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के विष्णु विनोदिया ने बताया कि शिवराज सिंह चौहान फिर जनता से फिर झूठे वादे कर रहे हैं। कांग्रेस नेता विष्णु विनोदिया, महिला उत्पीड़न संगठन की अध्यक्ष शोभा उपाध्याय एवं उनके साथियों विकास जाट, आसिफ खान, गणेश सिंह ठाकुर, आकाश श्रीपाल, कोमल रैकवार शहर के विभिन्न मार्गो से और भी कांग्रेस जनों को गिरफ्तार किया गया है।

### काले कपड़े पहन युवक कांग्रेस एनएसयूआई ने दिखाए काले झंडे



युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव सक्षम गुलाटी एवं अमन अरबी के नेतृव मे 18 सालो से भ्रष्टाचार मे लिप्त 50 प्रतिशत कमिशन की भाजपा सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान के जबलपुर आगमन पर युवक कांग्रेस एनएसयूआई ने काले झंडे दिखाए। इस दौरान पुलिस ने बलपूर्वक पुलिस ने प्रमुख रूप से आसिफ कुरैशी, राहुल बघेल, नीतू अन्ना, रोहित यादव, चीनू ठाकुर, बिट्टू पटेल, आशु साहू, ऋषभ दुबे, सफी खान आदि को गिरफ्तार किया गया।

# एमपीपीएससी की इंटरव्यू सिलेक्शन लिस्ट को हाईकोर्ट ने किया निरस्त, 250 अभ्यार्थियों को मिली राहत



**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपीपीएससी ने हाईकोर्ट का पालन न कर नॉर्मलाइजेशन लिस्ट जारी की थी, जिसे हाईकोर्ट ने निरस्त कर दिया है और नई लिस्ट बनाने का आदेश जारी किया है। एमपीपीएससी 2019 की परीक्षा में नया कानूनी पेंच फंस गया है। हाईकोर्ट जस्टिस जीएस आहलुवालिया की एकलपीठ ने माना है कि नॉर्मलाइजेशन लिस्ट जारी करने में एमपीपीएससी ने पूर्व में पारित एकलपीठ के आदेश का पालन नहीं किया है। एमपीपीएससी को कोई दुविधा थी तो उसे न्यायालय की शरण लेना थी। अभ्यार्थियों द्वारा न्यायालय की शरण ली जा रही है। एकलपीठ ने एमपीपीएससी द्वारा इंटरव्यू के लिए बनाई लिस्ट को निरस्त करते हुए पुन: नॉर्मलाइजेशन लिस्ट बनाने के आदेश जारी किये हैं। एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को अंतरित प्रदान करते हुए इंटरव्यू में शामिल करने के आदेश जारी किये हैं। याचिकाकर्ता वैशाली वाधवानी तथा अन्य लगभग 250 अभ्यार्थियों की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट ने अपने पूर्व के आदेश में मुख्य परीक्षा में चयनित 1918 अभ्यार्थियों तथा विशेष चयनित 2712 अभ्यार्थियों के रिजल्ट नॉर्मलाइजेशन कर इंटरव्यू की लिस्ट जारी करे। पीएससी ने उन अभ्यार्थियों को भी शामिल कर लिया है, जिन्होंने मुख्य परीक्षा क्लीयर नहीं की थी। मुख्य परीक्षा में चयप होने के बावजूद भी उन्हें इंटरव्यू से वंचित कर दिया। याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया कि इंटरव्यू की प्रकिया जारी है। एकलपीठ ने अपने आदेश में चार बिंदुओं का निर्धाकरण करते हुए अपने आदेश में कहा है कि नियम 2015 के पूर्व का नियम पालन किया जाये। एकलपीठ के पूर्व में पारित आदेशानुसार मुख्य परीक्षा के आधार पर नयी सिलेक्शन लिस्ट बनाई जाये। एकलपीठ ने अभ्यार्थियों को अंतिम राहत प्रदान करते हुए उनका सिलेक्शन किये जाने के आदेश जारी किये हैं।

उल्लेखनीय है कि जस्टिस नंदिता दुबे की एकलपीठ ने मुख्य परीक्षा में चयनित अभ्यार्थियों तथा विशेष अभ्यार्थियों की अलग-अलग सूची तैयार कर इंटरव्यू के लिए नार्मलाइजेशन लिस्ट जारी करने के आदेश दिये थे। मुख्य परीक्षा में चयनित नहीं होने वालों को उन्होंने इंटरव्यू में शामिल नहीं करने के आदेश जारी किये थे।

# कटनी रोड पर बस पलटी, तीन की मौत, 24 से अधिक घायल





## खिड़कियों को कांच तोड़कर निकाले गए यात्री

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्लीमनाबाद-उमरियापान जिला कटनी रोड पर शुक्रवार को उस वक्त चीख पुकार मच गई। जब यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटने से तीन यात्रियों के शरीर पर गंभीर चोटें आने से मौत हो गई। वहीं 24 यात्रियों के शरीर पर गंभीर चोटें आई, दुर्घटना होते देख आसपास के लोग पहुंच गए, जिन्होंने बस की खिड़कियों के कांच तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। वहीं हादसे की जानकारी लगते ही एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी तत्काल मौके पर पहुंच गए थे। जिन्होंने घायलों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार स्लीमनाबाद से यात्रियों को लेकर बस का चालक ढीमरखेड़ा के लिए रवाना हुआ। बस सलैया फाटक की ओर बढ़ रही थी, इस दौरान चालक अपना संतुलन खो बैठा और बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों की चीख पुकार मच गई। बस पलटते देख राह चलते लोग रुक गए, वहीं आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। खबर मिलते ही एसडीओपी अखिलेश गौर, स्लीमनाबाद, उमरियापान व ढीमरखेड़ा थाना पुलिस भी पहुंच गई। घायलों को बस में चढ़कर, कांच फोड़कर किसी तरह बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में चंद्रभान वासुदेव, वीरेन्द्र वासुदेव व निकित वासुदेव की मौत हो गई। वहीं बस में सवार अनीता बाई, जगन्नाथ, सुमन बाई, केशबाई, राममिलन कोल, खोबे लाल, कल्लू कोल, सावित्री चक्रवर्ती, रितिक काछी, अनिल जोगी, रश्मि काछी, केश्वाल मेहरा, रामचरण चौधरी, सुनीत, राधा कुम्हार, आशा कुम्हार, भीम कोल, देवीदीन कोल, रिमया साहू सहित अन्य को चोटें आई है। घटना के बाद इस रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे, पुलिस ने क्रेन की मदद से बस को हटवाया, इसके बाद यातायात शुरु हो सका।

# बिना घूंघट डाले घर के बाहर झाड़ू लगाने पर महिला का सिर फोड़ा, गली में घसीट-घसीटकर पीटा

**छतरपुर, देशबन्धु।** देश आज विकासशील से विकसित होने की ओर अग्रसर है। लेकिन आज भी यहां धर्म-जात, पात और रूढ़ीवाद नासूर बना हुआ है। सरकार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दे रही है। जिसमें बेटियां पढ़ लिखकर आगे बढ़ रही हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में रूढ़ीवाद के चलते बेटियों के साथ मारपीट की जा रही है। जिसकी बानगी छतरपुर जिले में देखने को मिली है। यहां पर एक मोहल्ले के एक व्यक्ति ने महिला को सिर्फ इसलिये बेरहमी से पीटा क्योंकि महिला ने घर के बाहर झाडू लगाते समय उसे देखकर घूंघट नहीं डाला। जिससे आक्रोशित व्यक्ति ने महिला को गली में लाठी से पीटकर घसीट-घसीटकर मारा और सिर फोड़ दिया। ाडू लगा रही थी। महिला को लहूलुहान स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है।



जानकारी के मुताबिक मामला छतरपुर जिले के हरपालर्पुय महिला मंजू श्रीवास पति मलखान श्रीवास के साथ मारपीट हुई है। उसका आरोप है कि वह घर के बाहर दरवाजे के पास सड़क पर झाड़ू लगा रही थी। तभी गांव का रहने वाला रामसहाय अहिरवार निकला तो गालियां देते हुए बोला कि तुमने मुझे देखकर घूंघट क्यों नहीं किया तो मैंने बोला कि तुम्हें कई बार निकलना है, हम कहां तक घूंघट करें। इसी बात को लेकर उसे रास नहीं आया और रामसराह ने उसकी लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। वहीं आरोपी द्वारा मारपीट के बाद उसे गली में घसीट-घसीट कर पीटा गया। बाद में उसके पड़ोसियों ने उसे संभाला और घर के अंदर ले गए। उसके बाद पीड़ित महिला को नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। महिला की शिकायत पर चौकी प्रभारी राम प्रकाश अहिरवार द्वारा आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# रिहायशी इलाके में हिरण का शिकार, वन विभाग जांच में जुटा

**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में किसी जंगली जानवर ने एक हिरण का शिकार किया। जिसके बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। छिंदवाड़ा में आसपास के जंगलों में कई जानवर है जो रास्ता भटक कर शहरों की ओर आ जाते हैं। ऐसा अंदाजा लगाया जा रहा है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हिरण के शिकार के बाद वन विभाग की टीम भी पहुंच गई है। टीम पूरे क्षेत्र में सर्चिंग अभियान चला रही है, लेकिन कहीं भी कोई पगमार्क नज़र नहीं आया है। रेंज ऑफिसर पंकज शर्मा ने बताया कि जिस तरह से हिरण का शिकार किया गया है, उसे देखकर लग रहा है कि किसी वन्य प्राणी ने ही उस पर अटैक किया होगा। 11 सदस्यों की टीम इस वन्य प्राणी के मूवमेंट पर नजर रख रही है, हालांकि कहीं भी किसी तरह का कोई पगमार्क नहीं मिला है। आशंका जताई जा रही है कि पिछले दिनों एक मादा तेंदुआ नर्सरी की तरह मूवमेंट कर रही थी, ऐसे में शायद वही इस इलाके में पहुंची है ऐसी आशंका है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व में भी यहां रहने वाले मोहगांवकर दंपती के मकान में देर रात एक वन्य प्राणी ने हिरण का शिकार किया था।

### तेंदूए के होने की आशंका

# बकरी चोरी के आरोप में आदिवासी पिता-पुत्र से दबंगों ने चटवाया पैर

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट जिले से शर्मनाक घटना प्रकाश में आयी है। यहां के वारासिवनी के ग्राम बकेरा में एक आदिवासी पिता-पुत्र ने बकरी के मालिक, उपसरपंच, बीडीसी सहित अन्य पर अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हम पर बकरी चोरी का झूठा आरोप लगाते हुए 6000 रूपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं बकरी मालिक बलिराम भगत और उपसरपंच प्रताप बिसेन ने हमसे अपने पैर तक चटवाए।

पीड़ित परिजनों ने अब वारासिवनी एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ितों के मुताबिक ये घटना 14 अगस्त की है। जब बलिराम भगत बकेरा निवासी की एक बकरी चोरी हो गई। जिसका आरोप बकरी चराने वाले आदिवासी घनश्याम टेकाम और उसके पुत्र राम टेकाम पर लगाया गया। चोरी की लिखित शिकायत रामपायली थाने में की गई, जिसके बाद शाम को गांव में बैठक की गई और पिता-पुत्र पर बकरी चोरी करने को लेकर 6000 रूपये जुर्माना लगाया गया।

इसके बाद 17 अगस्त को बकरी मालिक बलिराम भगत और उपसरपंच प्रताप बिसेन ने 17 अगस्त को उन्हें गांव में बुलाया। बकरी मालिक और उपसरंपच ने इन दोनों से जुर्माने की राशि वसूलने के साथ उनके साथ मारपीट और अभद्रता की। इसके बाद दोनों ने पिता-पुत्र से अपने पैर तक चटवाए। इसकी जानकारी जैसी ही लोगों को हुई



तो आक्रोश बढ़ गया। 24 अगस्त को वारासिवनी में पीड़ित परिवार ने सामाजिक लोगों के साथ मिलकर रैली निकाल कर इस अमानवीय घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। पीड़ित परिवार एसडीएम कामिनी ठाकुर से मिला और इस मामले में अपनी शिकायत दर्ज कराई। आदिवासी राम टेकाम की मानें तो वह गांव के ही पास बकरी चराने के लिए गया हुआ था। घर पर गांव के बलीराम भगत आए और कहने लगे कि बकरी चोरी की है। शाम को मीटिंग में जुर्माना वसूला। दूसरे दिन फिर मारपीट कर पैर चटवाया गया। वारासिवनी एसडीएम कामिनी ठाकुर ने कहा कि एक आदिवासी परिवार ने मुझे ज्ञापन सौंपा है। इसकी जांच की जायेगी।


ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये

FREE FREE FREE FREE

जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान

(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)

LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)



हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,

7828416648,7987003927

239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.

कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किश्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।

441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर

मो. 9200000162 फोन- 2626496


# लद्दाख में ड्यूटी के दौरान शहीद हुआ सतना का बेटा, बस खाई में गिरने से हुए थे घायल

**सतना, देशबन्धु।** लद्दाख के क्यारी से 7 किलोमीटर पहले सेना के जवानों की बस काई में गिरी थी। नौ लोगों की मौत हो गई थी। इसी हादसे में सतना का बेटा विवेक पांडे भी घायल हुआ था। जिसकी दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। सतना में पैतृक गांव में आज शनिवार को सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

विवेक सात साल पहले ही सेना में भर्ती हुए थे। वे सिपाही के पद पर तैनात थे। बीते 19 अगस्त को सेना के एएलएस वाहन का काफिला जा रहा था। लद्दाख के क्यारी से 7 किलोमीटर पहले ही यह वाहन सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा। इस दुर्घटना में दो जेसीओ और सात जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद रेस्क्यू करके घायल जवान विवेक पांडे को निकाला गया था।


सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 110

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112

छोटा ब्रॉयलर - रु. 114

मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 118

मुर्गा मीडियम - रु. 116

मुर्गा बड़ा - रु. 114

मुर्गा जम्बो - रु. 114

मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888

FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS

समदड़िया सिनेमा

MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)

DREAM GIRL-2
09:15 AM 10:00 AM
12:30 PM 03:00 PM
05:45 PM 06:30 PM
08:15 PM 09:00 PM
10:45 PM

GADAR-2
10:00 AM 12:00 PM
01:15 PM 04:15 PM
05:00 PM 07:30 PM
10:45 PM

GRAN TURISMO IN HINDI 09:30 AM

AKELLI 02:45 PM

OMG-2
11:45 AM 03:15 PM
08:00 PM 11:30 PM

JAILER IN HINDI 11:00 PM